

युद्धविराम को लेकर संशय सेंसेक्स 931 अंक लुढ़का निफ्टी भी गिरा - 12



अमेरिका के साथ रक्षा उद्योग प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला संबंध गहरा करने के प्रयास - 13




ईरान युद्ध के कारण वैश्विक खाद्य कीमतों में वृद्धि का खतरा - 13



आरसीबी रॉयल्स मैच में नजरें शीर्षक्रम के बल्लेबाजों पर। - 14


आज का मौसम 29.0° अधिकतम तापमान 19.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 05.55 सूर्यास्त 06.38

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष अष्टमी 11:15 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 7, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# ईरान ने होर्मुज में बिछाईं बारूदी सुरंगें

## संकट में युद्धविराम...तेहरान की अर्ध-सरकारी न्यूज एजेंसियों ने जारी किया होर्मुज का नक्शा | अमेरिका और ईरान के बीच समझौतों पर वार्ता आज, जेडी वेंस इस्लामाबाद पहुंचे

- ईरान ने कहा- लेबनान में हिजबुल्ला पर इजराइल के हमलों का कड़ा जवाब देंगे

दुबई/इस्लामाबाद, एजेंसी

ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर कालिबाफ ने गुरुवार को चेतावनी दी कि यदि लेबनान में हिजबुल्ला पर इजराइल के हमले जारी रहे तो इसके स्पष्ट नतीजे सामने आएंगे और कड़ा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने अन्य ईरानी अधिकारियों की तरह इस बात पर जोर दिया कि दो सप्ताह का युद्धविराम लेबनान में भी लागू होता है, जिसे इजराइल और अमेरिका दोनों ने नकार दिया है। कालिबाफ के नाम पर संभावित वार्ताकार के रूप में चर्चा हो रही है, जो इस्लामाबाद में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात कर सकते हैं।

वहीं, ईरान की अर्धसरकारी समाचार एजेंसियों ने एक चार्ट प्रकाशित किया जिससे संकेत मिला कि देश के अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड ने युद्ध के दौरान होर्मुज में समुद्री सुरंगें बिछाई हैं। इसे ऐसे संदेश के तौर पर देखा जा रहा है जिसका मकसद अमेरिका पर दबाव बनाना है। यह चार्ट ऐसे समय में प्रकाशित हुआ है जब अमेरिका और इजराइल के साथ हुए दो सप्ताह के युद्धविराम को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। पाकिस्तान शुक्रवार को अमेरिका और ईरान के बीच उच्च-स्तरीय वार्ता की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमीरी मोघादम ने तेहरान के प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी की पुष्टि करते हुए इस बात पर जोर दिया कि इजराइल द्वारा युद्धविराम के उल्लंघन के कारण उनके देश में शांति वार्ता को लेकर संदेह बना हुआ है। सूत्रों के हवाले से खबर में कहा गया है 30 सदस्यीय अमेरिकी टीम के बाद उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इस्लामाबाद पहुंच चुके हैं।

वहीं, होर्मुज में समुद्री सुरंगें बिछाने का चार्ट आईएसएनए और तस्नीम समाचार एजेंसी ने जारी किया है जिसे रिवोल्यूशनरी गार्ड का करीबी माना जाता है। चार्ट में पोतों द्वारा उपयोग किए जाने वाले मार्ग ट्रैफिक सेपरेशन स्कीम पर फारसी भाषा में खतरे का क्षेत्र अंकित करते हुए एक बड़ा घेरा दिखाया गया है। इसी क्षेत्र में रिवोल्यूशनरी गार्ड द्वारा बारूदी सुरंगें बिछाई गईं।



लेबनान के बेरूत शहर में बचाव अभियान के दौरान महिला को बचाते दमकलकर्मी।

### यूरेनियम संवर्धन नहीं रोकेगा तेहरान

दुबई। ईरान की परमाणु एजेंसी के प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने कहा कि यूरेनियम संवर्धन के तेहरान के अधिकार की रक्षा करना अमेरिका से किसी भी युद्धविराम वार्ता के लिए आवश्यक है। ऊर्जा संगठन के प्रमुख ने ये टिप्पणियां दिवंगत अयातुल्ला अली खामेनेई की स्मृति में तेहरान में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से कीं। इस्लामी ने कहा, यह उन आवश्यक चीजों में से एक है जिनके बारे में कोई बात नहीं करता।

### लेबनान युद्ध-विराम समझौते में शामिल नहीं : ट्रंप



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि हिजबुल्ला की वजह से लेबनान को युद्ध-विराम समझौते में शामिल नहीं किया गया गया है। उन्होंने लेबनान पर इजराइल के हालिया हमलों के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वह एक अलग लड़ाई है। इस बीच, ईरान ने लेबनान पर हमलों को युद्धविराम का उल्लंघन बताया है। उसने इजराइल द्वारा लेबनान में हमले तेज किए जाने के जवाब में होर्मुज को फिर बंद कर दिया जिससे हाल में हुआ युद्धविराम खतरे में पड़ गया है।

### ईरान होर्मुज में वसूलेगा 1 डालर प्रति बैरल टोल



ईरान ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले सभी टैंकरों पर 1 डॉलर प्रति बैरल का टोल लगाने की योजना है। वह यह टोल क्रिप्टोकरेंसी में तय करेगा और निरीक्षण पूरा होने के कुछ ही सेकंड के भीतर बिटक्वाइन में भुगतान की मांग करेगा। फाइनेंशियल टाइम्स ने ईरान के तेल, गैस और पेट्रोकेमिकल उत्पाद निर्यातकों के संघ के आधिकारिक प्रवक्ता हामिद होसैनी के हवाले से बताया कि ईरान तेल टैंकरों को प्रति बैरल एक डॉलर के शुल्क पर होर्मुज से गुजरने की अनुमति देने के लिए तैयार है।

# बुनकरों के हित में तैयार करें क्लस्टर आधारित नई कार्य योजना : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



एमएसएमई मंत्री और उच्चाधिकारियों संग बैठक करते सीएम।

- उच्चस्तरीय समीक्षा में तय हुई बुनकरों की आय, सम्मान और स्थायित्व को लेकर प्राथमिकताएं
- क्लस्टर आधारित विकास के जरिए बुनकरों को बाजार डिजाइन, तकनीक से जोड़ने का निर्देश

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने बुनकरों के लिए परिणामोन्मुख क्लस्टर आधारित नई कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बुनकर केवल परंपरा के संवाहक नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था के सशक्त आधार हैं। ऐसे में उनकी आय, सम्मान और आजीविका की स्थिरता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

योगी ने गुरुवार को हथकरघा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि वर्तमान में बुनकरों के सामने कच्चे माल की बढ़ती लागत, डिजाइन और आधुनिक तकनीक का अभाव तथा सीमित बाजार पहुंच जैसी चुनौतियां हैं। इन समस्याओं का समाधान केवल योजनागत सहायता से नहीं, बल्कि एक सुदृढ़ एवं समन्वित तंत्र विकसित कर ही संभव है। बैठक में क्लस्टर चयन, बेसलाइन सर्वे, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने, प्रभावी क्रियान्वयन तथा सतत अनुश्रवण जैसे पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक क्लस्टर में सीमित संख्या में बुनकरों को संगठित कर पंजीकृत इकाइयों के रूप में विकसित किया जाए, जिससे सामूहिक उत्पादन और विपणन को बढ़ावा मिले। साथ ही, इन क्लस्टरों को आधुनिक तकनीक, उन्नत उपकरणों और कौशल प्रशिक्षण से जोड़ा जाए, ताकि उत्पादों की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार हो। डिजाइन और विपणन को सुदृढ़ बनाने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्पाद की सफलता बाजार की मांग के अनुरूप होने पर ही संभव है। उन्होंने 'डिजाइनर-कम-मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव' तथा 'डिजाइन हाउस/सोर्सिंग-बाइंग एजेंसी/एक्सपोर्ट हाउस' जैसे संस्थागत तंत्र को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए। इससे उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, बड़े बाजारों तक पहुंच और बुनकरों की आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने डिजिटल प्लेटफॉर्म, ई-कॉमर्स और ब्रांडिंग के विस्तार पर विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि बुनकरों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ा जा सके।

### बिजली बिल में राहत की तैयारी

पॉवरलूम बुनकरों के विद्युत बिल में कमी लाने के लिए हथकरघा विभाग और पावर कॉर्पोरेशन संयुक्त कार्य योजना तैयार करेंगे। मुख्यमंत्री ने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि इससे बुनकरों की लागत घटेगी और उन्हें दीर्घकालिक राहत मिलेगी।

### वैल्यू चेन मॉडल पर होगा विकास

सरकार हथकरघा क्षेत्र को वैल्यू चेन मॉडल पर विकसित करेगी। क्लस्टर केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रहेंगे। बल्कि डिजाइन, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और बाजार तक पहुंच को एकीकृत कर बुनकरों को बेहतर मूल्य और स्थायी बाजार उपलब्ध कराया जाएगा।

## ब्रीफ न्यूज

### निवेश के नाम 74 लाख रुपये की ठगी के दो मामलों में दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने निवेश पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर 74 लाख रुपये की ठगी करने के दो अलग अलग मामलों में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में, ग्रेटर नोएडा निवासी राहुल त्यागी नामक व्यक्ति को 27.82 लाख रुपये की धोखाधड़ी में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता को एक सोशल मीडिया ग्रुप में जोड़ा गया और उसे शेयर बाजार और आईपीओ मंचों में निवेश करने का लालच दिया गया। एक अन्य मामले में, पुलिस ने ग्रेटर नोएडा निवासी रिंकू (36) को 47 लाख रुपये की निवेश धोखाधड़ी में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया।

### नीतीश कुमार शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे

नई दिल्ली। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे। उनके राज्यसभा जाने के साथ बिहार में नई सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त होगा। कुमार गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे और हवाई अड्डे पर जद(यू) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा सहित पार्टी के नेताओं ने उनका स्वागत किया। कुमार ने हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा, मैं यहां शपथ लेने आया हूं। उन्हें राज्यसभा सभापति सी पी राधाकृष्णन के कक्ष में उच्च सदन के सदस्य के रूप में शपथ दिलाई जाएगी।

# बाल तस्करी के मामलों को गंभीरता से लें राज्य, समन्वित कार्रवाई करें

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई, कहा- गिरोह देशभर में सक्रिय
- कहा- तत्काल कदम नहीं उठाए तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाएगी

उच्चतम न्यायालय ने बाल तस्करी के बढ़ते मामलों पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि ऐसा करने वाले गिरोह देशभर में सक्रिय हैं और यदि राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों ने तत्काल कदम नहीं उठाए तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाएगी। कोर्ट ने कहा कि इस संबंध में केवल राज्य सरकार और उसका गृह विभाग ही सतर्कता के साथ कार्रवाई कर सकता है।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने बुधवार को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा, एक न्यायालय के रूप में हम निगरानी कर सकते हैं, लेकिन कार्रवाई अंततः राज्य सरकार, पुलिस और अन्य एजेंसियों को ही करनी है इसलिए यह हमारा विनम्र अनुरोध है। पीठ ने संगठित तस्करी गिरोह को ध्वस्त करने के उद्देश्य से 2025 में सुनाए गए एक फैसले को लागू करने के मामले में कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ढुलमुल रवैये पर नाराजगी जताई।

न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने कहा कि कुछ मामलों में बच्चों को बरामद किया जाना इस बात का प्रमाण है कि इस समस्या से निपटा जा सकता है लेकिन इसके लिए जिस स्तर की राजनीतिक और प्रशासनिक इच्छाशक्ति चाहिए उसका फिलहाल अभाव है। पिछले साल 15 अप्रैल को दिए गए फैसले में कई संस्थागत सुधारों का निर्देश दिया गया था। इनमें तस्करी के मामलों में मुकदमों का निपटारा रोजाना सुनवाई के आधार पर छह महीने के भीतर पूरा करने का निर्देश भी शामिल था।

### कई राज्यों ने निर्धारित प्रारूप में नहीं भेजी रिपोर्ट

पीठ ने बुधवार को कहा कि मध्य प्रदेश, गोवा, हरियाणा, लक्षद्वीप, मिजोरम, ओडिशा और पंजाब ने अब भी निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट दाखिल नहीं की। जब मध्य प्रदेश के गृह सचिव ने इस चूक के लिए माफी मांगी तो पीठ ने 'अंतिम अवसर' दिया और चेतावनी भी दी कि बार-बार विफल रहने पर राज्यों को आधिकारिक रूप से 'आदेश का पालन नहीं करने वाला' घोषित कर दिया जाएगा। पीठ ने कहा कि कम से कम 15 राज्य ऐसे हैं जिन्होंने मानव तस्करी की आशंका वाले क्षेत्रों की पहचान और निगरानी के लिए अनिवार्य समीक्षा समितियों का गठन अभी तक नहीं किया है। इस मामले में आगे की सुनवाई 29 अप्रैल को होगी।

### जांच के मानकों में सुधार करने का भी निर्देश

फैसले में मानव तस्करी निरोधक इकाइयों (एएचटीयू) को मजबूत करने और जांच के मानकों में सुधार करने का भी निर्देश दिया गया था। इससे पहले पीठ ने कुछ राज्यों की ओर से दाखिल अनुपालन रिपोर्ट को महज आंखों में धूल झोंकना करार दिया था।

# असम ने रचा इतिहास, केरलम-पुडुचेरी में रिकॉर्ड मतदान

गुवाहाटी/ तिरुवनंतपुरम/पुडुचेरी, एजेंसी

**85.38%** वोटिंग असम के इतिहास में सबसे ज्यादा

**89.81%** मत पड़े पुडुचेरी में 50 साल बाद

**78.01%** केरलम में 49 साल में दूसरी बार बना रिकॉर्ड

देश के दो राज्यों असम, केरलम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में गुरुवार को विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले गए। चुनाव आयोग के अनुसार रात 8 बजे तक असम में 85.38% मतदान हुआ।

असम के इतिहास में यह सबसे ज्यादा वोटिंग का आंकड़ा है। वहीं, केरलम में पिछले 49 सालों में दूसरी सबसे ज्यादा वोटिंग हुई, यहां 78.01% वोट डाले गए। 1977 में रिकॉर्ड 79.2% मतदान हुआ था। वहीं पुडुचेरी में 50 साल बाद 89.81% मतदान हुआ। असम में चुनाव संबंधी हिंसा में करीब 30 लोग घायल हो गए और सात लोगों को गिरफ्तार किया गया।

श्रीभूमि जिले के पथारकंडी में कांग्रेस और भाजपा समर्थकों की इस झड़प में करीब 25 लोग घायल हो गए, दो की हालत गंभीर है। असम में 126 सीटों पर 41 पार्टियों के 722 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, केरलम में 2.71 करोड़ वोटर 890 उम्मीदवारों में से अपना नेता चुनेंगे। यहां 140 सीटें हैं। पुडुचेरी में 30 सीटों के लिए वोटिंग हुई।



केरलम में विधानसभा चुनाव के दौरान कतार में खड़ी महिलाएं।

# अमेरिका-ईरान जंग ने ले ली बरेली के होनहार की जान



जीशान (फाइल)

- मिसाइल हमले से सड़क पर हुए गड्ढे में कार गिरने से जीशान अजहरी की हुई मौत

बरेली। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध की विभीषिका में अरब देशों में काम करने वाले भारतीय भी झुलस रहे हैं। बरेली के रहने वाले जीशान अजहरी भी जंग की भेंट चढ़ गए। दुबई में ईरान के मिसाइल हमले में खाई बनी सड़क में कार गिरने से उनके साथ पाकिस्तानी ड्राइवर की भी जान चली गई। 16 दिन बाद दुबई से शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया।

विदेश में जान गंवाने वाले जीशान (29) बरेली के बिहारीपुर निवासी बिस्कुट व्यापारी जान मोहम्मद उर्फ लल्ला के तीन पुत्रों में सबसे छोटे थे। वह 2020 से दुबई में नौकरी कर रहा था। जीशान अपने क्लाइंट से मिलकर लौट रहे थे। रास्ते में मिसाइट अटैक की वजह से हुए पानी से भरे गढ्डे में कार गिर गई और उनकी मौत हो गई।

# दिल्ली में उत्तर प्रदेश भाजपा की मजबूत टीम पर लगेगी मुहर

- संगठन मंत्री धर्मपाल आज करेंगे हाईकमान से मुलाकात

लखनऊ। प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर शुक्रवार को दिल्ली दौरे पर हैं।

लखनऊ में हाल ही में हुई कोर ग्रुप की बैठक के बाद अब दिल्ली में शीर्ष नेतृत्व के साथ महत्वपूर्ण मंथन के बाद नई टीम के गठन, निगमों और बोर्डों में रिक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों के रिक्त पदों पर पार्टी कार्यकर्ताओं के मनोनयन को लेकर वर्ष 2027 के चुनाव के मद्देनजर नामों पर मुहर लगेगी। बीते शुक्रवार को ही प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर इसे लेकर घंटों मंथन चला था। सूत्रों के मुताबिक, धर्मपाल सिंह अपने साथ संगठन की नई टीम से जुड़े संभावित नामों की सूची लेकर दिल्ली पहुंच रहे हैं। इन नामों पर पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी, जिसके बाद जल्द ही उत्तर प्रदेश भाजपा की नई टीम का ऐलान हो सकता है।

# महिला आरक्षण : प्रस्तावित संशोधन करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब: मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी



- सभी सांसदों से इस महत्वपूर्ण संशोधन का समर्थन करने के लिए एकजुट होने का किया आग्रह

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि महिला आरक्षण अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन केवल एक विधायी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह देश भर की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। मोदी ने सभी सांसदों से इस महत्वपूर्ण संशोधन का समर्थन करने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया।

मोदी ने अपनी वेबसाइट 'नरेन्द्र मोदी डॉट इन' पर प्रकाशित एक लेख में यह भी कहा कि यह पहल उस सिद्धांत की पुष्टि है जिसने लंबे समय से भारत के इस सभ्यतागत लोकाचार का मार्गदर्शन किया है कि समाज तभी प्रगति करता है जब महिलाएं प्रगति करती हैं। कहा कि अब जरूरत है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और आने वाले समय में राज्यों के विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के प्रावधानों के साथ कराए जाएं।

कहा कि देश ऐतिहासिक अवसर की दहलीज पर खड़ा है और यह इसके लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने और समानता एवं समावेशन के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता की पुष्टि करने का अवसर है। इन्हीं प्रेरणादायी अवसरों के बीच, 16 अप्रैल को संसद की ऐतिहासिक बैठक होगी तथा विशेष सत्र महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा और उसे पारित करने के लिए बुलाया गया है। प्रधानमंत्री ने बाद में पोस्ट किए गए एक वीडियो संदेश में, महिलाओं से उनके लेख को पढ़ने और अन्य को भी इसे पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। लोगों को राजनीतिक दलों को इस बात के लिए प्रोत्साहित व प्रेरित करना चाहिए कि 16, 17 और 18 अप्रैल को जब संसद की बैठक होगी तो वे इसे पारित करें। कहा, 'इसे सिर्फ एक विधायी प्रक्रिया कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह भारतवर्ष की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।'

**उपलब्धि** उप्र ने की 22,337 करोड़ की खरीद, केंद्र सरकार ने सराहा, 3606 करोड़ की खरीद से नगर विकास विभाग सबसे आगे

# जेम पोर्टल पर यूपी प्रथम, बना देश का रोल मॉडल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने सरकारी खरीद में पारदर्शिता का नया मानक स्थापित किया है। वित्त वर्ष 2025-26 में जेम के माध्यम से 22,337 करोड़ रुपये की खरीद कर यूपी देश में शीर्ष स्थान पर रहा है। भारत सरकार ने भी यूपी की इस पारदर्शी खरीद प्रणाली की सराहना करते हुए इसे अन्य राज्यों के लिए रोल मॉडल बताया है।

खास बात यह है कि प्रदेश के अधिकांश विभागों ने अपनी खरीद जेम पोर्टल के जरिए सुनिश्चित की, जिससे प्रक्रिया पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी बनी। प्रदेश में नगर विकास विभाग ने सबसे अधिक 3606 करोड़ रुपये की खरीद कर शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके बाद चिकित्सा शिक्षा (2973 करोड़), चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण (2498 करोड़) और गृह विभाग (1852 करोड़) प्रमुख रहे। राष्ट्रीय स्तर पर भी यूपी ने गुजरात (14,009 करोड़), महाराष्ट्र (6113 करोड़), दिल्ली (4278 करोड़) और छत्तीसगढ़ (3935 करोड़) जैसे राज्यों को पीछे छोड़ दिया। जेम पोर्टल के माध्यम से खरीद ने केवल पारदर्शिता ही नहीं बढ़ाई, बल्कि छोटे उद्यमियों, स्टार्टअप और वंचित वर्गों को भी बाजार से जोड़ने का काम किया है। महिला उद्यमियों से खरीद 467 करोड़ (2020-21) से बढ़कर 4755 करोड़ (वर्ष 2025-26) तक पहुंच गई। वहीं एससी/एसटी उद्यमियों से खरीद 54 करोड़ से बढ़कर 752 करोड़ हो गई। स्टार्टअप से खरीद भी 261 करोड़ से बढ़कर 3203 करोड़ तक पहुंची, जबकि एमएसएमई से खरीद 3978 करोड़ से बढ़कर 27,235 करोड़ रुपये हो गई। इससे प्रदेश में स्थानीय उद्यमों को बड़ा प्रोत्साहन मिला है।

### जेम खरीद में टॉप-10 राज्य

- उत्तर प्रदेश – 22,337 करोड़
- गुजरात – 14,009 करोड़
- महाराष्ट्र – 6113 करोड़
- दिल्ली – 4278 करोड़
- छत्तीसगढ़ – 3935 करोड़
- बिहार – 3611 करोड़
- मध्य प्रदेश – 2900 करोड़
- जम्मू-कश्मीर – 2653 करोड़
- झारखंड – 2647 करोड़
- असम – 2494 करोड़

### विक्रेताओं के कारोबार में भी रिकॉर्ड बढ़ोतरी

जेम पोर्टल के जरिए यूपी के विक्रेताओं का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2020-21 में 5770 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में यह 42,654 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रति बढ़ते भरोसे को दर्शाता है। उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेम, कृष्ण मुरारी के अनुसार, मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप सभी विभागों को जेम पोर्टल से खरीद के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

न्यूज ब्रीफ

### बाइक सवार ने महिला के कुंडल छीने शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज

चंदौसी, अमृत विचार : गांव देवापुर निवासिनी मोरकली ने एक व्यक्ति पर मारपीट और कुंडल छीनने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि गुरुवार को वह खेत पर गेहूं की फसल काट रही थी। तभी अज्ञात व्यक्ति बाइक से आया और उसके कुंडल छीन लिए। विरोध करने पर आरोपी ने तमंचे की बट मारकर उसे घायल कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट में महिला समेत कई घायल तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

भगतपुर। थाना भगतपुर क्षेत्र के ग्राम मिलक धर्मपुर में घर में घुसकर मारपीट का मामला सामने आया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला के अनुसार, बुधवार सुबह गांव के ही बसीम, सलीम, रिजवान आदि उन के घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला व उसके परिवार पर हमला कर दिया। हमले में महिला की बेटी के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों के साथ भी मारपीट की गई। आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान घर के अन्य सदस्यों के साथ अभद्रता भी की गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। महिला ने थाना पहुंचकर चार आरोपी के खिलाफ तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच कर रही है।

### रेलवे के कई अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले

मुरादाबाद, अमृत विचार : रेल प्रशासन हेडक्वार्टर स्तर से रेल मंडल मुरादाबाद के कई अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। रेल सूत्रों के अनुसार सीनियर डीसीएम फ्रेट मुरादाबाद ऋचा शर्मा को इसी पद पर दिल्ली भेजा गया है। वहीं सीनियर डीओएम मुरादाबाद आशीष सिंह को डिप्टी जीओएम हेडक्वार्टर बनाया गया है, जबकि मुरादाबाद मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता को सीनियर डीओएम मुरादाबाद बनाया गया है। इसका पत्र जारी हुआ है। हालांकि स्थानीय रेल मंडल की ओर से इस पर कुछ स्पष्ट नहीं किया जा रहा है।

# नाबालिग संग दुष्कर्म और जबरन शादी, रिपोर्ट दर्ज

- संभल जिले के गांव गढ़ी का रहने वाला है आरोपी
- पुलिस ने महिला समेत चार के खिलाफ दर्ज की है रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : एक युवक ने अपनी नाबालिग बहन का अपहरण करने, उसके साथ दुष्कर्म के बाद जबरन शादी करने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मझोला पुलिस को तहरीर दी है। पीड़िता के भाई की तहरीर पर पुलिस ने संभल के रहने वाले युवक, एक महिला समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मझोला थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक ने थाने में संभल जिले के ग्राम गढ़ी थाना हजरतनगर गढ़ी के बृजेश, उसके दोस्त लक्की, मां सुनीता और भाई अनुज के खिलाफ नाबालिग बहन का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने और जबरन शादी करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के भाई का आरोप है कि आरोपी बृजेश उनके घर के पास चक्कर लगाकर मोबाइल नंबर की पर्ची डालता था। इस अनजाने में पीड़िता ने नंबर डायल कर लिया। इसके बाद आरोपी ने उसे डरा-धमकाकर फोन करना शुरू कर दिया। आरोप है कि एक दिन लक्की के कमरे पर ले जाकर दोनों ने नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म किया। चाकू दिखाकर मन्दिर में अवैध तरीके से शादी कराई तथा परिवार को एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी दी। आरोपी ने पीड़िता को घर पर रखकर अपने छोटे भाई से भी दुष्कर्म कराया। इसमें आरोपी की मां ने भी साथ दिया। मझोला थाना प्रभारी आरपी सिंह ने बताया कि पीड़िता के भाई की तहरीर पर पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

वीर अब्दुल हमीद, महाराणा प्रताप समेत कई अन्य महानायकों के नाम से मिलेगी चौराहों को नई पहचान

# वीरों की शौर्यगाथा के साक्षी बनेंगे बुद्धि विहार के चौराहे

- त्रिशूल रक्षा संग्रहालय (वॉर मेमोरियल) के आसपास के चौराहों का नगर निगम करा रहा सौंदर्यीकरण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


चौराहा पर लगीं वीर सपूतों की प्रतिमायें। • अमृत विचार


बुद्धि विहार चौराहा पर लगी वीर अब्दुल हमीद की जीप के साथ मूर्ति। • अमृत विचार

अमृत विचार : महानगर के बुद्धि विहार के कई चौराहों को अब नई पहचान मिल रही है। यह चौराहे वीरों की शौर्यगाथा के साक्षी बन रहे हैं। वीर अब्दुल हमीद, महाराणा प्रताप और राणा सांगा सहित कई अन्य वीरों की गाथाएं चौराहों और मुख्य सड़कों पर दर्शाई गई हैं।

बदलते मुरादाबाद की संकल्पना का साक्षी महानगर का दिल्ली रोड व बुद्धि विहार बन रहा है। पहले बुद्धि विहार कॉलोनी की आंतरिक सड़कें व चौराहे सूने व उपेक्षित थे। इनकी पहचान भी बिखरी थी। अब यह चौराहे तरक्की व विकास के प्रतीक के साथ वीरों की शौर्यगाथा के साक्षी बन रहे हैं। नगर निगम इन चौराहों का सौंदर्यीकरण करा रहा है। इसके बाद इनको नई पहचान मिलेगी। बुद्धि विहार फेज दो में दो एकड़ भूमि पर नगर निगम ने 31 करोड़ रुपये की लागत से त्रिशूल रक्षा संग्रहालय वॉर मेमोरियल स्थापित किया है। इसमें देश की तीनों सेनाओं के शौर्य व प्रमुख युद्धों की प्रतीकात्मक कृतियों के साथ ही जल, थल, वायु सेना के अत्याधुनिक हथियारों के माडल भी संजोए गए हैं। इसका उद्घाटन बहुत जलद मुख्यमंत्री और रक्षामंत्री के हाथों होना प्रस्तावित है। इसके साथ ही वॉर मेमोरियल के आसपास के सभी चौराहों को भी वीरों की शौर्यगाथा के रूप में पहचान दिलाई जा रही है। कई प्रमुख चौराहे पर वीर अब्दुल हमीद, रानी लक्ष्मीबाई, महाराणा प्रताप, राणा सांगा और कई अन्य वीर योद्धाओं के शौर्य की यादें दिलाने के लिए प्रतिमाएं तथा टैंक आदि स्थापित किए गए हैं।

> देश की वीरगाथा के प्रतीक के रूप में चौराहों का सौंदर्यीकरण कराकर विकसित किया गया है। इन चौराहों का लोकार्पण भी जल्द प्रस्तावित है। इसके बाद इन चौराहों को नई पहचान मिल जाएगी। इससे स्थानीय नागरिकों को गौरव की अनुभूति होगी। साथ ही मुरादाबाद मंडल के सभी जिलों और बाहर से आने वालों के लिए यह दर्शनीय होगा।
>
> **दिव्यांशु पटेल**, नगर आयुक्त

# पुलिस मुठभेड़ में दो गोतस्कर घायल

## पुलिस ने तमंचे कारतूस और बाइक बरामद कर की सीज, दोनों तस्करों को भेजा जेल

संवाददाता, भोजपुर

- गांव घोसीपुरा के पास हुई मुठभेड़ छह राउंड चली गोलियां


घायल गो तस्करों को घटनास्थल से हिरासत में लेकर जाती पुलिस। • अमृत विचार

अमृत विचार : थाना क्षेत्र में इस्लामनगर-पीपलसाना रोड पर गांव घोसीपुरा के निकट दमदमा नदी की पुलिया पर पुलिस की थाना डिलारी के गांव ततारपुर में गोवंशीय पशु के कटान में संलिप्त बाइक सवार तीन गो तस्करों से मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से छह राउंड फायरिंग हुई।

पुलिस ने आत्मरक्षा में की गई फायरिंग में दो गोवंशीय पशु तस्कर घायल हो गए। पुलिस ने तीनों की घेराबंदी कर हिरासत में लेकर उनके कब्जे से 31सौ रुपये नगद, दो तमंचे, दो खोखे व तीन कारतूस, घटना में प्रयुक्त बाइक एवं मोईन ट्रेडर्स मीट फैक्ट्री के चार बिल बरामद कर सीलबंद कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। अदालत ने आरोपियों को जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के मुताबिक बुधवार की रात इस्लाम नगर चौराहे पर उप निरीक्षक जोनसन कुमार चेकिंग कर रहे थे। डिलारी दिशा से बाइक पर सवार तीन युवक आये और पुलिस को देखकर पीपलसाना गनीमतनगर दिशा को भागने लगे। पुलिस ने बाइक सवारों की घेराबंदी कर दी। दमदमा नदी के पुल पर उप निरीक्षक इजहार अली ने उन्हें पकड़ने को बेरिकेडिंग कर दी। भागने के चक्कर में आरोपियों की बाइक मिट्टी में फिसलकर गिर गई। पकड़े जाने से बचने के लिए दो बदमाशों ने पुलिस दल पर जानलेवा फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में उप निरीक्षक इजहार अली एवं प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने भी फायरिंग की। दोनों तरफ से कुल 6 राउंड फायरिंग हुई। इस दौरान दो बदमाशों पैर में गोली लगने से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। भाग रहे तीसरे बदमाश का पीछा कर पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की तो घायलों ने अपने नाम मो.शफी, मो रिजवान निवासी तुमड़िया कला डिलारी और बाइक चला रहे तीसरे आरोपी ने अपना नाम एहतेशाम निवासी जामा मस्जिद भोजपुर बताया। उन्होंने बताया की तीनों ने अपने साथियों के साथ मिलकर मंगलवार को थाना डिलारी के गांव ततारपुर के जंगल में गोवंशीय पशु का कटान किया था। जिसकी जांच थाना डिलारी पुलिस कर रही है। हमारे साथियों को डिलारी पुलिस ने पकड़ लिया है। पकड़े जाने के डर से छिपते छिपाते भाग रहे थे। पुलिस ने उनके कब्जे से 31सौ रुपये नगद, दो तमंचे, दो कारतूस खोखे, तीन जिंदा कारतूस, चार मीट फैक्ट्री के बिल और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद कर सीलबंद कर दिया। तीनों तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घायलों का सीएचसी भोजपुर में चिकित्सीय परीक्षण कराकर चालान कर दिया। अदालत ने आरोपियों को जेल भेज दिया।

## पुलिस ने गुमशुदा किशोर को दिल्ली से किया बरामद

मुरादाबाद, अमृत विचार: मझोला थाने की पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग अल्तमस को दिल्ली के पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद उसे परिवार वालों को सौंपा। पांच अप्रैल को सब्जी लेने घर से निकले 13 वर्षीय बच्चे की गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

जमील पुत्र यासीन निवासी मोहल्ला तारीख नगर, राशिद मस्जिद के पास ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसका 13 वर्षीय पुत्र अल्तमस पांच अप्रैल को घर से सब्जी लेने निकला था, लेकिन नहीं लौटा। पुलिस ने नाबालिग की गुमशुदगी दर्ज की थी। पुलिस की दो टीमें बच्चे की तलाश में लगी थीं। मझोला थाना के प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि पुलिस ने पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से बच्चे को बरामद किया। इसके बाद उसे परिवार को सुपुर्द कर दिया गया। बताया जा रहा है कि बच्चा मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंचने के बाद किसी ट्रेन में बैठ गया, जिससे वह पुरानी दिल्ली पहुंच गया था। वहां पर भटकते हुए मिला।

# डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार की मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- परिजनों ने दूसरे वाहन से टकराने का आरोप लगाकर किया हंगामा
- सीओ ने मौके पर पहुंच कर आक्रोशित परिजनों को शांत कराया

अमृत विचार : डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक के परिजनों ने दूसरे वाहन की टक्कर से मौत होने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं सीओ कटघर ने मौके पर पहुंचकर हादसे की जानकारी लेने के साथ ही मृतक के परिजनों को शांत कराया।


प्रवेश उर्फ भोला।

मझोला थाना क्षेत्र के कब्रिस्तान मोहल्ले के निवासी प्रवेश उर्फ भोला ( 25 वर्ष) गुरुवार दोपहर घरेलू कार्य से कटघर के ट्रांसपोर्ट क्षेत्र में गया था।

रात में लौटते समय उसकी बुलेट बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने दूसरे वाहन की टक्कर से मौत होने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। कटघर पुलिस ने हादसे से भड़के परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

कटघर थाना के प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि युवक की बाइक डिवाइडर से जा टकराई थी। जिससे गंभीर रूप से घायल होने से उसकी मौत हो गई। परिजनों से तहरीर मिलने पर अन्य कार्रवाई भी की जाएगी।

# दुष्कर्म का आरोपी बर्खास्त सिपाही गया जेल

संवाददाता हसनपुर



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

- चाचा की शिकायत पर जांच में फर्जी पाई गई इंटरमीडिएट की मार्कशीट
- फर्जी दस्तावेज के मामले में अमरोहा देहात थाने में आरोपी के खिलाफ दर्ज है रिपोर्ट

अमृत विचार: शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म के आरोपी यूपी पुलिस के बर्खास्त सिपाही को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया है, जहां से उसे जेल भेज दिया।

कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने बताया कि सिपाही अखिलेश कुमार पुत्र प्रेमचंद निवासी ग्राम नंगला चमरू पोस्ट सैंथली दादरी ग्रेटर नोएडा जनपद गौतम बुद्ध नगर का रहने वाला है। वर्ष 2023 में सिपाही कोतवाली में तैनात रहा था। उस वक्त पीड़िता के पिता की सिपाही ने मदद की थी। तब वह उसके घर आने जाने लगा था। आरोपी ने खुद को कुंवारा बताया था। आरोपी ने उसे अपनी बातों में फंसा लिया और शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया था। 6 अप्रैल को आरोपी पीड़िता के घर में घुस आया और जबरन दुष्कर्म किया। शिकायत पर परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी थी। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी अखिलेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### बर्खास्त हो चुका है आरोपी

प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि आरोपी बर्खास्त सिपाही की गिरफ्तारी हो गई है, वर्ष 2011 में यूपी पुलिस में सिपाही के पद पर अखिलेश भर्ती हुआ था। वर्ष 2023 में कोतवाली में तैनात रहा था। इस दौरान उसके सगे चाचा विनोद कुमार ने लखनऊ के गोपनीय कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें कहा गया कि अखिलेश की इंटर की मार्कशीट फर्जी है। मामले की जांच में आरोप सही पाया गया। जांच में सामने आया कि अखिलेश ने भर्ती के दौरान ज्योति इंटर कालेज जनपद बलिया की फर्जी मार्कशीट लगाई थी। मार्कशीट वर्ष 2009 में जारी की गई थी। जांच के बाद वर्ष 2024 में अखिलेश कुमार को निलंबित व बाद में बर्खास्त कर दिया गया। प्रतिसार निरीक्षक ने अखिलेश कुमार व उसके चाचा के खिलाफ अमरोहा देहात थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। इसके बाद अखिलेश चर्चा में आया था।

# सुनसान सड़कों पर आवाजाही पड़ रही जान पर भारी

- केवल नसबंदी से नहीं खत्म हो रहा स्ट्रीट डॉग्स का खतरा, लगातार हमले जारी
- नगर निगम केवल उनकी जनसंख्या नियंत्रण के लिए करा रहा स्टरलाइजेशन
- इसके बाद फिर उसी क्षेत्र में छोड़ने से लोगों पर झपट्टा मार रहे आवारा कुत्ते

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


सड़क पर बैठा आवारा कुत्तों का झुंड। • अमृत विचार

अमृत विचार: स्ट्रीट डॉग्स लोगों के लिए मुसीबत बन रहे हैं। सुनसान सड़कों पर आवाजाही जान पर भारी पड़ रही है। दिन में भी मुख्य सड़कों, सार्वजनिक स्थानों यहां तक कि सरकारी अस्पताल और कार्यालयों में भी विचरण कर रहे आवारा कुत्ते लोगों पर झपट्टा मार कर उन्हें जख्मी कर रहे हैं।

नगर निगम के द्वारा आवारा कुत्तों के पकड़ने के अभियान में उन्हें ले जाकर नसंबदी करने के तीन दिन बाद फिर उसी क्षेत्र में छोड़ दिया जाता है, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। इससे उनकी जनसंख्या नियंत्रण के प्रयास हो रहे हैं लेकिन खूंखार कुत्तों पर प्रभावी अंकुश नहीं लग रहा है। नगर निगम की ओर से कुत्तों के पकड़ने के अभियान के अलावा उनको निवाला देने वालों पर भी सख्ती करने की बात कही जा रही है। क्योंकि निगम प्रशासन का मानना है कि खाद्य सामग्री के लालच में कुत्ते कॉलोनियों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर विचरण करते हैं। इसे देखते हुए निगम प्रशासन ने कहा है कि खुली जगहों पर स्ट्रीट डॉग्स को निवाला न दिया जाए। इसके लिए नगर निगम ने चार स्थानों फीडिंग सेंटर बनाया गया है। जहां निगम की ओर से उन्हें भोजन दिया जाता है साथ ही कोई भी व्यक्ति यहां लाकर खाद्य सामग्री डाल सकता है। लेकिन आवारा कुत्तों के काटने से जख्मी लोगों को सीधे राहत के नाम पर कोई प्रयास नहीं हो रहा है। जिससे आए दिन कुत्तों, बंदरों के काटने से जख्मी होकर जिला अस्पताल में 70-100 पीड़ित एआरवी का इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं। इसमें हर आयु वर्ग के लोग हैं। खूंखार कुत्तों के चलते कई बार लोगों की जान भी जा रही है। ऐसे कुत्तों के अचानक झपटने पर लोग भागकर खुद को सुरक्षित करने के प्रयास में चोटिल हो रहे हैं। सड़कों और बाजारों में भी कई बार हादसे हो चुके हैं। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल का कहना है कि आवारा कुत्तों की आबादी नियंत्रित करने के लिए उन्हें पकड़कर बंध्याकरण कराया जाता है। साथ ही भोजन के लालच में सड़कों व कॉलोनियों में विचरण कर रहे कुत्तों को सीमित करने के लिए चार फीडिंग सेंटर निर्धारित है। लोगों से अपील है कि वह निर्धारित स्थान पर लाकर ही कुत्तों के लिए खाद्य सामग्री दें।

### इन चार स्थानों पर बने हैं फीडिंग सेंटर

नगर निगम ने भोजन के लालच में स्ट्रीट डॉग्स पर अंकुश लगाने के लिए महानगर के चार स्थानों कटघर में दो जगह और मझोला क्षेत्र के रामलीला मैदान और सदर तहसील के पास हिमगिरि में फीडिंग सेंटर खोला है।

विश्व होम्योपैथी दिवस | 16 डिस्पेंसरी में सिर्फ 13 डॉक्टर, केंद्रों पर फार्मासिस्ट का अभाव

# होम्योपैथी पर भरोसा, लड़खड़ा रहीं सेवाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : जिले में होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के प्रति लोगों का रुझान तेजी से बढ़ रहा है। साइड इफेक्ट न होने और बीमारी को जड़ से ठीक करने की मान्यता के चलते ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं का यह विस्तार स्टाफ की भारी कमी के कारण प्रभावित हो रहा है। जिले की 16 होम्योपैथिक डिस्पेंसरी में पर्याप्त डॉक्टर और फार्मासिस्ट न होने से मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा, जिससे व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

**कई केंद्रों पर डॉक्टर नहीं, मरीज परेशान :** जिले में 16 होम्योपैथिक डिस्पेंसरी संचालित हैं, जिनमें 13 डॉक्टर ही तैनात हैं। अगवानपुर, सेहल, डिलारी और मूंढापांडे जैसे महत्वपूर्ण केंद्रों पर डॉक्टरों की अनुपस्थिति से मरीजों को अन्य क्षेत्रों की ओर जाना पड़ता है। ग्रामीण मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

**11 डिस्पेंसरी बिना फार्मासिस्ट के:** फार्मासिस्ट की स्थिति और भी चिंताजनक है। केवल अगवानपुर, टांडा अफजल, राजपुर केसरिया, गिदौड़ा और जहांगीरपुर में ही फार्मासिस्ट उपलब्ध हैं। बाकी 11 केंद्र बिना फार्मासिस्ट के चल रहे हैं, जिससे दवा वितरण और रिकॉर्ड प्रबंधन प्रभावित हो रहा है।

**रोजाना 140 मरीज पहुंचते हैं ओपीडी में :** जिले की होम्योपैथिक डिस्पेंसरी में प्रतिदिन औसतन 140 मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें फंगल इंफेक्शन, त्वचा रोग, एलर्जी और बुखार के मरीजों की संख्या सबसे अधिक है।

### ग्रामीण इलाकों में बढ़ी मांग

ग्रामीण क्षेत्रों में होम्योपैथी सस्ती और सुलभ चिकित्सा के रूप में उभर रही है। जहां आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं सीमित हैं, वहां यह पद्धति लोगों के लिए राहत का बड़ा माध्यम बन रही है।

### शासन को भेजा प्रस्ताव

जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीलिमा अग्निहोत्री के अनुसार, अतिरिक्त स्टाफ की मांग शासन को भेजी गई है। जिले को कम से कम पांच और डॉक्टर और दस फार्मासिस्ट की जरूरत है। साथ ही तीन नई डिस्पेंसरी खोलने का प्रस्ताव भी रखा गया है।

# आरएसएस पर अमर्यादित टिप्पणी, जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आपत्तिजनक बयानबाजी को बताया सस्ती राजनीति, संवाद में मर्यादा रखने की अपील
- डॉ. पवन जैन ने आपत्तिजनक बयानों की जमकर की निंदा, कहा लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध

अमृत विचार : बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार जैन ने आरएसएस को लेकर दिए जा रहे आपत्तिजनक बयानों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की अमर्यादित भाषा लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध है और यह नेताओं की स्तरहीन राजनीतिक सोच को दर्शाती है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तुलना सांप से करना और मुरादाबाद की सांसद द्वारा उसे नासूर कहना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने इसे सस्ती राजनीति और ओछेपन का उदाहरण बताया। कहा कि विचारों में मतभेद लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन किसी भी संगठन के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग स्वीकार्य नहीं हो सकता। कहा कि इतिहास में कई बार आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने के प्रयास हुए, लेकिन हर बार वे असंगत साबित हुए। उन्होंने राजनीतिक दलों से संवाद में शालीनता और मर्यादा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस तरह की टिप्पणी से समाज को भटकाने का प्रयास किया जा रहा है। ये गलत है।

## मंडी परिसर कैंटीन में अनियमितता के लगाए आरोप

मुरादाबाद, अमृत विचार: कृषि उत्पादन मंडी समिति स्थित शबरी कैंटीन में गंभीर अनियमितता का आरोप लग रहा है। किसानों को रियायती दरों पर भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित यह कैंटीन अपने मूल उद्देश्य से भटक रही है।

मुरादाबाद आढ़ती व्यापारी सोसाइटी के केके सैनी की ओर से मंडी सचिव को दिए गए ज्ञापन में कैंटीन संचालक पर आरोप लगाए हैं। इसमें कैंटीन संचालन से जुड़े लोगों पर मंडी परिसर में छोटे दुकानदारों, सब्जी एवं फल विक्रेताओं और ठेला-रेहड़ी संचालकों से अवैध वसूली करने की बात कही गई है। बताया कि प्रतिदिन के हिसाब से पैसे वसूले जाते हैं। विरोध करने पर मारपीट व कारोबार बंद कराने की धमकी दी जाती है। कैंटीन का ठेका करीब 5600 रुपये प्रतिदिन पर दिया गया है, इससे परेशानी होती है।

# लोड कम कराने को विद्युत केंद्रों पर लगीं लंबी लाइनें

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद



- प्रीपेड मीटर बन रहे उपभोक्ताओं के लिए सिरदर्द
- बिजली उपभोक्ताओं को अधिकारी समझाने में जुटे

अमृत विचार: शहर में बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए परेशानी बन रही है। मीटर लगने के बाद बड़ी संख्या में उपभोक्ता अपने बिजली भार (लोड) को कम कराने के लिए विद्युत केंद्रों का रुख कर रहे हैं।

सिविल लाइन स्थित आंबेडकर पार्क के सामने स्थित विद्युत केंद्र पर गुरुवार को सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखने को मिली। कई घंटे इंतजार करने के बाद भी लोग अपनी समस्या का समाधान नहीं करा पा रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि प्रीपेड मीटर लगने के बाद बिजली खर्च पहले की तुलना में अधिक आ रहा है। जिसके चलते वह अपना लोड कम करा रहे हैं। कुछ उपभोक्ताओं ने यह भी बताया कि उन्हें प्रीपेड मीटर की कार्यप्रणाली की पूरी जानकारी नहीं है, जिससे भ्रम की स्थिति बनी हुई है। दूसरी ओर, बिजली विभाग के अधिकारी लगातार उपभोक्ताओं को प्रीपेड मीटर के फायदे समझाने में जुटे हुए हैं। प्रीपेड मीटर से उपभोक्ता अपनी बिजली खपत पर बेहतर नियंत्रण रख सकते हैं और अनावश्यक बिलिंग की समस्या से भी बच सकते हैं।

## शहर में आज

- उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना दोपहर 12 :00 बजे।
- जिला और महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा कलेक्ट्रेट में असम के मुख्यमंत्री का पुतला दहन 2 :30 बजे।

## सिटी ब्रीफ

### महाकालेश्वर बालाजी धाम मंदिर में सुंदरकांड पाठ आयोजित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सम्राट अशोक नगर स्थित श्री महाकालेश्वर बालाजी धाम मंदिर में गुरुवार को मासिक भंडारा, सुंदरकांड पाठ, कन्या भोज, ब्राह्मण भोजन एवं संकट मोचन यज्ञ का आयोजन किया गया। यह अनुष्ठान श्रीश्री 1008 स्वामी संजय नंद गिरी महाराज के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर आचार्य गणेशानंद, कमल अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, श्याम कृष्ण रस्तोगी, बलवीर, संजीव वाल्मीकि, सर्वेश पटेल, ठाकुर देशराज, विजय वर्मा, प्रमोद शुक्ला, संजय शर्मा, हरिओम गुप्ता, राजू, शशिकांत शर्मा आदि रहे।

### प्राधिकरण ने 12 बीघा भूमि पर अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कराया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम ने अवैध प्लाटिंग और बिना मानचित्र स्वीकृत कराए जा रहे कार्यों के खिलाफ प्रवर्तन की कार्रवाई की। प्राधिकरण की टीम ने जोन-1 क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कराया। टीम ने ग्राम डिडौरा में जयपाल और फूल सिंह द्वारा लगभग 12 बीघा भूमि में अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। अपील की गई कि नागरिक किसी भी भूमि क्रय या विकास से पूर्व प्राधिकरण से स्वीकृति अवश्य प्राप्त करें।

### उप निरीक्षक से पदोन्नत होकर निरीक्षक बने संजय कुमार

**पाकबड़ा,अमृत विचार :** जिले में कई उपनिरीक्षक पदोन्नत होकर निरीक्षक बन गए हैं। इनमें पाकबड़ा में तीन नंबर हलका इंचार्ज के तौर पर काम रहे संजय कुमार भी निरीक्षक बन गए हैं। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह, सीओ सिटी कुलदीप गुप्ता, सीओ हाईवे राजेश कुमार ने गुरुवार को स्टार लगाकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके साथ ही जिले के गंगासरन, मनोज कुमार को उप निरीक्षक से निरीक्षक और तौसीफ रजा को मुख्य आरक्षी से उप निरीक्षक बनने पर साथी पुलिस कर्मियों ने बधाई दी।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में जम्मू व दिल्ली की शानदार जीत

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- **मुरादाबाद को 19 रन से हराया दिल्ली ने 128 रन से दी मात**

**अमृत विचार :** रेलवे क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित अंतरमंडलीय रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को रोमांचक मुकाबले खेले गए। दिन के पहले मैच में मुरादाबाद और जम्मू की टीम आमने-सामने रहीं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जम्मू की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 170 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुरादाबाद की टीम संघर्ष करती नजर आई और 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 151 रन ही बना सकी। जम्मू नेमुकाबला 19 रन से जीत लिया। शानदार प्रदर्शन के लिए प्रदीप भाटी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 104 रन बनाए और गेंदबाजी में भी चार ओवर में एक विकेट हासिल किया।

दूसरा मुकाबला आरपीएफ दिल्ली और रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला के बीच खेला गया। दिल्ली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया और 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 276 रन बनाए।

लक्ष्य के जवाब में कपूरथला की टीम दबाव में नजर आई और 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 148 रन ही बना सकी। दिल्ली ने यह मुकाबला 128 रन से जीत लिया। इस मैच में विजय रंगी ने 48 गेंदों में 109 रन की पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया।

# विवाद के बीच काली माता मंदिर में नए पदाधिकारी नियुक्त

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- **महंत महाकाल गिरि और महंत हितेश्वर गिरि को सौंपी काली माता मंदिर प्रबंधन की जिम्मेदारी**

**अमृत विचार :** लालबाग स्थित प्राचीन सिद्ध स्थान श्री काली माता मंदिर में प्रबंधन को लेकर चल रहे विवाद के बीच श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा महासभा ने अहम निर्णय लेते हुए नए पदाधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। गुरुवार को जारी नियुक्ति प्रमाण पत्र के अनुसार मंदिर के प्रबंधक के रूप में महंत महाकाल गिरि महाराज और महंत हितेश्वर गिरि महाराज को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अखाड़े के निर्णय के तहत महंत महाकाल गिरि महाराज, जो श्रीमहंत कृष्णानंद गिरि महाराज उर्फ गजकेशर गिरि महाराज के शिष्य हैं और महंत हितेश्वर गिरि महाराज, जो श्रीमहंत कृष्णानंद गिरि महाराज उर्फ महामंडलेश्वर राम शरण गिरि महाराज के शिष्य हैं, मंदिर के सभी प्रशासनिक और धार्मिक कार्यों का संचालन करेंगे।

इसके साथ ही मंदिर में पूजा-अर्चना व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नीचे वाले मंदिर का मुख्य पुजारी महंत वशिष्ठ गिरि महाराज और ऊपर वाले मंदिर का मुख्य पुजारी महंत इच्छा गिरि महाराज को नियुक्त किया गया है।

यह सभी नियुक्तियां जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत हरि गिरि महाराज के निर्देशानुसार की गई हैं। नियुक्ति पत्र जूना अखाड़ा के प्रवक्ता एवं 13 मणि के मंत्री श्रीमहंत नारायण गिरि और महंत कंचन गिरि द्वारा जारी व प्रमाणित किया गया है। श्रीमहंत नारायण गिरि ने बताया कि मंदिर का संपूर्ण प्रबंधन, आरती-पूजा और अन्य धार्मिक गतिविधियां अब जूना अखाड़ा की 13 मणि द्वारा संचालित होंगी। वहीं पूर्व में कार्यरत महंत सज्जन गिरि महाराज और महंत राम गिरि महाराज का स्थानांतरण प्रयागराज कर दिया गया है। महंत राम गिरि को दत्त मंदिर, जूना अखाड़ा प्रयागराज और महंत सज्जन गिरि को दशाश्वमेध घाट स्थित जूना अखाड़ा में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अखाड़ा प्रवक्ता के अनुसार दोनों पूर्व महंतों के विरुद्ध स्थानीय स्तर पर शिकायतें प्राप्त हुई थीं। उन्हें कई बार नोटिस जारी किए गए, लेकिन आचरण में सुधार न होने पर वरिष्ठ पदाधिकारियों की टीम द्वारा जांच कर रिपोर्ट महासभा को सौंपी गई, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई।

**पूर्व महंतों को साथ लेकर प्रयागराज रवाना हुए नारायण गिरि:** अखाड़ा प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि ने बताया कि महंत सज्जन गिरि और महंत राम गिरि को अपने साथ प्रयागराज ले जाया गया है।

**यह है विवाद :** वर्ष 2014 में महंत दत्त गिरि का स्वर्गवास हो गया था, जिसके बाद उनका समाधि संस्कार हुआ और गोविंद गिरि को नया महंत बनाया गया। दिसंबर 2016 में गोविंद गिरि के बाद गद्दी को लेकर विवाद शुरू हुआ, जिसके बाद 31 अक्टूबर 2016 को सज्जनगिरि को महंत घोषित किया गया। सज्जनगिरि ने बताया कि वर्ष 2019 में जूना अखाड़े के तत्कालीन सभापति गिरिजा दत्त गिरि ने रामगिरि को नीचे वाले काली मंदिर का महंत बना दिया। इस पर उन्होंने विरोध जताया, जिसके बाद मामला कोर्ट तक पहुंच गया। तभी से दोनों के बीच विवाद जारी है। इसी 24 अप्रैल को मामले की कोर्ट में सुनवाई होनी है, जिस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

**शिक्षक नेता कर रहा साजिश : महंत सज्जन गिरि**

महंत सज्जन गिरि ने आरोप लगाते हुए कहा कि शिक्षक नेता अनुज गुप्ता मंदिर कमेटी में अपनी पकड़ बनाने और घुसपैठ करने के लिए लगातार नए-नए प्रपंच रच रहा है। उनका कहना है कि यह पूरा विवाद उसी की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है, जिससे मंदिर की पारंपरिक व्यवस्था को प्रभावित किया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षक नेता अनुज गुप्ता ने अपने निजी स्वार्थों को साधने के लिए जूना अखाड़े के प्रवक्ता से शिकायत की और उन्हें बुलवाया।

**मंदिर का इतिहास :** लालबाग स्थित प्राचीन सिद्धपीठ काली माता मंदिर का इतिहास करीब 400 वर्ष पुराना है। मान्यता अनुसार, अंग्रेजों के समय नागा साधु मिश्री गिरी ने यहां मठ बनाया था। एक प्रचलित किंवदंती के अनुसार, महंत ने मिट्टी उठाई जो मिश्री में बदल गई, जिससे ब्रिटिश अधिकारी टीला खाली कराने में असफल रहे। महंतों के अनुसार प्राचीन काली माता मंदिर और नीचे वाले मंदिर दोनों स्थानों को मिलाकर यहां लगभग 51 समाधि हैं।

# युद्ध विराम से उद्यमियों में जगी आस, पटरी पर लौटेगा कारोबार

- **स्ट्रेट होर्मुज खुलने से निर्यात में आएगी तेजी, कच्चे माल की कीमतों पर लगेगा ब्रेक**


अजय कुमार गुप्ता।


जेपी सिंह।

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** अमेरिका-ईरान के बीच युद्ध विराम की खबर से मुरादाबाद के उद्योग जगत में राहत की उम्मीद जगी है। लंबे समय से जारी तनाव के चलते प्रभावित निर्यात कारोबार अब धीरे-धीरे पटरी पर लौटने की संभावना जताई जा रही है। खासतौर पर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के खुलने से फंसे मालवाहक जहाजों का आवागमन शुरू होगा, जिससे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को गति मिलेगी।

युद्ध के दौरान निर्यात लगभग ठप हो गया था। विदेशी बायर्स ने ऑर्डर रोक दिए थे, जिससे पीतल नगरी के हस्तशिल्प, पीतल मूर्तियों और अन्य उत्पादों के कारोबार पर सीधा असर पड़ा। वहीं, कच्चे माल जैसे पीतल, तांबा, जस्ता और स्टील की कीमतों में करीब 20 प्रतिशत तक उछाल आ गया था, जिससे उत्पादन लागत भी बढ़ गई थी। लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता के अनुसार, होर्मुज मार्ग बंद होने से माल ढुलाई बुरी तरह प्रभावित हुई थी। यूरोपीय देशों के लिए फ्रेट कॉरिडोर का किराया चार गुना और जहाजों का किराया दो गुना तक बढ़ गया था। अब युद्ध विराम से हालात सामान्य होने की उम्मीद है।

उधर, यस के चेयरमैन जेपी सिंह का कहना है कि उद्योगों की बहाली के लिए यह विराम बेहद जरूरी था। अब विदेशी बायर्स से दोबारा बातचीत कर नए अनुबंध किए जाएंगे। हालांकि, उनका मानना है कि मिडिल ईस्ट में निर्यात पूरी तरह सामान्य होने में अभी करीब एक वर्ष का समय लग सकता है, जबकि दुबई जैसे बाजार जल्द ही पुराने स्तर पर लौट सकते हैं। शांति बहाल होने से कच्चे माल की कीमतों में गिरावट आएगी और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को नई रफ्तार मिलेगी।

## कच्चे माल की बढ़ी कीमतों से जूते-चप्पल हुए महंगे


जूते का शोरूम। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद,अमृत विचार :** इरान-अमेरिका-इजराइल युद्ध के बीच जूतों में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल की कीमतों में भारी इजाफा हुआ, इससे नेशनल, मल्टीनेशनल व नान- ब्रांडेड फुटवियर कंपनियों ने उत्पादों की एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) 10 से 25 प्रतिशत तक बढ़ा दी है। अब स्पोर्ट्स, लेदर, सिंथेटिक लेदर व ईवा फुटवियर खरीदने में अतिरिक्त पैसा खर्च करना पड़ेगा। कारोबारियों के अनुसार जूता-चप्पल, सैंडल के निर्माण प्रयोग की जाने वाली रबड़ व चिपकाने वाले साल्वेंट और रबड़ दाने के दाम पिछले 37 दिन में करीब दो गुना हो गए हैं। हालांकि इस महंगाई को काबू में करने के लिए सरकार ने इन उत्पादों पर 10 प्रतिशत लगने वाला आयात शुल्क समाप्त कर दिया है। चीन व देशी कंपनी ने जूतों को बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाले 72 रुपये प्रति किग्रा वाले रबड़ दाने के दाम कई बार में बढ़ाकर 148 रुपये कर दिए। फुटवियर कंपनियों ने लागत बढ़ी देख एक अप्रैल से अपने उत्पाद की एमआरपी बढ़ा दी। इसमें बच्चों के स्कूल ड्रेस के जूता भी शामिल हैं। चौमुखापुल पर एक फुटवियर शोरुम संचालक गोहर हुसैन के अनुसार रबड़ दाना व साल्वेंट की कीमत बढ़ी हैं। इसके अलावा ईवा फुटवियर में पेट्रोलियम केमिकल का प्रयोग होता है, इसकी कीमत बढ़ने के कारण जूता-चप्पलों के दाम बढ़े हैं। बुध बाजार में व्यापारी रजत बंसल ने बताया के अनुसार हाल ही सीज फायर होने के बाद आगे राहत मिलने की उम्मीद है।

# स्कूलों में मनमानी के खिलाफ शिवसेना का प्रदर्शन

**मुरादाबाद,अमृत विचार :** शिवसेना के जिला प्रमुख नन्हे चौधरी के नेतृत्व में शिक्षण संस्थानों द्वारा व्यापक भ्रष्टाचार और मनमानी के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदेश के शिक्षामंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के अधिकारी को सौंपा।

शिवसैनिकों ने पहले जिलाधिकारी कार्यालय पर फिर जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय पर शिक्षण संस्थानों के विरोध प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन के दौरान मंडल प्रमुख गुड्डू सैनी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सरकारी शिक्षण संस्थानों में पर्याप्त सुविधाओं के अभाव के कारण अभिभावकों में निजी स्कूलों की ओर रुझान बढ़ रहा है। निजी विद्यालयों द्वारा महंगी फीस, महंगी ड्रेस और महंगे पाठ्यक्रम के नाम पर अभिभावकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। आरोप लगाया कि कई स्कूलों में छात्रों से नवीनीकरण (री-एडमिशन) के नाम पर दोबारा शुल्क लिया जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है। ज्ञापन देने वालों में राज्य सचिव रामप्रसाद प्रजापति, राज्य प्रचारक बाबा कुशाल सिंह, नितिन वर्मा, रजत श्रोत्रिय, प्रमुख राकेश प्रजापति, मंडल उप प्रमुख नकुल यादव, मंडल सचिव ठाकुरदास सैनी, मुकेश सक्सेना मौजूद रहे।

# निजी विद्यालयों पर कार्रवाई को अभिभावकों की मांग


डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते अभिभावक। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** निजी विद्यालयों द्वारा मनमानी फीस और महंगी पुस्तकों को अनिवार्य किए जाने के विरोध में अभिभावकों का आक्रोश बढ़ रहा है। मुरादाबाद पेरेंट्स ऑफ ऑल स्कूल के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला शुल्क नियामक समिति के सचिव को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की।

निजी विद्यालयों की फीस और किताबों की मनमानी के विरोध पेरेंट्स ऑफ ऑल स्कूल के प्रतिनिधिमंडल की ओर से अनुज गुप्ता एडवोकेट अन्य सदस्यों के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय से मिले और ज्ञापन सौंपा। उनके साथ गए अंकित अग्रवाल एडवोकेट, राजदीप गोयल एडवोकेट, कुमार रोबिन, राजीव सिंह, वैभव गुप्ता सहित कई अभिभावकों ने आरोप लगाया गया है कि जनपद के अधिकांश निजी विद्यालयों द्वारा एनसीईआरटी पुस्तकों के साथ-साथ निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें जबरन लगाई जा रही हैं। कई स्कूलों में एक ही विषय की दो-दो किताबें खरीदने के लिए अभिभावकों को मजबूर किया जा रहा है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कई विद्यालयों द्वारा केवल दिखावे के लिए बुक लिस्ट में एनसीईआरटी पुस्तकों का नाम शामिल किया जाता है, जबकि निर्धारित दुकानों पर केवल निजी प्रकाशकों की किताबें ही उपलब्ध कराई जाती हैं। ज्ञापन में जिला शुल्क नियामक समिति द्वारा लिए गए उस निर्णय का हवाला दिया गया, जिसमें शैक्षिक सत्र 2026-27 से कक्षा 1 से 12 तक सभी विषयों में एनसीईआरटी पुस्तकों को अनिवार्य रूप से लागू करने का निर्देश दिया गया था।

# कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति शुरू होने से राहत

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति शुरू होने से रेस्टारेंट, होटल और ढाबा संचालकों की टेंशन कम हो गई है। पिछले महीने आपूर्ति बाधित होने से कई जगह वैकल्पिक प्रबंध किए गए थे, जिससे खाने की थाली पर महंगाई की मार पड़नी शुरू हो गई थी। अब पेट्रोलियम कंपनियों की ओर से कॉमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति शुरू कराने के बाद उनकी मुश्किल थोड़ी कम हो गई है। वहीं, अमेरिका-इजरायल-ईरान के बीच तात्कालिक युद्ध विराम से धीरे-धीरे आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद जग गई है।

अमेरिका-इजरायल-ईरान के बीच युद्ध का असर कुछ दिनों में ही दिखने लगा था। इसका सबसे पहले असर पेट्रोलियम पदार्थों पर पड़ा। होटलों और रेस्टोरेंटों को कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित कर दी गई, जिससे इनके संचालकों के चेहरे पर चिंता की लकीरें गहरी हो गईं। अब कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति में ढील के बाद होटल और रेस्टोरेंट संचालकों की टेंशन कम हो गई। शहर के होटल संचालकों का कहना है कि इससे तात्कालिक तौर पर राहत मिलनी तय है और कारोबार में फिर चमक आ सकती है।

> अब कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति शुरू कराई जा रही है। घरेलू गैस सिलेंडर का कोई संकट नहीं है। एजेंसियों पर बैकलॉग भी नहीं है। तात्कालिक वैश्विक परिस्थितियों से राहत मिलेगी। फिर भी गैस सिलेंडर व अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की कृत्रिम किल्लत उत्पन्न करने वालों पर सख्ती की जाएगी। **-अजय प्रताप सिंह,** जिलापूर्ति अधिकारी

# युवक का हाथ तोड़ा, जान से मारने की धमकी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** इतवार बाजार निवासी अनीता पत्नी रतन लाल ने गुरुवार को सिविल लाइन पुलिस को तहरीर दी है। इसमें उन्होंने बताया कि रात लगभग 10-11 बजे कांठ रोड पर उसका बेटा सुमित डोसा खाने गया था। इसी दौरान अनमोल नामक युवक अपने 10-11 साथियों के साथ वहां पहुंचा और गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर सभी ने मिलकर सुमित के साथ मारपीट की। इस दौरान उसका हाथ भी तोड़ दिया, इतना ही नहीं सुमित के सिर पर भी कई वार किए गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। घायल युवक को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गयाहै। सिविल लाइन प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर जांच की जा रही है।

# एंटी-हाईजैक मॉक ड्रिल में परखीं सुरक्षा की तैयारियां

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- **आपातकालीन परिस्थितियों में एजेंसियों की तत्परता, समन्वय एवं प्रतिक्रिया क्षमता देखी गई**
- **मॉक ड्रिल के दौरान एजेंसियों ने निर्धारित मानकों के अनुरूप निभाई जिम्मेदारी**

**अमृत विचार:** रामपुर रोड पर के भदासना स्थित हवाई अड्डे पर गुरुवार को एंटी-हाईजैक मॉक एक्सरसाइज की गई। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय की अध्यक्षता में हुई मॉक एक्सरसाइज में संभावित विमान अपहरण (हाईजैक) जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में विभिन्न एजेंसियों की तत्परता, समन्वय एवं प्रतिक्रिया क्षमता का आकलन किया गया।

अभ्यास के दौरान एक काल्पनिक आपात स्थिति निर्मित कर परखा गया कि सुरक्षा एजेंसियां, प्रशासन एवं अन्य संबंधित विभाग किस प्रकार त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई करते हैं। मॉक ड्रिल के दौरान सभी एजेंसियों ने आपसी तालमेल के साथ कार्य कर निर्धारित मानकों के अनुरूप अपनी जिम्मेदारी निभाई। इस दौरान एयरपोर्ट निदेशक आशीष पाल, सीओ हाईवे राजेश कुमार, डीसीआईओ (आईबी) शांति भूषण, मूंढापांडे के थानाध्यक्ष मोहित कुमार चौधरी, एफएसएसओ (फायर सर्विस) मोहित कुमार, निरीक्षक (उ.प्र. विशेष सुरक्षा बल) मनजीत सिंह, मुख्य सुरक्षा अधिकारी राजीव कुमार और एसआई (एलआईयू) अजय कुमार के अलावा सुरक्षा एवं आपातकालीन सेवाओं के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# युवा अधिवक्ताओं ने मांगा स्टाइपेंड

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**


बार अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता को ज्ञापन सौंपते युवा अधिवक्ता। ● अमृत विचार

- **ज्ञापन सौंपकर शीघ्र निर्णय न लेने पर आंदोलन की दी चेतावनी**

**अमृत विचार :** दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद के युवा अधिवक्ताओं ने मासिक स्टाइपेंड (खर्च) स्वीकृत कराने की मांग को लेकर गुरुवार को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश, उच्च न्यायालय परिसर प्रयागराज के अध्यक्ष को संबोधित ज्ञापन एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता को सौंपा।

युवा अधिवक्ताओं ने बताया कि वह सभी बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में नामांकित अधिवक्ता हैं और दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के सदस्य हैं। वकालत के शुरुआती दौर में उन्हें गंभीर आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं के मार्गदर्शन में काम सीखने और अपनी प्रैक्टिस स्थापित करने में काफी समय लगता है। इस दौरान नियमित आय का अभाव बना रहता है। अधिवक्ताओं ने कहा कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने भी सभी राज्यों के जूनियर वकीलों के लिए न्यूनतम स्टाइपेंड की सिफारिश की है। इसके तहत शहरी क्षेत्रों में 20 हजार तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 15 हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाने का प्रावधान प्रस्तावित है। युवा अधिवक्ताओं ने उत्तर प्रदेश में भी इस व्यवस्था को जल्द लागू करने की मांग करते हुए कहा कि इससे वे बिना आर्थिक दबाव कर्तव्यों का निर्वहन कर सकेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही इस मांग पर निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन का रास्ता अपनाने को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में कुशल शर्मा, संदीप कुमार, रणजीत सिंह, सलमा, सिमरन चौधरी, विवेक कुमार, प्रदीप कुमार, मोनू, सुनील, जितेंद्र सिंह, शशांक, गुलबसा, सौरभ सहित अन्य युवा अधिवक्ता शामिल रहे।

**दावा** बारिश से कई फसलों को पहुंचा फायदा, गेहूं और सरसों को नुकसान की आशंका

# बारिश व ओलावृष्टि से फसलों को तीन से चार प्रतिशत नुकसान

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**


बारिश में भीगी खेत में पड़ी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

- **डीएम के निर्देश पर राजस्व, कृषि और बीमा कंपनी की संयुक्त टीम गठित**
- **संयुक्त सर्वे में किया जाएगा फसल को पहुंचे विस्तृत नुकसान का आकलन**

**अमृत विचार :** जिले में दो दिन हुई आंधी और बारिश का असर किसानों की फसलों पर सीमित रूप में देखने को मिला है। प्रारंभिक आकलन में कृषि विभाग ने करीब तीन से चार प्रतिशत फसल को नुकसान होने की बात कही है। हालांकि विभाग का दावा है कि यह नुकसान सामान्य श्रेणी में आता है और व्यापक स्तर पर फसल को क्षति नहीं पहुंची है।

उपनिदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि जिले में सभी आठ ब्लॉकों में न्याय पंचायत स्तर पर सर्वे कराया गया। इसमें पाया गया कि अधिकांश क्षेत्रों में फसल सुरक्षित है और बारिश से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। कुछ स्थानों पर जलभराव और तेज हवा के कारण हल्की क्षति जरूर दर्ज की गई है, लेकिन स्थिति नियंत्रण में है। इसके बावजूद जिला प्रशासन मामले को लेकर सतर्क है। जिलाधिकारी अनुज सिंह के निर्देश पर फसल बीमा से संबंधित संयुक्त टीम का गठन किया जा चुका है। इस टीम में राजस्व विभाग, कृषि विभाग और बीमा कंपनी इफको टोकियो के कर्मचारी शामिल हैं। यह टीम दोबारा विस्तृत सर्वे कर वास्तविक स्थिति का आकलन करेगी, जिससे यदि कहीं अधिक नुकसान हुआ हो तो किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जा सके।

वहीं किसानों का कहना है कि बारिश से जहां कुछ फसलों को नुकसान पहुंचा है, वहीं कई फसलों को इससे फायदा भी हुआ है। खासकर सब्जी की फसलों में नमी बढ़ने से उत्पादन पर सकारात्मक असर पड़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे खेतों में जल निकासी की उचित व्यवस्था बनाए रखें और मौसम की स्थिति पर लगातार नजर रखें। साथ ही, किसी भी प्रकार के नुकसान की जानकारी तत्काल संबंधित 72 घंटों के भीतर टोल फ्री नंबर 74447 पर जानकारी दें। इसके अलावा जिला कृषि अधिकारी व उप निदेशक कृषि के कार्यालय जमीन से संबंधित कागज देकर फसल के नुकसान के बारे में अवगत करा सकते हैं, जिससे नुकसान हुई फसल के बीमे के मुआवजे के लिए विभाग की ओर से समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### आंधी-बारिश से 226 ग्राम पंचायतें प्रभावित

उप निदेशक कृषि संतोष कुमार ने बताया कि जिले की चार तहसीलों में कुल 226 ग्राम पंचायतें प्रभावित हुई हैं। इनमें बिलारी तहसील में सर्वाधिक 91 ग्राम पंचायतें और कांठ में 40, सदर मुरादाबाद में 60 और ठाकुरद्वारा में 35 ग्राम पंचायतें आपदा की चपेट में आई हैं। आंकड़ों के अनुसार गेहूं की फसल को विशेष रूप से नुकसान हुआ है। विभिन्न क्षेत्रों में गेहूं की फसल का लगभग 1 से 5 प्रतिशत तक नुकसान आंका गया है। कुल मिलाकर सैकड़ों हेक्टेयर क्षेत्र में फसल प्रभावित हुई है, जिसमें प्रमुख रूप से 820 हेक्टेयर में 3-5 प्रतिशत, 230 हेक्टेयर में 1-2 प्रतिशत, 750 हेक्टेयर में 3-4 प्रतिशत तथा 450 हेक्टेयर में 2-3 प्रतिशत तक क्षति दर्ज की गई है।

# एसआईआर : जिले में कटे एक लाख से अधिक नाम

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- **आज जारी होगी अंतिम मतदाता सूची, 1.78 लाख से अधिक नये मतदाता जोड़े गए**

**अमृत विचार:** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इसमें करीब एक लाख से अधिक नाम कटे हैं, जबकि 1.78 लाख से अधिक नये मतदाता भी बने हैं। इसमें जनवरी में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के अलावा कई ऐसे भी हैं जिनके नाम किसी कारण से विलोपित हो गए थे। कई ने फार्म भरकर पते में भी संशोधन कराया है।

विधानसभा चुनाव के लिए कराए गए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में कई बार अंतिम तिथि को केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने बढ़ाया। कई महीने तक चली लंबी प्रक्रिया में करीब पौने दो लाख अनमैप्ड मतदाताओं को नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद उन्होंने अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज भी प्रस्तुत किया। वहीं एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले अर्ह युवाओं के नाम भी मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए फार्म 6 भरे गए। आनलाइन व आफलाइन प्रक्रिया से भी आवेदन प्राप्त हुए। इसका परीक्षण बीएलओ के माध्यम से कराने के बाद सूची को अंतिम रूप दिया गया। कई ऐसे भी मतदाता थे जो किन्हीं वजह से एक जगह से दूसरे जगह स्थानांतरित हो गए थे या कोई मृत हो गया था तो उसका नाम परिमार्जित किया गया। इसके बाद फाइनल सूची तैयार कर ली गई।

## ब्रीफ न्यूज

### पति ने मारपीट कर किया घायल, रिपोर्ट

बिलारी, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के गांव चांदपुर गनेश की रहने वाली महिला तनुजा ने मुकदमा दर्ज कराया कि 6 जनवरी को उसके पति जगदीश निवासी मोहल्ला चंदननगर जिला नैनीताल ने उसके साथ मारपीट की। जिसके बाद में अपने गांव चांदपुर गणेश में आकर रह रही थी। 20 मार्च को गांव में आकर पति जगबीर के अलावा वीरेंद्र सिंह निवासी नारायणपुर देवा ने उसके साथ मारपीट और गाली गलौज की, बाद में जान से मारने की धमकी देकर चले गए। आरोप है कि उसका पति खाने को नहीं देता नहीं खर्च के लिए पैसे देता है। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

### टीबी जांच कैंप में 77 लोगों की स्क्रीनिंग व चैस्ट एक्स-रे

संवाददाता, कांठ अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के ग्राम नया गांव व मौढी हजरतपुर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी (क्षय रोग) की रोकथाम एवं समय पर पहचान के उद्देश्य से विशेष जांच कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कुल 77 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिनके चैस्ट एक्स-रे भी कराए गए। कैंप के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को टीबी के लक्षणों, इसके संक्रमण से बचाव तथा समय पर जांच और उपचार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कैंप में डॉ. जगवीर सिंह, हिमांशु, प्रदीप, पंकज, निहाल खान ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और जांच कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

### काजीपुरा की बेटी समरीन ने स्किन कैंसर पर की पीएचडी

संवाददाता कुंदरकी अमृत विचार। कुंदरकी क्षेत्र के ग्राम काजीपुरा निवासी हाजी आशिक हुसैन प्रधान के बेटे राशिद अली खांन की बेटी समरीन जहां ने अपनी मेहनत और लगन से जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय नई दिल्ली से स्किन कैंसर विषय पर पीएचडी पूरी की।इस उपलब्धि से काजीपुरा गांव व कुंदरकी का नाम देशभर में रोशन हुआ। ग्रामीण परिवेश से निकली समरीन ने कठिनाइयों के बावजूद उच्च शिक्षा में यह सफलता हासिल की।परिजनों व ग्रामीणों ने समरीन को दिली मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी।

# बिजली विभाग की शिकायतों पर सख्त हुए मंडलायुक्त

## छजलैट विकास खंड के गढ़ी में ग्राम चौपाल लगाकर लोगों की शिकायतें सुनीं, ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

- एसडीओ को उपभोक्ताओं को सही जानकारी देने का निर्देश दिया, कहा लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी
- जल जीवन मिशन ग्रामीण में पाइप लाइन बिछाने के बाद रोड रेस्टोरेशन न करने पर जताई नाराजगी, मांगी विस्तृत रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



ग्राम गढ़ी में चौपाल लगाकर समस्याएं सुनते मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास खंड छजलैट के ग्राम पंचायत गढ़ी में "गांव की समस्या, गांव में समाधान" थीम पर सुबह सात बजे चौपाल लगाया गया। इसमें मंडलायुक्त ने बिजली विभाग की शिकायतों पर सख्त तेवर दिखाते हुए एसडीओ को कार्यशैली में सुधार लाने की चेतावनी दी। कहा कि उपभोक्ताओं को सही जानकारी दें, लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने अन्य विभागों के अधिकारियों को भी जन शिकायतों के निस्तारण में गंभीरता दिखाने का निर्देश दिया।

मंडलायुक्त ने ग्राम पंचायत के बुजुर्गों से गांव के ऐतिहासिक महत्व, गांव में पूर्व में मौजूद तालाबों की संख्या और वर्तमान में तालाबों की स्थिति, ग्राम पंचायत में लगने वाले पारंपरिक मेले, बाजार, आबादी आदि की जानकारी संवाद करते हुए ली। ग्रामीणों ने बिजली विभाग द्वारा जारी बिलों से हो रही समस्या और ढीले तारों की वजह से दिक्कतों को गिनाया। इस पर मंडलायुक्त ने एसडीओ को कार्यशैली में सुधार लाने की चेतावनी दी। कहा कि ग्राम पंचायत में शिविर लगाकर शिकायतों का निस्तारण कराया जाए जिसकी मॉनीटरिंग एसडीएम कांठ करें। स्मार्ट मीटर से दिक्कतों पर उन्होंने एसडीओ से सवाल किया, कहा कि समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देकर विद्युत उपभोक्ता को सही जानकारी दें। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 15 दिन में ग्राम पंचायत में ढीले तारों का सर्वे कराकर ठीक कराने के लिए कहा। निर्देश दिया कि जिन घरों तक अभी बिजली आपूर्ति नहीं हुई हैं वहां प्राथमिकता से विद्युत लाइन पहुंचाकर कनेक्शन दें।

ग्रामीणों ने कूड़ा डालने की समस्या बताई, इस पर मंडलायुक्त ने लेखपाल से खाद के गड्ढे के लिए आरक्षित जमीन एवं अन्य सार्वजनिक जमीनों के बारे में पूछा तथा समाधान कराने के लिए कहा। कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा भविष्य में निर्धारित होने वाले न्यूनतम यूजर चार्ज को पूरी जिम्मेदारी से जमा करें जिससे सफाई व्यवस्था को और बेहतर हो सके। गांव के कब्रिस्तान में गंदा पानी पहुंचने की शिकायत पर मंडलायुक्त ने एसडीएम को जरूरी कदम उठाने के लिए कहा। साथ ही ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन ग्रामीण के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने के बाद रोड रेस्टोरेशन कार्य न करने पर अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी। इसके बाद मंडलायुक्त ने पंचायत भवन गढ़ी में बनवाए गए जन सेवा केंद्र का भी लोकार्पण किया। ग्राम चौपाल में जॉइंट मजिस्ट्रेट आदित्य श्रीवास्तव, अपर आयुक्त अरुण कुमार सिंह, डीसी गजेन्द्र सिंह के साथ संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### विद्यालय परिसर में लड़कियों के लिए बने शौचालय

मंडलायुक्त ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से केंद्रों पर आने वाले बच्चों की गतिविधियों की जानकारी ली। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने जब संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो मंडलायुक्त ने नाराजगी जताई। जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि वह पिछले कई वर्षों से बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिट्टी के खिलौने बनवाने के लिए कह रहे हैं लेकिन इसका अनुपालन नहीं हो रहा है। गर्भवती महिलाओं को मंडलायुक्त में पोषण किट दी और विद्यालय में अध्यनरत बालिकाओं से उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। एडीओ पंचायत को निर्देश दिया कि विद्यालय परिसर में बालिकाओं के लिए शौचालय बनवाया जाए।

### कम राशन वितरित करने की शिकायत पर बिफरे

कम राशन देने की शिकायत पर मंडलायुक्त बिफरे। उन्होंने तत्काल राशन डीलर को बुलाया और कम राशन देने का कारण पूछा। राशन डीलर के जवाब से संतुष्ट न होने पर उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि राशन डीलर को जिस डिपो से राशन की आपूर्ति होती है वहां चेकिंग कराएं, आपूर्ति के दौरान यदि अनियमितता सामने आती है तो उसकी भी जांच कर कार्रवाई करें।

### वृद्धावस्था पेंशन न मिलने की शिकायत

चौपाल में मौजूद 90 साल के बुजुर्ग ने बताया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिल रही है और न ही फसल बीमा योजना एवं किसान सम्मान निधि प्राप्त हो रही है। इस पर मंडलायुक्त ने जिला समाज कल्याण अधिकारी के साथ-साथ उप निदेशक कृषि को जांच करने क निर्देश दिया। कहा कि पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ हर हाल में मिले, अधिकारी गंभीरता दिखाएं।

### कोर्ट के आदेश पर मारपीट-दुष्कर्म-लूट व आगजनी का मुकदमा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 11 महीने पहले हुई गंभीर वारदात में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आठ नामजद और चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव निवासी एक युवती ने कोर्ट में याचिका दायर कर बताया कि गांव के जीशान, शमीम तेली उर्फ नईम, रजिया, मोहम्मद नावेद, सोफिया, सानिया, अक्सा समेत अन्य लोग लंबे समय से उसके परिवार को प्रताड़ित कर रहे थे। आरोप है कि आरोपियों ने उनके छह पशुओं को जहर देकर मार डाला और परिवार की महिलाओं के साथ भी अभद्रता की। कहा गया है कि 5 अक्टूबर 2025 को आरोपियों ने उनके खंडहरनुमा घर में घुसकर लाठी-डंडों और चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान शिकायतकर्ता और उसके परिजनों के साथ मारपीट की गई, घर में तोड़फोड़ की गई और नगदी भी लूट ली गई। साथ ही शिकायतकर्ता और उसकी बहन के साथ छेड़खानी की और झोपड़ी में आग लगा दी, जिससे उनका काफी नुकसान हुआ। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने सभी नामजद आरोपियों समेत चार अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल जलकर राख

**मैनाठेर।** थाना क्षेत्र के गांव गुरेर में गुरुवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब अचानक गेहूं की खड़ी फसल में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि जुल्फेकार लतीफ के करीब 2 बीघा खेत के पास लगे ट्यूबवेल के ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी के कारण आग भड़क उठी। तेज हवा के चलते आग तेजी से फैलती चली गई और पड़ोस में गफ्फार हुसैन के खेत में खड़ी गेहूं की फसल को भी अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने किसी तरह आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। सूचना मिलते ही पुलिस और हल्का लेखपाल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

## स्टेनो हब के जनक रामसिंह का निधन, शिक्षण संस्थानों में शोक

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


राम सिंह गुरुजी।

**अमृत विचार :** क्षेत्र के लिए बुधवार की सुबह एक बेहद दुखद और हृदयविदारक खबर लेकर आई। स्टेनो क्रांति के जनक और हजारों युवाओं के भविष्य निर्माता गुरुजी के नाम से मशहूर रामसिंह अब इस दुनिया में नहीं रहे। बीती रात उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना से ठाकुरद्वारा और आसपास के इलाकों में शोक की लहर दौड़ गई। शोक में क्षेत्र के सभी कोचिंग सेंटर और शिक्षण संस्थान बंद रहे।

रामसिंह केवल एक शिक्षक नहीं, बल्कि एक ऐसी प्रेरणादायक संस्था थे, जिन्होंने छोटे से कस्बे ठाकुरद्वारा को प्रदेशभर में 'स्टेनो हब' के रूप में पहचान दिलाई। उन्होंने शिक्षा को रोजगार से जोड़ते हुए हजारों युवाओं के जीवन की दिशा बदल दी। ग्रामीण और साधारण परिवारों के युवाओं में आत्मविश्वास जगाकर उन्हें शॉर्टहैंड जैसे महत्वपूर्ण कौशल में दक्ष बनाया। उनके मार्गदर्शन में प्रशिक्षित हजारों युवा विभिन्न सरकारी विभागों, न्यायालयों और मंत्रालयों में स्टेनोग्राफर व निजी सचिव जैसे पदों पर सेवाएं दे रहे हैं। उनके पुत्र अनिरुद्ध चौहान ने गुरुवार को मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में जनसैलाब उमड़ा। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, भाजपा पूर्व प्रत्याशी ठाकुर अजय प्रताप सिंह, गौरव चौहान सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, एक्टिव प्रेस क्लब के पत्रकारों व छात्र, और क्षेत्रवासी श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

### महिला आरक्षण में पिछड़ों के लिए अलग कोटा की मांग

**मुरादाबाद,अमृत विचार :** पूर्व कैबिनेट मंत्री व कांठ विधायक कमाल अख्तर ने गुरुवार को अपने विधानसभा क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के निस्तारण के जिलाधिकारी अनुज सिंह से मुलाकात की। जिलाधिकारी ने समस्याओं के जल्द निस्तारण का भरोसा दिलाया।

कलेक्ट्रेट पर पत्रकारों से वार्ता के दौरान विधायक ने कहा कि उन्होंने मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर पार्टी की सतर्कता का दावा किया। निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता पर जोर दिया है। कहा कि पार्टी के 'पीडीए प्रहरी' और बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) जमीनी स्तर पर सक्रिय हैं और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक ने बताया कि 10 अप्रैल को जारी होने वाली मतदाता सूची की गहन जांच की जाएगी।

## युवती का अश्लील वीडियो वायरल करने में पांच के खिलाफ केस दर्ज

संवाददाता, भोजपुर

- दावत के बहाने घर बुलाकर खिलाया नशीला पदार्थ

**अमृत विचार :** पुलिस ने ग्रामीण की तहरीर पर बहन को ईद की दावत के खाने में नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोशी की हालत में दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने बताया है कि बहन की दोस्ती पड़ोस में रहने वाली युवती से है।ईद के अगली रात को पड़ोसी युवती ने बहन को दावत खाने घर पर बुलाया। रात को खाने में नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया। खाना खाने के कई घंटे बाद बहन को होश आया तो वह सहेली के भाई कामिल के बिस्तर पर नग्नावस्था में पड़ी थी। विरोध करने पर आरोपी ने निकाह करने का झांसा देकर चुप करा दिया। पीड़िता के भाई का कहना है कि बहन ने आरोपी पर निकाह करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने कहा कि मैंने तेरी अश्लील वीडियो बना ली है। शोर शराबा करेगी तो उसे सोशल मीडिया पर वायरल करके समाज में मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ूंगा। आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती से जबरदस्ती दुष्कर्म करता रहा। उत्पीड़न से तंग आकर बहन मानसिक रूप से तनाव में रहने लगी। तीन अप्रैल को बहन ने परिजनों को आपबीती सुनाई तो सभी दंग रह गए। आरोपी के पिता इब्राहीम से शिकायत करने उनके घर गया तो कामिल, उसके पिता इब्राहीम, मां हासरून भाई जीशान व बहन मेहरेनोज ने गाली-गलौज , मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया।

शिकायत से चिढ़ कर उसी दिन आरोपी ने बहन के साथ बनाई आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर अपने व्हाट्सऐप स्टेटस पर लगा दी। अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से बहन काफी डरी व सहमी हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी उसके माता-पिता, दो भाइयों और बहन के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अब्दुल्लापुर में दो पक्षों के बीच जमकर पथराव

संवाददाता कुंदरकी, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के अब्दुल्लापुर गांव में गुरुवार सुबह दो पक्षों के बीच पुरानी कहासुनी के चलते मारपीट व पथराव हो गया। एक दिन पूर्व विवाद शुरू हुआ था, जो गुरुवार को फिर भड़क गया। बातचीत गाली-गलौज से बढ़कर हाथापाई व पत्थरबाजी तक पहुंच गई। पथराव से गांव में अफरा-तफरी मच गई। घटना के दौरान एक बच्ची के घायल होने की सूचना है। पथराव का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर एक-दूसरे पर आरोप लगाते शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है।

### अधिवक्ता से मारपीट मामले में मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** अधिवक्ता के चैंबर में घुसकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम राजूपुर कलां निवासी सलीम अहमद एडवोकेट बुधवार को चैंबर में बैठे थे। तभी गांव का ही सुकेश पुत्र नरेश अपने दो अज्ञात साथियों के साथ जबरन घुस आया और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया।

हमलावरों ने लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे अधिवक्ता के गर्दन और हाथ में गंभीर चोटें आईं। हमलावर भागने लगे, लेकिन अधिवक्ताओं ने सुकेश को मौके पर ही पकड़ लिया, जबकि उसके दो साथी फरार हो गए। पकड़े गए आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पीड़ित अधिवक्ता की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैंने अपना नाम HINA ANSARI से बदलकर HEENA ANSARI D/o RASHID HUSAIN पाकबडा, मुरादाबाद रख लिया है। भविष्य में मुझे नए नाम से पहचाना जाए।

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैंने अपना नाम Banne Ahmad से बदलकर Banne S/o Chhote ग्राम रतूपुरा,संभल रख लिया है भविष्य में मुझे नए नाम से पहचाना जाए।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## शोभायात्रा में सुरक्षा को लेकर की चर्चा

- डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती की तैयारियों को बैठक

संवाददाता, कांठ


बैठक में मौजूद सभ्रांत व्यक्ति व अधिकारीगण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** थाना परिसर में क्षेत्र के सभ्रांत लोगों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती कार्यक्रम को परंपरागत तरीके से मनाने के लिए पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने चर्चा की और सुझाव दिए।

इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी शुभम पटेल ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव कार्यक्रम की शोभायात्रा परंपरागत रास्तों को ही निकलें। किसी तरह की कोई नई परंपरा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन गांवों और मोहल्लों में जिस तरह के कार्यक्रम पिछले वर्षों में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव कार्यक्रम में होते चले आ रहे हैं इस तरह से करें। इस अवसर पर एसडीएम संत दास पवार ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव कार्यक्रम शोभा यात्रा में कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस बात का विशेष ध्यान रखें कि शोभायात्रा एवं केक काटते समय कोई व्यक्ति नशीले पदार्थ का सेवन न करें और जिस तरह से पहले से कार्यक्रम करते चले आ रहे हैं इस तरह से करें। अगर किसी गांव में किसी तरह की कोई समस्या है तो बताएं ताकि समय रहते समस्या का निस्तारण कराया जा सके। इस अवसर पर कुंवर सुरेंद्र सिंह बिश्नोई अध्यक्ष सहकारी गन्ना समिति, थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम रामनरेश यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम, भाजपा के मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान, डॉक्टर सिराजुद्दीन अंसारी, डॉ मोहम्मद यूसुफ, राजपाल सिंह प्रजापति, सत्यवान राजपूत, जुल्फिकार ठेकेदार, ओम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में गुस्सा

संवाददाता, बिलारी

- जन संसद समिति ने तीसरे चरण का आंदोलन शुरू किया
- विद्युत विभाग के अधिकारियों ने मौके पर सुनीं समस्याएं

**अमृत विचार :** नगर में स्मार्ट प्रीपेड विद्युत मीटर के खिलाफ विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के तत्वाधान में जन संसद का आयोजन हुआ। जिसमें बिलारी के अलावा नगर देहात क्षेत्र के सामाजिक व राजनीतिक एवं किसान संगठन आंदोलन में शामिल हो गए और जन संसद समिति का गठन किया।

गुरुवार की शाम को अधिकारियों के बीच खुला संवाद हुआ और स्मार्ट मीटर की टीम भी मौजूद रही, विद्युत विभाग और एसडीओ के बीच जनता की समस्या सुनी गई। भारी तादात में लोग स्टेशन रोड स्थित बिजली घर पर पहुंचे जहां स्मार्ट मीटर से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। इसके अलावा विद्युत विभाग ने नगर बिलारी के लिए मोबाइल नंबर 6395417402 भी जारी किया, जिसमें उपभोक्ता सीधे अपनी समस्याओं को दर्ज कर सकते हैं। मौके पर ही कई समस्याओं का निस्तारण किया गया। समिति के लोगों ने बताया कि आंदोलन जब तक जारी रहेगा जब तक की प्रीपेड मीटर दोबारा पोस्टपेड में नहीं बदले जाते। इस मौके पर अनेकों लोगों ने अपने शिकायत पत्र दिए। जिसमें अलंकार गुप्ता, मोहम्मद शाकिर, सखावत हुसैन, दीपक कुमार, तौफीक अहमद आदि शामिल रहे। हाथों में लोगों ने पोस्ट लिए हुए थे। जिसमें पुरानी पोस्टपेड व्यवस्था बहाल करने की मांग उठाई। विद्युत विभाग के एसडीओ अवधेश कुमार ने कहा कि प्रीपेड मीटर में आ रही वर्तमान समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से डॉक्टर राकेश रफीक, फैसल रजा अंसारी, भयराज सिंह,डॉक्टर जितेंद्र कुमार दक्ष, अनिल ठाकुर, आशु बलियान, बबलू मसूदी, जसवीर सिंह ,सभासद हप्पू राजा, कासिम अंसारी, जीशान पाशा,कलीम नूरी, रंजीत यादव, दिनेश कुमार शर्मा, योगेश शर्मा, हरेंद्र सिंह, नाजिम अंसारी, तौफीक, शाहरुख, नईमुद्दीन ,बाबू, नसीमुद्दीन आदि सहित अनेको मौजूद रहे ।

### स्मार्ट मीटर विवाद में ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा पत्र

**संवाददाता, कांठ, अमृत विचार :** तहसील कांठ क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर माफी में स्मार्ट मीटर लगाने के विवाद ने तूल पकड़ लिया है। मामले में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र भेजकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाने, डराने-धमकाने और उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्राम प्रधान पति दिनेश कुमार की अगुवाई में काफी ग्रामीण एकत्रित होकर तहसील कांठ पहुंचे। ग्रामीणों द्वारा भेजे गए प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा लोकसभा में स्पष्ट कहा गया है कि स्मार्ट मीटर लगवाना अनिवार्य नहीं है, यह पूरी तरह वैकल्पिक है और उपभोक्ता चाहें तो पुराने मीटर का उपयोग जारी रख सकते हैं। इसके बावजूद अधिशासी अभियंता, एसडीओ एवं जेई पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और अनुसूचित जाति के लोगों पर दबाव बनाते हुए जबरन स्मार्ट मीटर लगाने लगे। विरोध करने पर ग्रामीणों को जेल भेजने की धमकी दी। कई उपभोक्ताओं की बिजली लाइन काटने की बात भी कही। इससे गांव में विवाद की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका है। ग्रामीणों ने कहा कि डरा-धमकाकर मीटर न लगाए जाएं। प्रशासन से मांग है कि संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में शांति व्यवस्था बनी रहे।

## न्यूज डायरी

### आजाद समाज पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बनीं डॉ. पूनम



**मुरादाबाद,अमृत विचार :** मूंढापांडे क्षेत्र के ग्राम बीरपुर थान निवासी डॉ. पूनम भारती को आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश प्रभारी रमेश चंद्र गंधर्व द्वारा की गई। नगीना सांसद व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद और प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ की संस्तुति पर उन्हें नियुक्ति पत्र जारी किया गया। पार्टी नेतृत्व ने डॉ. पूनम भारती के सामाजिक कार्यों एवं संगठन के प्रति उनकी सक्रियता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि वह महिला मोर्चा को सशक्त करते हुए संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगी। साथ ही महिलाओं के अधिकारों एवं सामाजिक उत्थान के लिए भी प्रभावी भूमिका निभाएंगी।




### भाकियू टिकैत की बैठक में किसानों की समस्याओं पर की चर्चा

**संवाददाता, कांठ, अमृत विचार :** तहसील कांठ के किसान भवन छजलैट पर किसानों ने मासिक बैठक कर किसानों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के पश्चिम उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह ने कहा कि स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट किसान हित में तत्काल लागू की जाए। किसानों की लागत का डेढ़ गुना मूल्य घोषित हो, स्मार्ट मीटर बिना उपभोक्ता की सहमति के न लगाए जाएं, बिजली बिलों की रीडिंग अधिक आ रही है बिजली विभाग किसानों का उत्पीड़न बंद करें। गन्ना वैरायटी को लेकर गन्ना विभाग मिल विभाग गुमराह ना करें, रेट में जो अधिक अंतर है वह काम किया जाए। ग्राम दाढ़ी खिचड़ी से देहरी तक गंगा नदी का खदान करवा कर उसके किनारे बनवाए जाएं। किसान क्रेडिट कार्ड, जिला सहकारी बैंक में तीन प्रतिशत और अन्य बैंकों में चार प्रतिशत ब्याज पर ही रेनवाल कराया जाए। तेंदुए की दहशत से किसान परेशान है। पिंजरे लगवा कर तेंदुए पकड़वाया जाए। कांठ बस्ती में जो जल भराव है उसका नियंत्रण किया जाए। बैठक में चौधरी ऋषिपाल सिंह, तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हरदीप सिंह, राम कला सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अंगद चौधरी, महानगर अध्यक्ष पंकज चौधरी, वरुण सिंह, मुकेश ढाका, परविंदर ढाका, कदीर अंसारी, मुकेश चौधरी आदि किसान मौजूद रहे।



### छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्यक्रम का किया वितरण

**कांठ, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय राजीपुर खद्दर कम्पोजिट में कक्षा एक सेआठ तक के विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक सादगी पूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुनीत कुमार ,शिवानी वशिष्ठ,अरुण कुमार, मोहम्मद अरीब, बबीता शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को नई पुस्तकों का वितरण कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पुस्तकों का सही उपयोग स्वच्छता बनाए रखना तथा नियमित अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया पुस्तक प्राप्त कर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर परविद्यालय के समस्त शिक्षक गणअभिभावक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ । कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक आदि का सहयोग रहा।



### सिद्ध बाबा बालकनाथ के दर्शन को जत्था रवाना

**संवाददाता, कांठ, अमृत विचार :** रामपुर से श्रद्धालुओं का एक जत्था पदयात्रा करते हुए हिमाचल प्रदेश में स्थित सिद्ध बाबा बालक नाथ के दर्शनों के लिए गुजरा। जहां शिव भक्तों ने उनका स्वागत कर उत्साहवर्धन किया। रामपुर जनपद से एक जत्था हिमाचल प्रदेश में स्थित सिद्ध बाबा बालक नाथ के दर्शनों के लिए रवाना हुआ। जो गुरुवार की दोपहर कांठ हरिद्वार हाईवे से पदयात्रा करते हुए तहसील के समीप से गुजरा। श्रद्धालुओं कहना था कि सिद्ध बाबा भोलेनाथ जी को शिव का अवतार माना जाता है। मान्यता है कि बाबा जी के दर्शन मात्र से सभी दुख दर्द और बाधाएें दूर हो जाती हैं। जत्थे का स्वागत आचार्य भावेश शर्मा, पंकज भदौरिया, संजय कौशिक, अमित कौशिक, अनिल शर्मा, सुनील शर्मा, ओंकार सिंह आदि शिव भक्तों ने करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। जत्थे में रामपुर निवासी भगत दास, हरपाल सिंह, गुरु प्रताप सिंह, कुलविंदर सिंह, अमरजीत सिंह, गुरु प्रताप सिंह, वैभव कौशिक, चरणजीत सिंह, दिलबाग सिंह अमृतपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### दो हजार युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार का अवसर

**रामपुर ,अमृत विचार :** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए शासन द्वारा जिले के दो हजार लाभार्थियों को योजना के लाभ का लक्ष्य मिला है। उपयुक्त उद्योग अनुराग यादव ने बताया कि उन्होंने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा 8 उत्तीर्ण तथा आयु 21 से 40 वर्ष के मध्य होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी योजना का लाभ लेने के लिए विभागीय वेबसाइट msme.up.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की समस्या अथवा अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी कार्यालय दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र, रोशनबाग, रामपुर में संपर्क कर सकते हैं। सरकार की इस योजना से युवाओं को स्वरोजगार करने में फायदा मिलेगा। कहा गया है कि इच्छुक अभ्यर्थी अपनी आवेदन कर सकते हैं। ताकि जल्द लाभ प्राप्त कर सकें।

### अंबेडकर जयंती पर वाल्मीकि बस्ती से निकलेगी प्रभात फेरी

**अमृत विचार, रामपुर :** तोपखाना गेट स्थित भारतीय अंबेडकर सभा के कार्यालय पर गुरुवार बैठक हुई। संगठन के मुख्य संरक्षक दिनेश मानव ने कहा कि 14 अप्रैल को भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जन्मोत्सव पर सुबह 9 बजे प्रभात फेरी निकलेगी। अंबेडकर संदेश यात्रा के रूप में कैम्प कार्यालय तोपखाना, वाल्मीकि बस्ती से निकाली जाएगी। प्रभात फेरी बापू मॉल, मछली बाजार, फराशखाना, हामिद गेट, सर्राफा बाजार, चाकू मार्केट, बाजार नसरुल्लाह खां, कोतवाली गेट, नगर पालिका, शाहबाद गेट, थाना सिविल लाइन से होते हुए अंबेडकर पार्क पहुंचेगी। आंबेडकर पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा का समापन किया जाएगा। मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना, विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष सना खानम मामून शाह खां प्रभात फेरी का शुभारंभ करेंगे। संगठन के संयोजक दीप लव ने बताया कि 14 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने समाज से अपील करते हुए कहा कि इस अम्बेडकर संदेश यात्रा में ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल होकर बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित करें।

# श्री बाला जी शोभायात्रा में झांकियों ने मनमोहा

## कोसी मंदिर रोड स्थित रामलीला मैदान से निकालीं झांकियां, श्री राम सेवा भक्त समिति ने की व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


श्री बाला जी शोभायात्रा में शामिल शहर विधायक आकाश सक्सेना एवं भक्त। ● अमृत विचार


भगवान हनुमान का बाल रूप धरे बच्चा।

**अमृत विचार:** श्री राम भक्त सेवा समिति के तत्वावधान में निकली श्री बाला जी शोभा यात्रा में शामिल झांकियों ने मन मोह लिया। शोभायात्रा में बुलडोजर पर श्री राम दरबार मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। इससे पहले कोसी मंदिर रोड स्थित उत्सव पैलेस से महंत राकेश वार्ष्णेय ने नारियल तोड़कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान जय श्रीराम और जय श्री बाला जी महाराज के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रही।

रामलीला मैदान से निकाली गई श्री बाला जी शोभा यात्रा में श्री गणेश जी, अखाड़ा मनक उस्ताद, रावण-अंगद संवाद, भगवान शिव का रथ, परशुराम-लक्ष्मण संवाद, श्री जगन्नाथ जी का रथ, श्री राधा कृष्ण की झांकी, हनुमान जी का बाल रूप, महाकाल, सड़क पर घूमते अघोरी, पुष्पक विमान, राम दरबार, बाहुबली हनुमान सड़क पर, शिव-पार्वती, बाली-सुग्रीव युद्ध, लंका दहन, श्री बाला जी दरबार समेत 24 झांकियां शामिल रहीं। शोभा यात्रा अग्रवाल धर्मशाला रोड, सर्राफा बाजार, चंपा कुंवरि रोड, मंदिर वाली गली, मिस्टन गंज, राजद्वारा, माला टाकीज स्थित मंदिर पहुंची। समिति के जिलाध्यक्ष सुशील अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, संस्कृति, धर्म और एकता को मजबूत करते हैं। साथ ही युवा पीढ़ी को सनातन परंपराओं से जोड़ने का कार्य भी करते हैं। कहा का शोभायात्रा में बरेली, चंदौसी, बिजनौर, धामपुर, अमरोहा, हसनपुर, मुरादाबाद, बिलासपुर, बदायूं, पीलीभीत, बहेड़ी, शाहबाद, पटवाई, स्वार-टांडा से आए भक्त शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान भक्त जयकारे लगाते चल रहे थे। शोभा यात्रा में शहर विधायक आकाश सक्सेना, समिति के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, प्रशांत कुमार शर्मा, पवन जैन, सोमेश गोयल, कमलेश गुप्ता, पीयूष कुमार, सूर्य प्रकाश पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, अवधेश शर्मा, अंकित कुमार, रविंदर मिश्रा, विवेक गुप्ता, बबलू अग्रवाल, राजीव मांगलिक, अनिल सक्सेना, जुगेश अरोड़ा कुक्कू, मोहित अग्रवाल, दिनेश कुमार, निरंकार शरण, प्रियांशु गोयल, अनुल गोयल, सजल अग्रवाल, अरविंद आदि मौजूद रहे।

### रात को सजा श्री बाला जी का दरबार

माला रोड स्थित मंदिर में श्री बाला जी शोभा यात्रा के पहुंचने के बाद रात्रि में श्री बाला जी का दरबार लगा और भजन कीर्तन हुआ। भक्तों ने बाबा के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। इसके बाद बाबा के भंडारा हुआ और लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।


शोभायात्रा में बाल रूप में सजे कलाकार।


बुलडोजर पर सजा श्री राम दरबार।

# भाकियू अराजनैतिक ने समस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन


डीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू अराजनैतिक से जुड़े किसान नेता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- बेमौसम बारिश से हुए किसानों के नुकसान का मुआवजा मांगा

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला संगठन मंत्री फरीद खां व जिला महासचिव बाबर खां के नेतृत्व में किसानों ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें बेमौसम बारिश से किसानों की बर्बाद फसलों को लेकर मुआवजा देने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा कि गेहूं की बिक्री का समय आ चुका है, रामपुर में तोल क्रय केंद्र अधिक से अधिक संख्या में बनाएं जाएं, ताकि किसानों को परेशानी ना हो। फसल की लागत लगातार बढ़ रही है, लेकिन किसानों को उपज का सही दाम नहीं मिल रहा है। किसानों को सही दाम मिलना चाहिए। इस दौरान फरीद खां, बाबर खा, अब्दुल रज्जाक खान, मौ. शादाब, मुताहिर खां, समीर खां सहित किसान मौजूद रहे। वहीं संगठन के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार ने मिलक तहसील में कार्यकर्ताओं के साथ उपजिलाअधिकारी को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने जुड़ी विभिन्न समसस्याओं को लेकर अपनी मांगे रखीं। किसानों ने चेतावनी दी कि सभी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आने वाली 17 अप्रैल को जिलेभर के किसान रामपुर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर आंदोलन पर मजबूर होंगे। इस दौरान सुनील मौर्य, भानु गंगवार, रामपाल पटेल, रामबहादुर गंगवार, रामदास कोली, मुनीश कुमार, बाबू राम, नरेन्द्र गंगवार, चौ राजपाल सिंह, ज्यंसी प्रसाद मौर्य आदि किसान मौजूद रहे।

# विशेष संचारी रोग जागरूकता रैली निकाली

- स्वार में उच्च माध्यमिक विद्यालय रुस्तम नगर में संपन्न हुई रैली

संवाददाता, स्वार


स्वार में रैली निकालते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में विशेष संचारी रोग जागरूकता रैली डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुस्तम नगर में संपन्न हुई।

प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि स्वस्थ व्यवहार अपनाना है, संचारी रोग हराना है। उन्होंने नाखून, दांत व शरीर की स्वच्छता, घर आंगन और नालियों की नियमित सफाई, पूरे बाजू के कपड़े पहनने तथा मच्छरदानी के उपयोग पर जोर दिया। साथ ही मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, टीबी और कुष्ठ रोग से बचाव के उपाय बताए तथा फल-सब्जियों को स्वच्छ पानी से धोकर उपयोग करने की सलाह दी। इसके बाद रैली विद्यालय से मुख्य मार्ग, डॉ. दीपचंद सरस्वती शिशु मंदिर, बालाजी पेट्रोल पंप होते हुए रैली निकाली गई।

छात्रों ने अपने बच्चों को स्कूल भेजो, पढ़े बेटियां बढ़े बेटियां जैसे नारे लगाए। रैली में चिकित्सा अधीक्षक डा. राजीव कुमार चंदेल के निर्देशन में शिल्पी सक्सेना, नेहा परवीन, संतोष, राजेश्वरी, शिवानी भटनागर, सुनीता रानी मौर्य, अंजली मौर्य, पूजा टैगोर, कलावती देवी सहित अनेक लोग शामिल रहे। इस अवसर पर प्रकाश बाबू, अनिल कुमार, संजय सिंह, विजेंद्र सिंह, ब्रजकिशोर मौर्य, नरोत्तम सिंह मौर्य, उमेश कुमार, धर्मेंद्र सिंह, गौरव सिंह का सहयोग रहा। रैली में कुमारी शिखा, नंदिनी, अंशिका, अनामिका, ख्याति लोधी, रौनाक्षी, माही, सौम्या आदि मौजूद रहे।

# बारिश से खराब गेहूं फसल का किसानों ने मुआवजा मांगा

- भाकियू अंबावता से जुड़े किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
- बिलासपुर तहसील में जोरदार नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

संवाददाता बिलासपुर


बिलासपुर में विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील में प्रदर्शन करते भाकियू अंबावता के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भाकियू अंबावता से जुड़े किसानों ने गुरुवार को बेमौसम बारिश से खराब हुई गेहूं की फसल का सर्वे कराकर मुआवजा दिए जाने आदि मांगों को लेकर तहसील में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। बाद में उपजिलाधिकारी को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की।

संगठन के जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी के नेतृत्व में एकत्रित होकर किसान तहसील भवन पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओं ने विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। बाद में एक शिष्ट ने एसडीएम अरुण कुमार से मुलाकात कर पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि गेहूं क्रय केंद्र प्रभारियों द्वारा बारदाना न होने के बहाना बनाकर गेहूं नहीं तौला जा रहा है। मामले की जांच कर खरीद में तेजी लाएं जाने, गांव मानपुर ओझा की बंगाली कॉलोनी में बिना मान्यता के चल रहे स्कूल की जांच कर कार्रवाई किए जाने, प्राइवेट स्कूलों द्वारा अभिभावकों से मनमाने तरीके से फीस वसूली जा रही है। जिसे अभिभावक परेशान हैं। किसानों की आरसी पर रोक लगाने आदि की मांगें है। उन्होंने अधिकारियों से समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की हैं। इस मौके पर रईस अहमद, जगतार सिंह, मोहम्मद आसिम रजा, अहकाम मिर्जा, जमील अहमद, मोहम्मद अहमद, जमुना प्रसाद, गेंदनलाल, बलवीर सिंह, साबिर अली, इमरान रजा, ऊषा देवी, रमा मंडल, रेखा रानी, सद्दीक अहमद, करीमुद्दीन आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा चौपाल में नामांकन बढ़ाने पर जोर

- सैदनगर के न्याय पंचायत लालपुर कलां प्रा. विद्यालय में आयोजन
- अभिभावकों से बच्चों को स्कूल भेजने की अपील

कार्यालय संवाददाता रामपुर


प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला में उपस्थित बच्चे और शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** ब्लॉक सैदनगर के न्याय पंचायत लालपुर कला स्थित प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला में गुरुवार को शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा चौपाल कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सक्सेना ने किया।

खंड शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और शिक्षा को उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बनाएं। संचालनकर्ता शबनम आरा ने बताया कि चौपाल का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक अभिभावक को अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने के लिए प्रेरित करना है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने वाले प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला के 15 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। साथ ही निपुण हुए विद्यालयों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एआरपी, राशि सक्सेना, प्रभात कुमार, शिक्षक संकुल सुनील सक्सेना, शबनम आरा, छवि त्यागी,अनिल कुमार, नीतू भारद्वाज एवं समस्त शिक्षकगण रीना, बुशरा फिरदौस, निदा खान, नंदकिशोर, अनिल कुमार ,आराधना सक्सेना, संदीप शर्मा, जफर शाह, नजमा खातून, अनिल कुमार, अभिषेक शर्मा, अजय , इदरीस, सायबा बी के साथ बड़ी संख्या में अभिभावकों ने सक्रिय सहभागिता की।

# जनता दर्शन में जरूरतमंदों को डीएम ने सौंपे आयुष्मान कार्ड

कार्यालय संवाददाता रामपुर


जिवाई कदीम निवासी महिला को आयुष्मान कार्ड सौंपते डीएम।

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं को सुना। जनता दर्शन में आवास, पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य, भूमि विवाद एवं राजस्व संबंधी प्रकरणों सहित विभिन्न प्रकार की समस्याएं एवं मांग पत्र प्राप्त हुए। इस दौरान तहसील मिलक के ग्राम जिवाई कदीम निवासी जीवन देवी एवं उनके पुत्र अनुज को आयुष्मान कार्ड सौंपा गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आयुष्मान योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है, जिसके माध्यम से पात्र लाभार्थी निःशुल्क एवं बेहतर उपचार प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र व्यक्तियों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी योजना से वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

# सांसद ने अदा कराई मोहसिना किदवई की नमाज ए जनाजा


नोएडा में कांग्रेस नेता मोहसिना किदवई की नमाज ए जनाजा अदा कराते सांसद नदवी।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** रामपुर सांसद मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मोहसिना किदवई के इंतकाल पर दुख जताया और उनके नोएडा स्थित आवास पहुंचकर खिराजे अकीदत पेश की। सांसद नदवी ने उनके नजाम ए जनाजा भी अदा कराई। सांसद नदवी ने कहा कि मोहसिना किदवई का दुनिया कूच कर जाना मुल्क की सियासत के लिए एक बड़ी क्षति है। वह न सिर्फ एक निहायत तजुर्बेकार सियासतदां थीं, बल्कि स्वतंत्रता सेनानी खानदान से ताल्लुक रखती थीं। बाराबंकी की सरजमीं से उठकर उन्होंने राज्यसभा और लोकसभा में जो खिदमात अंजाम दी हैं, उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा। वह इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की बेहद विश्वसनीय और करीबी साथियों में शुमार थीं। ये जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब ने दी।

# कृषि मंत्री ने खराब फसलों का लिया जायजा

- बिलासपुर क्षेत्र में बारिश से हुए नुकसान पर बंधाया ढांढस
- किसानों ने की उचित मुआवजा दिलाने की मांग

संवाददाता, बिलासपुर


गांव माटखेड़ा में गेहूं की फसल का निरीक्षण करते कृषि राज्यमंत्री औलख व अधिकारी।

**अमृत विचार:** कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने क्षेत्र में गुरुवार को बेमौसम हुई बरसात से किसानों की फसलों को हुए भारी नुकसान का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभावित खेतों में जाकर फसल की स्थिति देखी और व्यथित किसानों को ढांढस बंधाया।

गुरुवार को कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने गांव कचनाल, अंबरपुर, माटखेड़ा आदि गांवों के किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार संकट की इस घड़ी में अन्नदाताओं के साथ खड़ी है। किसानों की पीड़ा को देखते हुए उन्होंने मौके पर ही प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम स्वार अमन देओल जी व लेखपाल आरती को तत्काल नुकसान का सटीक और निष्पक्ष सर्वे कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रभावित किसानों को समयबद्ध तरीके से उचित मुआवजा दिलाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे धरातल पर जाकर हर प्रभावित किसान का विवरण दर्ज करें, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति सहायता से वंचित न रहे। इस दौरान ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, शमशेर सिंह शेरा, लखविंदर सिंह हैप्पी, मंडल अध्यक्ष सुखदेव सिंह चीमा, बिहार नगर सहकारी समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह विर्क सहित राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही।

## न्यूज डायरी



### सैफनी के देवीपुरा में भाजपाइयों ने स्थापना दिवस मनाया

**संवाददाता सैफनी,अमृत विचार :** सैफनी क्षेत्र देवीपुरा गांव में गुरुवार को भाजपाइयों ने पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। मुख्यातिथि भाजपा के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा भाजपा सर्व समाज की पार्टी है। प्रत्येक बूथ तक स्थापना दिवस के कार्यक्रम चल रहे है। जब से केंद्र एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तब से खुशहाली का दौर आया है। प्रदेश उत्तम प्रदेश बन रहा है भयमुक्त समाज की स्थापना हुई है। डालचंद शर्मा इंटर कॉलेज बड़ा गांव धुरियाई में भी स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान शाहबाद ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पति वेद प्रकाश सागर, मंडल महामंत्री राकेश कश्यप, मंडल उपाध्यक्ष राहुल पांडेय, धर्मपाल लोधी, डालचंद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रवीण शर्मा, पप्पू सिंह पाल, आराम सिंह पाल, अभिषेक पाल, ध्यान सिंह पाल आदि लोग मौजूद रहे।



### भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम में गांव चलो अभियान चलाया

**संवाददाता स्वार अमृत विचार :** भाजपा नगर मंडल में ग्राम पंचायत इमरतपुर, धनोरी, छपरा और रुस्तम नगर में पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम में गांव चलो अभियान चलाया। शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी ने दीप प्रज्वलित कर किया। नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक हरि सिंह लोधी ने संचालन करते हुए सभी बूथ अध्यक्षों, सेक्टर संयोजकों एवं लाभार्थियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सम्मान समारोह एवं लाभार्थी संपर्क अभियान भी चलाया गया। मुख्यातिथि दलीप अरोड़ा, अमृता रंधावा और पंकज सैनी भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने स्थापना दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और गांव चलो अभियान को सफल बनाने के लिए लाभार्थियों से संपर्क कर जागरूक किया। साथ ही वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया और स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में गजेंद्र लोधी, रिंकू सैनी, अतर सिंह, प्रमोद मौर्या, राजेश कुमार शर्मा, आशु, सूरज वाल्मीकि, अमित सक्सेना, हरीश मौर्य, रामचंद्र दिवाकर, सुनील दिवाकर, मदनलाल, ओम प्रकाश आदि रहे।



### बौद्ध धर्म महाधिवेशन में सम्मानित हुए रामपुर के डॉ. अरविंद गौतम

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय बौद्ध महासभा उत्तर प्रदेश द्वारा खुर्जा बुलंदशहर में आयोजित तीन दिवसीय विशाल बौद्ध धर्म महाधिवेशन में रामपुर के डॉ. अरविंद गौतम सम्मानित हुए। वो महासभा के प्रांतीय महामंत्री हैं और राजकीय हामिद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रह चुके हैं। वो 31 मार्च 2026 को वो सेवानिवृत्त हुए हैं। उनके द्वारा बौद्ध धर्म और डॉ. आंबेडकर मिशन के साथ शैक्षिक, सामाजिक, धार्मिक सेवाएं देने पर विशिष्ट धर्म सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। वो महासभा की युवा एवं बाल विकास समिति के 1996 से 2017 तक और 2021 से 2023 तक अध्यक्ष रहे हैं। पांडिचेरी के पूर्व डीजीपी एवं दिल्ली प्रदेश के पूर्व स्पेशल कमिश्नर पुलिस आईपीएस अधिकारी सुनील कुमार, उप्र पूर्व कैबिनेट मंत्री धर्मवीर सिंह अशोक, महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष एडवोकेट मानसिंह गौतम, महासभा के प्रांतीय उपाध्यक्ष संघप्रिय गौतम, बीडीबीआरए संस्थान के अध्यक्ष कैलाश चंद्र बौद्ध, गाजियाबाद के अशोक कुमार गौतम, विश्वजीत गौतम आदि ने उनको शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में देश-विदेश से आए उपासक-उपासिकाओं की उपस्थिति रही।



### बंदर के शव का हनुमान भक्तों ने किया अंतिम संस्कार

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** कोतवाली टांडा के क्षेत्र के गांव रूपापुर सिरका पट्टी में एक बंदर की मौत के शोक जताया। इसके बाद भक्तों ने स्थानीय पुजारी के मार्गदर्शन में वानर का दफनाकर अंतिम संस्कार किया। लोगों के अनुसार बंदर को गांव वालों का प्रिय था। हनुमान भक्तों ने धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार वानर को सम्मान पूर्वक दफनाने का निर्णय लिया। स्थानीय पुजारी ने पूरे विधि-विधान से अंतिम संस्कार संपन्न कराया। इस मौके पर सुभाष सिंह, प्रेमपाल सिंह, सोमपाल सिंह, सतेंद्र सिंह, विकास, राजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# सैफनी में दो मासूम बच्चियों का अपहरण कर भागे बाइक सवार

## मासूमों ने बताया कि बदमाश उन्हें चॉकलेट का लालच देकर चुप रहने की धमकी दे रहे थे



घटना के बाद मौके पर जमा भीड़ । ● अमृत विचार



अपहरण की गई बच्चियां।



जानकारी लेती पुलिस । ● अमृत विचार

संवाददाता सैफनी (रामपुर)

● ग्रामीणों ने पीछा किया तो एक किलोमीटर दूर बच्चियों को छोड़कर फरार, मचा हड़कंप

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के भजनपुर गांव में बुधवार रात एक शादी समारोह के दौरान उस समय हड़कंप मच गया, जब बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने मैरेज हॉल के पास खड़ी दो मासूम चचेरी-तहेरी बहनों का अपहरण कर लिया। घटना के बाद हड़कंप मंच गया।

ग्रामीणों की सक्रियता और बच्चियों के शोर मचाने पर बदमाश दोनों को करीब एक किलोमीटर दूर चौराहे पर छोड़कर फरार हो गए। मासूमों ने बताया कि बदमाश उन्हें चॉकलेट का लालच देकर चुप रहने की धमकी दे रहे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बुधवार रात थाना क्षेत्र के भजनपुर गांव निवासी शाकिर अली के बेटे फुरकान का शादी समारोह चल रहा था।

करीब साढ़े 9 बजे दूल्हे के परिवार की दो बच्ची 10 वर्षीय अक्सा नूर पुत्री शरीफ और 8 वर्षीय आलिया पुत्री आलिम चचेरी-तहेरी बहने घर से थोड़ी दूरी पर मैरिज हॉल के पास खड़ी थीं। आरोप है कि दो बाइक सवार बदमाश उनके पास आए और एक बाइक पर बैठा रहा, जबकि दूसरे ने दोनों को जबरदस्ती उठाकर बाइक पर बैठा लिया और फरार हो गए। शादी में मौजूद लोगों ने यह मामला देखा तो हड़कंप मच गया। इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना देकर तुरंत बदमाशों का पीछा करना शुरू कर दिया। दूसरी तरफ बदमाश लोगों को पीछे आता देख और बच्चियां के शोर मचाने पर घबरा गए। जिसके बाद उन्होंने भजनपुर से करीब एक किमी. दूर सैफनी चौराहे पर डॉ. भीमराव अंबेडकर मूर्ति के पास दोनों मासूमों को सड़क पर छोड़कर फरार हो गए। घबराई बच्चियों को लोग घर लेकर पहुंचे। पूछने पर बच्चियों ने बताया कि दोनों बाइक सवार उन्हें पैसे और चॉकलेट देने की बात कह रहे थे। इसके अलावा धमकाते हुए शोर न करने को भी कह रहे थे। बताया कि वह चीखने लगीं तो बदमाश घबरा गए और उन्हें बाइक से उतार कर भाग गए। अपहरण कि इस सनसनीखेज वारदात के बाद नगर में दहशत का माहौल पैदा हो गया। घटना के बाद लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौके का मुआयना किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। पुलिस अपहरण करने वालों की तलाश में जुटी है। घटना को लेकर प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मिश्रा का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे चेक किए जा रहे हैं, घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। फिर भी जांच की जा रही है, अगर पुष्टि होती है तो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### कार की टक्कर से बाइक सवार सुरक्षा गार्ड घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार** : केमरी मार्ग पर कार चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार सिक्योरिटी गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यह दुर्घटना रात करीब नौ बजे केमरी रोड पर राधे निवास कॉलोनी के पास हुई। शहजादनगर थाने के गांव नरखेड़ा निवासी घनश्याम पटेल नेशनल हाईवे पर जीरो प्वाइंट से आगे एक ढाबे पर सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत हैं। वह बाइक से ड्यूटी पर जा रहा था। तभी अचानक सामने से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। बाद में घटनास्थल पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई, जिन्होंने घायल गार्ड को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्साधिकारी डॉ. तारिक इमरान ने घायल का प्राथमिक उपचार के उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं आई है।

### एसआईआर कार्य पूर्ण, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 10 को

**रामपुर, अमृत विचार** : उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार वर्मा ने बताया कि अर्हता 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के दृष्टिगत अंतिम रूप से तैयार निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 को होगा। जिला स्तर एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में एवं प्रत्येक पदाभिहित स्थलों पर प्रकाशन होगा। अंतिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक नामावली जिला स्तर पर जिला निर्वाचन कार्यालय में, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में तथा जिले के सभी मतदेय स्थलों पर एक सप्ताह की अवधि के लिए निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। कोई भी मतदाता प्रकाशन स्थलों पर जाकर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में अपना अथवा अपने संबंधी का नाम देख सकता है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त जनसामान्य द्वारा अंतिम मतदाता सूची का निरीक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी रामपुर की वेबसाइट https://rampur.nic.in एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ की वेबसाइट https://ceouttarpradesh.nic.in/ पर भी किया जा सकता है। जिले में 6 जनवरी 2026 को आलेख्य प्रकाशन पर कुल मतदाता 1,43,6181 थे।

# शादी का झांसा देकर महिला से किया शारीरिक शोषण

**बिलासपुर, अमृत विचार:** एक महिला ने शादी का झांसा देकर एक साल तक शारीरिक शोषण करने और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने बताया कि पांच साल पहले उसकी शादी मिलक के एक गांव में हुई थी। उसको एक चार साल का एक बेटा भी है। उसके पति के दोस्त मुस्तफा का उनके घर पर आना-जाना था। आरोप है कि मुस्तफा ने महिला को प्रेमजाल में फंसाकर उसके पति से तलाक करवा दिया। इसके बाद मुस्तफा ने शादी का वादा कर एक साल तक महिला का शारीरिक शोषण किया। एक साल बाद मुस्तफा और उसके रिश्तेदार नईम चौधरी व कबीर ने महिला पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। जब महिला ने इससे इनकार किया तो तीनों ने उसके साथ मारपीट की, उसे घर से निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद महिला ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। बिलासपुर थाना प्रभारी जीत सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर मुस्तफा, नईम चौधरी और कबीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की विवेचना कर रहे हैं, जिसके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रामपुर को 2-1 से हराकर मेरठ सेमीफाइनल में पहुंचा



महात्मा गांधी स्टेडियम पर भिड़तीं मेरठ और रामपुर की टीमें। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● महात्मा गांधी स्टेडियम पर हो रहा प्रदेश स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट

**अमृत विचार:** स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में क्रीड़ा भारती एवं अंबेडकर क्लब के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर फुटबॉल टूर्नामेंट में गुरुवार को मॉर्निंग क्लब रामपुर और मेरठ की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। मुकाबले में मेरठ ने रामपुर को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

स्टेडियम पर मुख्य अतिथि डॉ. मोहम्मद जफर एवं विशिष्ट अतिथि यासीन उर्फ गुड्डू ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। पहले हाफ में मेरठ की टीम के खिलाड़ी ने गोल कर टीम का खाता खोल दिया। पहले हॉफ में रामपुर की टीम के खिलाड़ी गोल करने के लिए प्रयास करते रहे लेकिन, प्रयास सफल नहीं हुए। दूसरे हॉफ के 39 वें मिनट में मेरठ की टीम के खिलाड़ी ने शानदार पास के द्वारा दूसरा गोल कर अपनी टीम को 2-0 की बढ़त दिला दी। मैच के 43 वे मिनट में मेरठ के खिलाड़ी द्वारा डी में हैंड हो गया जिसकी बदौलत मैच रैफरी ने पेनाल्टी दे दी। मॉर्निंग क्लब रामपुर के खिलाड़ी ने पेनाल्टी से गोल कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों का स्कोर 2-1 हो गया। निर्धारित समय में मेरठ ने मॉर्निंग क्लब रामपुर को 2-1 से हरा कर सेमीफाइनल में जगह बना ली। मैच के निर्णायक अजीत कुमार जबकि, लाइन मैन आदित्य और हिमेश रहे। इस मौके पर मनोज कुमार, अभिषेक लाल, विकास कुमार, महेश कुमार, नीरज चौहान, प्रतेश श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार, आकाश बाबू, अमित चौहान, कन्नौज जी, नितिन, वरुण, रोनित, राज आदि मौजूद रहे। कमेंट्री विजेंद्र कुमार और जहीर ने की। क्रीड़ा भारती उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि शुक्रवार को पहला सेमीफाइनल मैच कुंडेश्वरी और यंग मैन टांडा की टीमों के बीच शाम 4 बजे से खेला जायेगा।

# कुपोषण एक गंभीर सामाजिक समस्या

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



विकास भवन में प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाते जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी।

**अमृत विचार:** बाल पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित पोषण सप्ताह के अंतर्गत जिले में व्यापक जन-जागरूकता अभियान गुरुवार से शुरू हो गया। इससे पहले विकास भवन परिसर से जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि कुपोषण एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जिसके समाधान के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। पोषण सप्ताह के माध्यम से आमजन, विशेषकर गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, किशोरियों एवं छोटे बच्चों को संतुलित आहार, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि अभियान के दौरान अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक गतिविधि को प्रभावी एवं परिणाम मुखी बनाया जाए। उन्होंने बताया कि प्रचार वाहन जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भ्रमण करेगा। लोगों को कुपोषण के दुष्परिणाम, संतुलित आहार के महत्व, एनीमिया की रोकथाम, टीकाकरण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करेगा।

इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर गोष्ठियों, रैलियों, स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी, अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बारा मिलक में अपंजीकृत नर्सिंग होम किया सील

● स्वास्थ्य टीम ने थाना शहजादनगर में संचालकों के खिलाफ दी तहरीर अल्ट्रासाउंड मशीन थाने में जमा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



बारा मिलक में नर्सिंग होम को सील करने के बाद आती स्वास्थ्य विभाग की टीम।



बरामद अल्ट्रासाउंड मशीन।

**अमृत विचार:** थाना शहजादनगर के ग्राम बारा मिलक तहसील मिलक में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक नर्सिंग होम और डायग्नोस्टिक सेंटर को सील कर दिया। नर्सिंग होम में रखी अल्ट्रासाउंड मशीन को थाने में जमा कर दिया और संचालक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा छापामार कार्रवाई से नर्सिंग होम में हड़कंप मच गया।

स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिली थी कि बारा मिलक में अपंजीकृत नर्सिंग होम संचालित हो रहा है। गुरुवार को जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सत्यप्रकाश और जिला नोडल अधिकारी डॉ. देवेश चौधरी ने नर्सिंग होम पर छापामारी कर दी। इसके बाद टीम में शामिल चिकित्सकों ने नर्सिंग होम के संचालकों से पंजीकरण समेत अन्य पत्रावलियां तलब कीं तो संचालक कुछ नहीं दिखा पाए। इसके बाद टीम ने नर्सिंग होम को सील कर दिया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है। जिला अस्पताल में अवैध नर्सिंग होम, अल्ट्रा साउंड सेंटर धड़ल्ले से संचालित हैं और आए दिन इन नर्सिंग होम में जच्चा-बच्चा की मौत हो जाती है। नोडल अधिकारी डॉ. देवेश चौधरी ने बताया कि थाना शहजादनगर के ग्राम बारा मिलक में साहिबा नर्सिंग होम दिल्ली डायग्नोस्टिक सेंटर पर छापेमारी की। संचालक अस्पताल का पंजीकरण नहीं दिखा पाया। साहिबा नर्सिंग होम और डायग्नोस्टिक सेंटर को सील कर दिया गया है। इस मामले में थाना शहजादनगर में तहरीर दे दी है।

# युवा महोत्सव में समूह गायन ने धूम मचाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



युवा महोत्सव में कॉलेज सभागार के मंच पर समूह गायन प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

**अमृत विचार:** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सावित्री बाई फूले सांस्कृतिक क्लब एवं मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित युवा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. सुनीता ने दीप प्रज्वलित कर किया।

प्राचार्य ने कहा कि शिक्षणेत्तर गतिविधियां विद्यार्थी जीवन में महत्वपूर्ण हैं। युवा महोत्सव का उद्देश्य छिपी हुई कला को उभारना और प्रतिभा की खोज है। एकल गायन प्रतियोगिता में ज्याति प्रथम, धीमान द्वितीय और स्वाति पांडेय तृतीय स्थान पर रहीं। एकल नृत्य प्रतियोगिता में मुस्कान सागर प्रथम, वैष्णवी द्वितीय और प्रिया भारती तृतीय स्थान पर रहीं। समूह गायन में प्रिया भारती, प्रियंका, खुशी आर्य प्रथम, गौरी धीमान, मुस्कान सागर, गिरिजेश सैनी और वैष्णवी कौशिक ने द्वितीय और स्वाति पाण्डे, ज्योति सैनी, संजना सैनी, अंजली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में प्रिया भारती, प्रियंका, खुशी आर्य, आसमा और सुमरा ने प्रथम, खुशी, इशिका गुप्ता, नेहा, शिवानी, मदीहा, नूर सबा ने द्वितीय तथा नौरीन खातून, निदा बी, सलोनी, काजल, पूजा और याशी सक्सेना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य प्रतियोगिता में मुस्कान सागर, वैष्णवी कौशिक ने प्रथम स्थान, प्रिया भारती, प्रियंका और खुशी आर्य ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया प्राप्त किया। निर्णायकों में विभा यादव, डॉ. प्रीति लता और डॉ. इफ्तेखार अहमद कादरी शामिल रहे। संचालन सदफ और महविश ने किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अंकिता ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर डॉ. रजिया परवीन, प्रो. अनिला देवी अग्रवाल, प्रा. निशात बानो, डॉ. सोनू पूरी, डॉ. मोहम्मद कासिम, डॉ. जया कुमारी, डॉ. प्रतिभा यादव, डॉ. मनोरमा चौहान, प्रो. सबीहा परवीन, डॉ. रजनी बाला आदि रहीं।

# बैलगाड़ी जोड़ते समय बैल ने किसान को कुचला, मौत

● टांडा क्षेत्र के गांव शहपुरा मजरा ग्राम अंधापुरी में हुआ हादसा

संवाददाता टांडा



अस्पताल में शव के पास रोते परिजन।

**अमृत विचार:** बैलगाड़ी जोड़ते समय बैल बेकाबू हो गया और किसान को कुचल दिया। इससे किसान की मौत हो गई। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव शहपुरा मजरा ग्राम अंधापुरी निवासी छोटेलाल (60) पेशे से किसान थे। गुरुवार दोपहर करीब 1:40 बजे वे अपने खेत पर बैलों को बैलगाड़ी से जोड़ रहे थे। इसी दौरान अचानक एक बैल बिदक गया और बेकाबू हो गया। बैल के अचानक हिंसक होने से छोटेलाल अपना संतुलन खो बैठे और जमीन पर गिर गए। इससे पहले कि वह संभल पाते, भागते हुए बेकाबू बैल ने उनके ऊपर पैर रख दिया और उन्हें रौंदते हुए निकल गया। बैल के प्रहार से छोटेलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुँचे परिजन उन्हें आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा लेकर आए जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार वालों ने बताया कि उनकी 6 बहनें और 3 भाई हैं। किसान की इस आकस्मिक मृत्यु से पूरे गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# डीसीएम की टक्कर लगने से बाइक सवार ठेकेदार की मौत

शाहबाद संवाददाता



मृतक देवेंद्र।

**अमृत विचार:** बुधवार देर रात शाहबाद के मंडी समिति के पास सड़क हादसे में बाइक सवार ठेकेदार की मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। घटना की सूचना पर पहुंची शाहबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल मोर्चरी पर भेजा। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है।

बरेली जिले के इज्जतनगर के सैनिक कालोनी निवासी देवेंद्र कुमार उर्फ देव (25)अपने साथी कृष्ण अवतार के साथ शाहबाद के सैफनी में पानी की पाइप लाइन डालने का ठेका लिया था। बुधवार रात काम खत्म करने के बाद दोनों लोग बाइक से बरेली लौट रहे थे। रास्ते में शाहबाद के मंडी समिति के पास डीसीएम ने दोनों युवकों की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में देवेंद्र कुमार उर्फ देव और कृष्ण अवतार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देकर बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचते ही देवेंद्र कुमार उर्फ देव ने दम तोड़ दिया। जबकि घायल कृष्ण अवतार का उपचार चल रहा है। देवेंद्र कुमार उर्फ देव दो बहनों के इकलौते भाई थे। हादसे की सूचना परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन रामपुर जिला अस्पताल मोर्चरी पर पहुंच गए हैं।

# बाइक के पार्ट्स बनाने की फैक्ट्री में आग

● लाखों रुपये की कीमत का माल जलकर हुआ राख

● शॉर्ट सर्किट से आग लगने का बताया गया कारण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



शहजादनगर क्षेत्र में फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाते दमकलकर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** थाना शहजादनगर क्षेत्र में गुरुवार दोपहर दिल्ली-लखनऊ हाईवे किनारे स्थित एक बेसमेंट में संचालित बाइक के मडगार्ड सहित अन्य पार्ट्स बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में उसने विकराल रूप ले लिया। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तक लाखों रुपये की कीमत का सामान जलकर राख हो गया।

शहजादनगर थाना क्षेत्र के भंडपुरा गांव निवासी सफी खां की क्षेत्र के ही जीरो प्वाइंट के पास बाइक के पार्ट्स बनाने की फैक्ट्री है। सफी खां के अनुसार गुरुवार दोपहर करीब दो बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। प्लास्टिक का सामान अधिक होने के चलते आग थोड़ी देर में भड़क गई और ऊंची लपटें और काले धुएं के गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगे। जिससे आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। आग पर काबू करने के लिए पुलिसकर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। करीब तीन घंटे बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही आग की घटना में कोई जनहानि की नहीं हुई है। थाना शहजादनगर कुलदीप सिंह ने बताया कि आग से लाखों रुपये के नुकसान की आशंका है। आग पर काबू पा लिया गया है, किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

## न्यूज डायरी



### जन सेवा समिति ने एसपी का स्वागत किया

**रामपुर, अमृत विचार** : जन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष वसीम उल हसन खान ने पदाधिकारी गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित एसपी कार्यालय पहुंचे। जहां पर नवागत एसपी सोमेंद्र मीना से मुलाकात कर उनका रामपुर नियुक्ति पर गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। शहर की कानून व्यवस्था और जनसमस्याओं को लेकर भी संक्षिप्त चर्चा हुई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष वसीम उल हसन खान, नगर अध्यक्ष हारिस शमसी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश रस्तोगी, युवा अध्यक्ष मणि सिंह, ऋषभ शर्मा, वसी खान, शिराज शम्सी, हारुन खां, मुजम्मिल खान, समद मियां, मुकर्रम मियां, नजमी खान, हसन खान आदि मौजूद रहे।



### एकल गायन में दीक्षा, मेहंदी प्रतियोगिता में सना प्रथम

**रामपुर, अमृत विचार** : राजकीय महाविद्यालय रजा नगर में आयोजित तीन दिवसीय युवा महोत्सव के दूसरे दिन एकल गायन में दीक्षा राणा प्रथम, मेंहदी प्रतियोगिता में सना और म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में निर्मल कौर प्रथम रहीं। एकल गायन प्रतियोगिता में दीक्षा राणा ने प्रथम, यशिका शर्मा द्वितीय और पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेंहदी प्रतियोगिता में सना प्रथम, शबीना द्वितीय स्थान तथा निर्मल कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में निर्मल कौर ने प्रथम, यशिका शर्मा द्वितीय और अमरीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समारोहक प्रो. कैलाश चंद्र दिवाकर ने छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा को निखारने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. जोगेंद्र कुमार, डॉ. अनुपम मित्रा, डॉ. बाल मुकुंद वर्मा, डॉ. मनीषा रानी, डॉ. कपिल देव आदि मौजूद रहे।



### सैफनी में अकबरपुर रोड के निर्माण में धांधली का आरोप, प्रदर्शन

**सैफनी, अमृत विचार** : लंबे समय से बदहाल पड़े नगर के अकबरपुर रोड का काम तो शुरू हो गया है। लेकिन गुरुवार को नगर वासियों ने संबंधित लोगों पर मानकों के विपरीत काम कर धांधली करने का आरोप लगा प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप है कि नगर का अकबरपुर मार्ग काफी लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ा है, जिससे यहां पानी जमा रहता है। नगर पंचायत की तरफ से रोड के किनारे नाले का निर्माण पहले ही कराया जा चुका है जो सड़क से काफी ऊंचा है। सड़क पर कार्य शुरू हो गया है, लेकिन मार्ग को ऊंचा नहीं किया जा रहा है। बल्कि सिंगल पत्थर डालकर खानापूर्ति की जा रही है। ठेकेदार के मुंशी दिनेश कुमार ने बताया कि 6 इंच पत्थर और 8 इंच इसके ऊपर सीसी रोड पड़ेगा। मुंशी के बयान और मौके पर हो रहे काम में बड़ा अंतर है। नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान को मौके पर बुलाकर समस्या के समाधान की मांग की। आलिम पहलवान, जाने आलम, नसिम पहलवान, मोहम्मद आरिफ आदि मौजूद रहे।

### शाहबाद के गांव भंवरकी जदीद में महिला की संदिग्ध हालत में मौत

**शाहबाद, अमृत विचार** : बुधवार देर रात शाहबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत भंवरकी जदीद गांव में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए 112 पुलिस को फोन कर मौके पर बुला लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। लोगों ने बताया कि बदायूं जनपद की महिला नीलम की शादी शाहबाद के भंवरकी जदीद गांव 2012 में हुई थी। जिसकी मृत्यु बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई। नीलम के भाई ने जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। हालांकि बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया कि महिला तीन चार दिन से बीमार थी, जिसका उपचार चल रहा था, बुधवार को उसकी मौत हो गई। महिला के भाई ने ससुराल पक्ष पर जहर देकर मारने का आरोप लगाया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### पेंशन लाभार्थियों के लिए फैमिली आईडी अनिवार्य

**रामपुर, अमृत विचार** : जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि शासन द्वारा संचालित राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन योजना के लाभार्थियों के लिए फैमिली आईडी बनवाना अनिवार्य कर दिया गया है। विशेष रूप से ऐसे पेंशनर जिनके राशन कार्ड नहीं बने हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर अपनी फैमिली आईडी बनवानी होगी। इसके लिए सभी लाभार्थियों को जागरूक किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने एलईडी लाइट चोर पकड़ा

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर के एक होटल से दो एलईडी टीवी चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को सीसीटीवी कैमरे की मदद से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। शहर के नेशनल हाईवे स्थित स्वागत होटल में बीती 7 अप्रैल की शाम पार्टी चल रही थी। इस दौरान आरोपी ने होटल के कमरे में जाकर उसमें लगी दो एलईडी टीवी को चोरी कर कम्बल में छुपाकर फरार हो गया था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने कस्बा के मोहल्ला मायापुरी निवासी विकास को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है।

### युवती से छेड़छाड़ कपड़े फाड़ने का आरोप

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के मुताबिक, गुरुवार सुबह करीब 8 .30 बजे वह अपनी बहन के साथ खेत पर बारिश में भीगी गेहूं की पूलियां पलट रही थी। तभी गांव का ही एक युवक हाथ में तमंचा लेकर वहां पहुंचा और छोटी बहन को डराकर दूर कर दिया। इसके बाद आरोपी ने युवती के साथ अश्लील हरकतें की और विरोध करने पर उसके कपड़े फाड़ दिए। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### किशोरियों को लगाए कैंसर से बचाव के टीके

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को किशोरियों के स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण टीकाकरण अभियान चलाया गया। इस दौरान 14 वर्ष की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी के टीके सफलतापूर्वक लगाए गए। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ध्रुवेन्द्र सिंह ने टीकाकरण अभियान की महत्ता पर प्रकाश डाला। टीकाकरण के दौरान स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी मुनेन्द्र सिंह, चीफ फार्मासिस्ट मनोज जोशी, आई .ओ. अक्षय गुप्ता, बी.सी.पी.एम. आसमा परवीन के साथ एएनएम प्रियंका चौहान और शैली यादव रहीं।

### बैंक में दो युवक आपस में भिड़े, समझौता हुआ

**चंदौसी, संवाददाता,** कोतवाली के गोशाला रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक में दो युवकों के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। बाद में पुलिस दोनों को पकड़कर पिंक पुलिस चौकी ले गई। जानकारी पर दोनों के अधिवक्ता चौकी पहुंचे और वहां दोनों के बीच समझौता हो गया। पुलिस ने बताया कि दोनों के बीच समझौता हो गया है।

# सीमेंट बेच रहे ठेकेदार को किसानों ने पकड़ा

## पुल निर्माण के लिए आया था सीमेंट, आरोप लगाते हुए लोगों ने किया हंगामा, पुलिस से हुई नोकझोंक

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव में निर्माणाधीन पुल में भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया है। ठेकेदार द्वारा सरकारी सामग्री को बाजार में बेचने के आरोप में ग्रामीणों ने कोतवाली में हंगामा किया। मामला तब गरमाया जब पुल निर्माण स्थल से पांच किलोमीटर दूर मल्ल वाली डगरौली में ग्रामीणों ने सीमेंट से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया।

गुरुवार सुबह 7.30 बजे ग्रामीणों को पता चला कि पुल निर्माण के लिए आई सामग्री को ठेकेदार चोरी छिपे बेचने के लिए ट्रैक्टर ट्राली पर लाद रहा है। इसके बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया और ठेकेदार को खरी खोटी सुनाई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ट्रैक्टर ट्राली को कोतवाली ले आई। लोगों ने बताया कि ठेकेदार पुल निर्माण में धांधली कर रहा है। जिससे पुल की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों ने बताया कि इस तरह पुल की बहुत जल्दी भरभरा कर गिर जाएगा। इससे आसपास के लोगों और ग्रामीणों की जान का खतरा भी बन सकता है। लोगों का आरोप है कि पुल निर्माण के लिए आई अन्य सामग्री भी ठेकेदार ने बेची होगी।


ग्रामीणों द्वारा पकड़ा गया चोरी के सीमेंट से भरा ट्रैक्टर-ट्राली। ● अमृत विचार


किसान नेता डॉ. दिग्विजय सिंह भाटी एवं प्रभारी निरीक्षक के बीच होती नोकझोंक।

● 80 बोरी सीमेंट चुपके से बेंच रहा था आरोपी ठेकेदार

**रिपोर्ट दर्ज करने को लेकर हुई नोकझोक :** ट्रैक्टर ट्राली पकड़े जाने की खबर मिलते ही भाकियू बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में दर्जनों किसान कोतवाली पहुंचे। किसानों ने एफआईआर दर्ज कराने की मांग की, जिस पर कोतवाली प्रभारी राजेश तिवारी और दिग्विजय सिंह भाटी के बीच काफी देर तक तीखी नोकझोंक हुई। किसानों का आरोप है कि बिना उचित कार्रवाई के सीमेंट से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को कोतवाली से बाहर कर दिया गया, जिससे आक्रोश और बढ़ गया। किसानों का कहना है कि इस प्रकरण में पुलिस आरोपी ठेकेदार से मिली है।

### एसडीएम से की शिकायत

किसानों और ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार अधिकारियों से मिली भगत करके सरकारी काम के लिए खरीदी गई निर्माण सामग्री को अपने फायदे के लिए बेच रहा है। पुलिस भी आरोपी का साथ दे रही है। पुलिस ने जब किसानों की बात नहीं सुनी तो सभी लोग दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में एसडीएम हिमांशु उपाध्याय से मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपा। किसानों ने मांग करते हुए कहा कि घटिया निर्माण और सामग्री चोरी करने वाले ठेकेदार व उसे खरीदने वाले माफियाओं पर सख्त कार्रवाई हो। एसडीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टीम गठित कर जांच के आदेश दिए हैं।

# युवक का लहूलुहान शव मिला, हत्या का आरोप

संवाददाता सैदनगली

● ग्रामीणों ने हत्या का आरोप लगाते हुए किया हंगामा, लगाया जाम

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गाव में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की निर्मम हत्या का मामला सामने आया है। घटना से आक्रोशित परिजनों ने शव को थाने के गेट पर रखकर जोरदार हंगामा किया और आधा घंटे तक सड़क जाम कर दी। पुलिस ने लोगों को समझाकर सड़क से हटाया।

थाना क्षेत्र के गांव दमगढ़ी निवासी भूरा के पुत्र मुकेश को बुधवार शाम करीब 4 बजे गांव का ही आरोपी आकाश पुत्र अमर सिंह घर से बुलाकर ले गया था। काफी तलाश के बाद मुकेश का शव नजाकत की फैक्ट्री के पास लहूलुहान हालत में सड़क पर पड़ा मिला। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ने ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर मुकेश की हत्या कर दी। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव को सैद नगली थाने के मुख्य गेट पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों की मांग थी कि जब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होती, वे अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। सूचना पर सर्किल की भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गई। क्षेत्राधिकारी पंकज त्यागी ने आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर शांत किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।


युवक का शव मिलने के बाद सड़क पर हंगामा करतीं महिलाएं व अन्य लोग।

# व्यापारियों ने सप्लाई इंस्पेक्टर को घेरा

● केवाईसी की दिक्कतों का समाधान कराने की मांग

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** गुरुवार को व्यापारी सुरक्षा फॉर्म संस्थान के पदाधिकारी ने हसनपुर गैस एजेंसी हसनपुर की मनमानी और गैस की होम डिलीवरी सुचारु करने को लेकर सप्लाई इंस्पेक्टर का घेराव किया। इस मौके पर व्यापारियों ने सप्लाई इंस्पेक्टर मोहित को समस्याओं की जानकारी दी।

व्यापारियों ने कहा कि जो भी व्यक्ति अपने गैस के कनेक्शन हसनपुर स्थित सचिन गैस एजेंसी पर ट्रांसफर करना चाहे उनका ट्रांसफर करने का प्रस्ताव रखा। इस पर सप्लाई इंस्पेक्टर ने कहा कि जो भी उपभोक्ता अपनी गैस ट्रांसफर करना चाहते हैं नई एजेंसी पर उनकी एक लिस्ट बनाकर दें। आश्वासन दिया कि आज से होम डिलीवरी भी सुचारू रूप से की जाएगी। घेराव करने वालों में प्रदेश महामंत्री मुकेश गुप्ता,जिला संगठन मंत्री सचिन गुप्ता,जिला चेयरमैन पंकज भटनागर,रानू रस्तोगी,प्रशांत शर्मा, लोकेश अग्रवाल,कृष्ण कुमार,प्रमोद अग्रवाल,अंकित गुप्ता,राहुल गुप्ता, भारत लाल प्रजापति सहित पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।


गैस की समस्या को लेकर सप्लाई इंस्पक्टर से मिलते व्यापारी। ● अमृत विचार

### कनेक्शन ट्रांसफर करने के नाम पर कालाबाजारी

भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा ने प्रेस नोट जारी करते हुए नगर स्थित एजेंसियों पर कालाबाजारी का आरोप लगाया गया। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर की एजेंसियों के द्वारा उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है। कनेक्शन ट्रांसफर के नाम पर कालाबाजारी करने का आरोप लगा है। उपभोक्ता लगातार शिकायत दर्ज कर रहा है, लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। इसी के साथ उन्होंने एजेंसी स्वामियों पर उपभोक्ता के साथ दुर्व्यवहार करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर एजेंसियां द्वारा अपना रवैया नहीं सुधरा तो जनपद के उच्च अधिकारियों से मिलकर शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

# तालाब में डूबने से छह वर्षीय बच्चे की मौत

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव बीलना में छह वर्षीय मासूम की तालाब में डूबने से मौत हो गई। देर रात उसकी साइकिल तालाब के किनारे खड़ी मिली, जिससे अनहोनी की आशंका गहरा गई। गुरुवार सुबह एसडीआरएफ टीम की मदद से तालाब में सर्च ऑपरेशन चलाया गया, जिसमें मासूम का शव बरामद हुआ। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।


मृतक आतिफ।

यह घटना नौगावां सादात गांव बीलना की है। दरअसल यहां के निवासी जलालुद्दीन कबाड़ सामान की खरीद-फरोख्त का काम करते हैं। परिवार में पत्नी उज्मा के अलावा तीन बेटे हैं। बड़ा बेटा अल्ताफ (10), मंझला आतिफ (6) और सबसे छोटा राकिब (2) है। आतिफ गांव में स्थित एसके जूनियर हाईस्कूल में नर्सरी का छात्र था। परिजनों के मुताबिक, बुधवार दोपहर करीब एक बजे आतिफ घर के पास साइकिल चला रहा था। इसी दौरान खेलते-खेलते वह अचानक लापता हो गया। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने गांव और आसपास के इलाकों में उसकी तलाश की, लेकिन जानकारी नहीं मिल सकी। रात करीब 10 बजे गांव के बाहर स्थित तालाब के किनारे उसकी साइकिल खड़ी मिली।

इसके बाद परिजनों की चिंता और बढ़ गई। जलालुद्दीन ने तुरंत थाने पहुंचकर बेटे के लापता होने की सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और परिजनों के साथ रातभर तलाश अभियान चलाया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। गुरुवार सुबह तालाब में डूबने की आशंका के चलते एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया।


तालाब में बच्चे को तलाशती एसडीआरएफ की टीम। ● अमृत विचार

● तालाब के किनारे मिली साइकिल, हत्या की आशंका, पुलिस कर रही मामले की जांच

### दो घंटे बाद मिला शव

सीओ अवधभान सिंह भदौरिया और प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। करीब दो घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के दौरान आतिफ का शव तालाब से बरामद कर लिया गया। बच्चे की मौत से परिजनों में चीख-पुकार मच गई। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में बच्चे की मौत तालाब में डूबने से होना सामने आया है। एक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में भी बच्चा तालाब की ओर जाते हुए दिखाई दिया है। मामले की जांच की जा रही है और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पिलखन की लकड़ी समेत ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी


राजस्व और वन विभाग द्वारा पकड़ी गई लकड़ी। ● अमृत विचार

संवाददता, हसनपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव अगरौला कला में बुधवार की देर शाम अवैध रूप से खलियान में खड़ी पिलखन का पेड़ को काट लिया गया। ग्रामीणों ने एसडीएम हिमांशु उपाध्याय से शिकायत की। मौके पर पहुंचे लेखपाल ने ट्रैक्टर ट्राली पकड़ लिया। वन विभाग के दरोगा राजवीर सिंह ने लकड़ी कोतवाली पुलिस को सौंप दी। वन रेंजर नरेश कुमार ने बताया कि एसडीएम के निर्देश पर कार्रवाई की गई है।

# कालाबाजारी के लिए रखी यूरिया पकड़ी

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** जिले में में उर्वरक की जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के निर्देश पर चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान तहसील हसनपुर क्षेत्र में यूरिया की 49 बोरी अवैध रूप से रखे मिलने पर उन्हें जब्त कर लिया गया। मामले में संबंधित के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।

तहसील हसनपुर के गांव खूंगावली थाना गजरौला क्षेत्र में एक दुकान पर भंडारण किए जाने की सूचना पर जिला कृषि अधिकारी, नायब तहसीलदार और गजरौला थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। जांच के दौरान दुकान पर 49 यूरिया बैग्स अवैध रूप से रखे पाए गए, जिन्हें तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। साथ ही उर्वरक के नमूने लेकर राजकीय प्रयोगशाला भेजे गए हैं, ताकि उनकी गुणवत्ता की भी जांच की जा सके। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी जोत और फसल की आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक खरीदें और अनावश्यक भंडारण से बचें। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक हेक्टेयर भूमि पर पूरे खरीफ सीजन के लिए अधिकतम सात बैग यूरिया और पांच बैग फास्फेटिक उर्वरक ही पर्याप्त हैं। तहसील नौगांवा सादात मे एसडीएम, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, सहायक निबंधक सहकारिता और तहसीलदार की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।


जांच करती टीम। ● अमृत विचार


पकड़ी गई यूरिया के साथ टीम।

# ई रिक्शा बैक करते समय कुचला बच्चा, मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** मंडावली क्षेत्र के करौली गांव में गुरुवार को ई-रिक्शा बैक करते समय पांच वर्षीय बालक पर चढ़ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चालक फरार हो गया। बताया जा रहा है करौली गांव निवासी अर्जुन सिंह का बेटा शौर्य (5) गुरुवार को खेल रहा था। तभी चालक ने बिना पीछे देखे ई-रिक्शा बैक कर दिया और शौर्य उसके नीचे आ गया। घटना के बाद चालक ई-रिक्शा छोड़कर भाग गया। बालक की मौत से परिजनों का रो रोकर बुराहाल है। परिजनों के अनुसार, शौर्य अपनी सात बहनों का इकलौता भाई था।

# महिला ग्राम प्रधान से पांच लाख की मांगी रंगदारी

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

● डर के कारण घर से नहीं निकल रही प्रधान, एसपी को पत्र देकर की शिकायत

● रुपये न देने पर आरोपियों ने पीड़िता के चेहरे पर तेजाब डालने को कहा, दहशत में परिजन

**अमृत विचार :** जिले के गांव मखदूमपुर की ग्राम प्रधान से दबंगों ने पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। रुपये न देने पर तेजाब डालकर चेहरा बिगाड़ने की धमकी दी है। आरोपियों की धमकी प्रधान और उसका परिवार दहशत में है। पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

मखदूमपुर ग्राम प्रधान मधु चौधरी ने बताया कि अमरोहा-जोया मार्ग स्थित पीरगढ़ मोहल्ले में उनकी निजी संपत्ति और कार्यालय है। आरोप है कि पिछले 15-20 दिनों से मखदूमपुर निवासी शशांक कुमार और उसके कई साथी उनसे पांच लाख रुपये की रंगदारी मांग रहे हैं। आरोपियों ने धमकी दी है कि यदि पांच लाख रुपये नहीं दिए तो तेजाब डालकर हालत बिगाड़ देंगे। मधु चौधरी ने बताया कि आरोपी मानसिक रूप से परेशान कर रहे हैं।

धमकी से उनका परिवार भयभीत है और वह पंचायत से जुड़े कार्य करने के लिए घर से बाहर निकलने में डरती हैं। पीड़िता ने बताया कि टीपीनगर चौकी पुलिस आरोपियों को संरक्षण दे रही है।

# टास्क ऐप व कोर्ट केस पोर्टल को मंजूरी

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

अमृत विचारः जिले में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने टास्क मैनेजमेंट मोबाइल ऐप और कोर्ट केस मॉनिटरिंग पोर्टल को लागू करने की मंजूरी दे दी है।

डीएम निधि गुप्ता ने बताया कि टास्क मैनेजमेंट मोबाइल ऐप के माध्यम से सीधे फील्ड अधिकारियों को कार्य आवंटित किया जा सकेगा। संबंधित अधिकारी अपने कार्य की प्रगति रिपोर्ट लाइव लोकेशन के साथ तुरंत अपलोड करेंगे, जिससे कार्यों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा सकेगी। कोर्ट केस मॉनिटरिंग वेबसाइट के जरिए विभिन्न विभागों से जुड़े अदालती मामलों की प्रभावी निगरानी संभव हो सकेगी। पोर्टल की खासियत यह है कि इसमें सुनवाई की तारीख से पहले ही संबंधित अधिकारियों को अलर्ट प्राप्त होगा, जिससे मामलों की समय से तैयारी सुनिश्चित की जा सकेगी।

### अम्हेड़ा तालाब का डीएम ने किया निरीक्षण

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिले में जल संरक्षण को लेकर प्रशासन ने सक्रियता बढ़ा दी है। इसी क्रम में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने बृहस्पतिवार को जोया ब्लॉक के ग्राम अम्हेड़ा स्थित तालाब का स्थलीय निरीक्षण किया। डीएम ने बताया कि जनपद में संचालित मिशन 500 के तहत इस तालाब को मूल स्वरूप में लाया जाएगा। इसकी जल संग्रहण क्षमता को बढ़ाया जाएगा। इसके लिए आवश्यक एस्टीमेट तैयार कर जल्द से जल्द कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि तालाबों का संरक्षण न केवल पर्यावरण के लिए आवश्यक है, बल्कि भूजल स्तर को सुधारने में भी इसकी अहम भूमिका होती है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि तालाब पर हुए अतिक्रमण को चिन्हित कर उसे तत्काल हटाने की कार्रवाई की जाए। इस दौरान गांव करनपुर के ग्रामीणों ने हर घर जल योजना के तहत पेयजल आपूर्ति को लेकर शिकायत दर्ज कराई। इस पर जिलाधिकारी ने जल निगम के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, बीडीओ जोया समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


निरीक्षण करतीं डीएम निधि गुप्ता वत्स।

# भारतीय किसान यूनियन की हुई मासिक पंचायत

**हसनपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत में एक बार फिर क्षेत्र में छुट्टा पशुओं के आतंक का मुद्दा उठा है। गुरुवार को नगर के अमरोहा मार्ग स्थित नवीन मंडी स्थल के प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन की तहसील स्तरीय मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह ने कहा कि चीनी मिल द्वारा बकाया भुगतान की मांग की। प्राइवेट स्कूलों द्वारा किताबें एवं ड्रेस के नाम पर अभिभावकों का शोषण किया जा रहा है इसे तुरंत बंद किया जाए। पंचायत की अध्यक्षता ओमप्रकाश तथा संचालन रणवीर सिंह द्वारा किया गया। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह,महिपाल सिंह, कमल सिंह,बाबू अली, योगेंद्र सिंह,सीता आर्य, यशपाल सिंह,कमलेश, गीता, शांति,चंद्रा,आशा आदि रहे।

# मां की डांट से नाराज होकर खेत में छिप गया छात्र, अपहरण की अफवाह

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

● परिजनों ने जताई थी अपहरण की आशंका

● पुलिस ने एक घंटे में सकुशल किया बरामद

**अमृत विचार:** नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव देहरा में 14 वर्षीय छात्र के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद छात्र को खेत से सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि मां की डांट से नाराज होकर वह खुद ही खेत में जाकर छिप गया था।

गांव देहरा निवासी किसान शेखर चंद का 14 वर्षीय बेटा मनु एक स्कूल का छात्र है। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह वह स्कूल जाने में देरी कर रहा था, जिस पर उसकी मां रजनी ने उसे डांट दिया। इसी बात से नाराज होकर मनु सुबह करीब 10 बजे घर से यह कहकर निकला कि वह दौड़ लगाने के लिए कताई मिल जा रहा है। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और छात्र की तलाश के लिए टीमों का गठन किया। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की।

करीब एक घंटे की तलाश के बाद पुलिस को सुराग मिला और मनु को गांव के पास ही एक खेत से सकुशल बरामद कर लिया गया। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र सिंह ने बताया कि छात्र अपनी मां की डांट से नाराज होकर खेत में जाकर छिप गया था। उसे सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली है।

वहीं पूरे क्षेत्र में बच्चे के अपहरण की सूचना फैल गई थी। इससे लोगों में भय व्याप्त हो गया। उधर पुलिस भी अपहरण को लेकर चिंतित हो गई। तुरंत ही पुलिस एक्शन में आ गई और बच्चे की तलाश शुरू कर दी। बच्चा मिलने के बाद पुलिस और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ प्रदर्शन

**बिजनौर, अमृत विचार :** निजी स्कूलों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए गुरुवार को शिवसेना ने कलेक्ट्रेट पर जमकर प्रदर्शन किया। इसके बाद डीएम को ज्ञापन देकर मनमानी रोकने की मांग की। शिवसेना के पदाधिकारियों ने कहा कि निजी स्कूल अभिभावकों से मनमानी फीस, किताबों का ओवर रेट, हर वर्ष बिल्डिंग फीस, ड्रेस की कॉलेज से बिक्री आदि वस्तुओं को मंहगी कीमत में बेचते हैं। इन सभी को चिन्हित दुकानों से लेने के लिए अभिभावकों पर दबाव बनाया जाता है। इससे गरीब अभिभावक अपने बच्चों को अच्छे स्कूलों में नहीं पढ़ा पा रहे हैं। प्रदर्शन में शिवसेना प्रमुख चौधरी वीर सिंह, विजय मोहन गुप्ता युवा जिला प्रमुख, शोभित गुर्जर धर्मवीर सिंह तोमर डॉ दिनेश कुमार मनीत अरुण कुमार भूपेंद्र कुमार आंतरिक कौशिक शशि कुमार, विपुल चौधरी आदि रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 32 क्विंटल प्रति हेक्टेयर आई उत्पादकता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गेहूं की फसल की उत्पादकता जांचने के लिए जिलाधिकारी अनुज सिंह की मौजूदगी में ग्राम मनोहरपुर में क्राप कटिंग कराई गई। जिलाधिकारी ने खेत में बैठकर खुद भी हंसिया से गेहूं की कटाई की। उन्होंने कहा कि किसानों का कार्य आसान नहीं है। किसान बड़ी मेहनत से फसल उगाते हैं। गेहूं की उत्पादन क्षमता को देखने के लिए सदर तहसील के ग्राम मनोहरपुर में क्राप कटिंग के लिए जिलाधिकारी के साथ राजस्व विभाग की टीम पहुंची। टीम ने गांव के कई खेतों में गेहूं की कटाई कराई। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने भी खेत में गेहूं की कटाई की। इस दौरान पाया गया कि 32 क्विंटल प्रति हेक्टेयर फसल की उत्पादकता है।

### ससुराल पक्ष के लोगों पर दुष्कर्म का आरोप

**बिलारी अमृत विचार।** ससुराल पक्ष के द्वारा विवाहिता को बुरी तरह से परेशान करने के मामले में विवाहिता ने ससुर, जेठ, नंदोई आदि पर दुष्कर्म करने का प्रयास करने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव के रहने वाली विवाहिता ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसका विवाह 18 अप्रैल को हिंदू रीति रिवाज के मुताबिक जिला संभल के थाना असमोली के रहने वाले व्यक्ति से हुआ था, शादी के कुछ दिनों बाद उसके पति, सास ससुर, जेठ, नंद, नंदोई आदि दहेज में 10 लाख की मांग करने लगे। यातनाएं सहती रहीं। पति देर रात घर आया करता था और उसमें कोई रुचि नहीं रखता था, वही कॉल आने पर बाहर जाकर बात किया करता था। 9 जून को रक्षाबंधन पर उसके नंद और नंदोई घर आए। दोपहर 2 बजे ससुर, जेठ, नंदोई आदि ने योजना बनाई और कमरे में घुस आए और बदनियती से उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। तहरीर के बाद पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

### स्कूटी और बाइक की टक्कर में पांच घायल

**चंदौसी, अमृत विचार :** जनपद मुरादाबाद के थाना व कस्बा कुंदरकी के मोहल्ला नरूला निवासी राशिद अपनी पत्नी गुले शादाब व बच्चों सादिल, तैमूर अली के साथ बहजोई से कुंदरकी जा रहा था। स्कूटी सवार राशिद जब नए बाईपास स्थित जीरो पॉइंट पर शाम पांच बजे पहुंचा तो सामने से आ रही बाइक से स्कूटी की टक्कर हो गई। जिससे स्कूटी सवार राशिद,उसकी पत्नी गुले शादाब, बच्चे सादिल, तैमूर अली घायल हो गए। जबकि बाइक सवार सुरेश निवासी अफजलपुर डरौली थाना बनियाठेर भी घायल हो गया।

# बारिश के बाद निकली धूप किसानों ने की गेहूं की निकासी

## किसानों ने ली राहत की सांस, भीगी फसल सुखाते रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** लगातार दो दिन तक हुई बारिश के बाद गुरुवार को मौसम साफ होने और तेज धूप निकलने से किसानों को बड़ी राहत मिली। बारिश के कारण खेतों में खड़ी और कटी हुई गेहूं की फसल भीग गई थी, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई थी। हालांकि धूप निकलते ही किसान सुबह से ही खेतों की ओर निकल पड़े और फसल को बचाने के प्रयास तेज कर दिए।

सुबह के समय किसानों ने खेतों में पड़ी भीगी फसल को फैलाकर और पलट-पलट कर सुखाने का काम किया। दोपहर तक धूप तेज होने पर फसल में आई नमी कम होने लगी, जिसके बाद कई किसानों ने गेहूं की निकासी का काम भी शुरू कर दिया। खेतों से ट्रैक्टर-ट्रॉली के जरिए गेहूं को घर और सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जा रहा है। हालांकि जिन क्षेत्रों में बारिश का असर अधिक रहा और फसल ज्यादा भीग गई, वहां अभी किसानों को एक-दो दिन और इंतजार करना पड़ सकता है। किसान कटाई के साथ-साथ फसल की निकासी की तैयारियों में जुट गए हैं। कई किसान कंबाइन व अन्य कृषि यंत्र संचालकों से संपर्क कर रहे हैं, ताकि मौसम बिगड़ने से पहले फसल को सुरक्षित निकाला जा सके। किसानों का कहना है कि बारिश के चलते फसल खराब होने का खतरा मंडरा रहा था। गुरुवार को निकली धूप ने किसानों को कुछ राहत जरूर दी है, लेकिन उनकी नजर अब भी मौसम पर टिकी हुई है। किसानों का कहना है कि यदि अगले कुछ दिन तक मौसम साफ रहा तो अधिकांश फसल सुरक्षित घर पहुंच जाएगी।



संभल के गांव में गेहूं की निकासी के काम में जुटे किसान। ● अमृत विचार

### हरिहर मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाने की बात गलत :बर्क

**संभल, अमृत विचारः** सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि पांच सौ साल पुराना श्री हरिमंदिर तोड़कर मस्जिद बनाने का दावा गलत साबित हुआ है। मंदिर तोड़ने का कोई प्रमाण नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास ऐसा कौन सा प्रमाण है, जो श्री हरिमंदिर तोड़ने की पुष्टि करता है। उन्होंने कहा कि जनता को भ्रमित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं इस बयान को राजनीतिक नजरिए से देखता हूं। बर्क ने कहा कि उनका मजहब किसी दूसरे धर्म स्थल को तोड़कर मस्जिद बनाने की इजाजत नहीं देता। यहां तक कि इस्लाम में किसी मुस्लिम व्यक्ति के घर को भी उसकी अनुमति के बिना मस्जिद में तब्दील नहीं किया जा सकता, तो मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाने का सवाल ही नहीं उठता। 500 साल पुरानी बातों को आज के समय में उठाना और उस पर राजनीतिक बयान देना ठीक नहीं है, खासकर तब जब इस प्रकार के मामलों में न्यायालय में सुनवाई चल रही हो। यह कानून स्पष्ट रूप से कहता है कि 1947 से पहले जो भी धार्मिक स्थल जिस स्थिति में थे।

# नकली नोटों के शक में हिरासत में कारोबारी

संवाददाता, संभल

- पुलिस कारोबारी से कर रही पूछताछ
- जांच अधिकारियों की ओर से जारी नहीं किया गया बयान

**अमृत विचारः** नकली नोटों के कारोबार के शक में जांच एजेंसी ने एक हैंडीक्राफ्ट कारोबारी को हिरासत में लिया है। गुरुवार को एजेंसी से जुड़े अधिकारी सरायतरीन क्षेत्र के कच्चा बाजार पहुंचे, जहां उन्होंने कारोबारी के घर पर छापेमारी करते हुए उसे अपने साथ ले लिया।

एजेंसी ने मौके पर पहुंचकर घर की बारीकी से तलाशी ली। इस दौरान आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और इलाके में काफी देर तक चर्चा का माहौल बना रहा। तलाशी के बाद कारोबारी को हिरासत में लेकर एजेंसी टीम अपने साथ चली गई। सूत्रों के अनुसार मामला नकली नोटों के कारोबार से जुड़ा बताया जा रहा है। हालांकि आधिकारिक तौर पर अभी तक एजेंसी की ओर से इस संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। जानकारी मिली है कि पकड़े गए व्यक्ति से जनपद संभल की ही एक पुलिस चौकी पर पूछताछ की जा रही है। जांच एजेंसी उससे जुड़े नेटवर्क और अन्य संभावित कड़ियों के बारे में जानकारी जुटाने में लगी हुई है। वहीं, जनपद के कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि संभल पुलिस द्वारा किसी भी व्यक्ति को हिरासत में नहीं लिया गया है।

उन्होंने कहा कि प्राथमिक जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति किसी अन्य एजेंसी की हिरासत में है और वही उससे पूछताछ कर रही है। फिलहाल पूरे मामले को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है, लेकिन स्थानीय स्तर पर इस कार्रवाई को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। जांच एजेंसी की कार्रवाई के बाद मामले में आगे और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

### ईद से पहले पत्नी की हत्या कर फरार हुआ पति गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचारः** पुलिस ने ईद के त्यौहार से एक दिन पहले पत्नी की हत्या कर फरार हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दहेज उत्पीड़न से जुड़े इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

चंदौसी तहसील के थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव फतेहपुर में ईद से पहले 20 मार्च को महताब जहां (35) की हत्या उसके पति मुजम्मिल ने कर दी थी। हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। महताब जहां के दो छोटी बेटियां और एक छोटा बेटा है। इस प्रकरण में महताब जहां के पिता जफरुद्दीन, निवासी गांव मोहम्मदपुर बाबई थाना बनियाठेर ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना में संलिप्त मुजम्मिल को पुलिस ने बुधवार रात गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी लोकेंद्र त्यागी ने गुरुवार को बताया कि मामले में फरार चल रहे आरोपी पति मुजम्मिल को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# सरकारी खरीद केंद्रों पर सुविधाओं का अभाव

संवाददाता,चंदौसी

- भारतीय किसान संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचारः** सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों के गेहूं की सुचारू खरीद और वहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव है । भारतीय किसान संघ ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की है।

गुरुवार को संगठन ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि केंद्रों पर किसानों के गेहूं की तौल नियमित रूप से नहीं हो रही है। जबकि व्यापारियों के गेहूं को प्राथमिकता दी जा रही है। क्रय केंद्र प्रभारी बारदाना की कमी या मशीनों में खराबी जैसे बहाने बनाकर किसानों को टाल देते हैं। साथ ही तहसील स्तर पर लेखपालों द्वारा समय पर किसानों का रजिस्ट्रेशन नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । इसके अलावा केंद्रों पर पीने के साफ पानी, बैठने के लिए कुर्सियों और तेज गर्मी से बचाव के लिए छांव शेड जैसी बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है। संघ ने मांग कि गेहूं की तौल पारदर्शी और बिना भेदभाव के सुनिश्चित की जाए। संगठन ने चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो भारतीय किसान संघ किसानों के हित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने वालों में फतेह सिंह, ऋषिपाल सिंह, रामकिशोर, कृष्णावतार, जुगनेश सिंह, किशनपाल, जगपाल सिंह आदि शामिल रहे ।

# घर में घुसकर गंडासे से हमला, पिता-पुत्र घायल

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- महिलाओं से भी मारपीट करने का आरोप

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शरीफनगर में दबंगों द्वारा एक परिवार पर घर में घुसकर हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में युवक और उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बीच-बचाव करने आई महिलाओं के साथ भी मारपीट और अभद्रता करने का आरोप है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शरीफनगर निवासी चेतन सिंह बुधवार शाम करीब 8 बजे अपने पिता के साथ सामान लेकर घर लौट रहे थे। आरोप है कि घर पर पहले से मौजूद गांव के ही इमरत सिंह, रेखा देवी और सपना गाली-गलौज करने लगे। जब चेतन सिंह ने इसका विरोध किया तो तीनों आरोपी गुस्से में आ गए और घर के अंदर घुसकर मारपीट शुरू कर दी। बताया गया है कि इसी दौरान इमरत सिंह ने गंडासे से चेतन सिंह के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया। बचाव में हाथ लगाने पर उसकी उंगली भी कट गई। आरोप है कि हमलावर ने उसके पेट पर भी वार किया। इस हमले में चेतन सिंह के पिता के कान के पास भी गंभीर चोट आई है। शोर-शराबा सुनकर घर की महिलाएं बबली और मीनाक्षी बचाने के लिए आगे आईं, लेकिन आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान एक महिला के कपड़े फाड़ने का प्रयास भी किया गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# पंच महाभूत का संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकताः डा. निहाल

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की प्रेरणा से कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में गोशाला प्रबंधन, गोमय उत्पाद एवं प्राकृतिक खेती को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें गो संवर्धन आश्रम मोकलावास जोधपुर के सचिव डॉ. राकेश निहाल ने विचार व्यक्त किए।

मुख्य वक्ता डॉ. राकेश निहाल ने कहा कि हमारे ऋषियों ने यज्ञ को वैज्ञानिक प्रक्रिया के रूप में प्रस्तुत किया है। अमावस्या और पूर्णिमा पर मंदिरों, गोशालाओं और सार्वजनिक स्थलों पर गोबर, घी और औषधीय लकड़ियों से यज्ञ कर वायु शुद्धि, वर्षा संतुलन और रोग नियंत्रण में मदद मिल सकती है। डॉ. निहाल ने 14 एकड़ के समन्वित गो-आधारित मॉडल की जानकारी दी। उन्होंने आह्वान किया कि सोच में बदलाव लाकर और प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर ही एक स्वस्थ, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, कृषि उपनिदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह सहित जिले के सभी पशु चिकित्सा अधिकारी आदि लोग रहे।



बहजोई में कार्यशाला को संबोधित करते डॉ. राकेश निहाल। ● अमृत विचार

- सार्वजनिक स्थलों पर गोबर, घी और औषधीय लकड़ियों से करें यज्ञ
- इससे वायु शुद्धि, वर्षा संतुलन और रोग नियंत्रण में मिलेगी मदद

# आश्रम पद्धति विद्यालय का किया जाएगा कायाकल्प

कार्यालय संवाददाता, संभल

- विद्यालय का शत प्रतिशत रहा रिजल्ट, खर्च होंगे सात करोड़

**अमृत विचारः** पवांसा ब्लॉक के सिंहावली गांव में स्थापित जनपद के एकमात्र आश्रम पद्धति विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नई मिसाल पेश की है। बीते शैक्षणिक सत्र में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। अब 7 करोड़ से छात्रावास की क्षमता बढ़ाने व भवन के कायाकल्प की तैयारी है।

कक्षा 6 से 12 तक संचालित इस पूर्णतः निःशुल्क आवासीय विद्यालय को शासन से 490 छात्रों की क्षमता की स्वीकृति प्राप्त है। वर्तमान में यहां 203 छात्र अध्ययनरत हैं। बेहतरीन परीक्षा परिणामों के बाद अब विद्यालय में 400 बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया पर काम चल रहा है। विद्यालय में संसाधन बेहद सीमित हैं, लेकिन इसके बावजूद 100 प्रतिशत रिजल्ट से विद्यालय का संचालन कराने वाला समाज कल्याण विभाग उत्साहित है। वर्तमान में छात्रावास में अधिकतम 250 छात्रों को ही सुगमता से रखा जा सकता है, जबकि स्वीकृत क्षमता 490 की है। छात्रावास भवन को आधुनिक बनाने के लिए शासन को 7 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा गया है। समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार ने बताया कि परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

# राज्यमंत्री ने सौंपी आवासों की चाबी

संवाददाता,चंदौसी

**अमृत विचारः** विकासखंड बनिया खेड़ा सभागार में पात्र व्यक्तियों को हाउसिंग फॉर ऑल के लक्ष्य के आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत ग्रामीण अंचल के आवास विहीन एवं आर्थिक रूप से कमजोर लाभार्थी को आवास योजना से निर्मित 140 लाभार्थियों को उनके आवास की चाबी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने कहा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में एवं योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार ने आवास विहीन गरीब तबके के प्रत्येक परिवारों को आवास देने के लक्ष्य रखा है। लाभार्थी अपना ग्रह प्रवेश के मौके पर अत्यंत प्रसन्न है । ब्लाक प्रमुख सुगंधा सिंह ने विचार व्यक्त किए। महिलाओं ने अपनी समस्या रखी। जिस पर ब्लाक प्रमुख ने तत्काल संबंधित अधिकारी को समाधान के लिए सख्त निर्देश दिए। कार्यक्रम ने सुधीर मल्होत्रा, शरद शर्मा, विनोद कुमार बिन्नी, अंकुर अग्रवाल, अश्वनी सक्सेना, हरवेश राघव, विनीत शर्मा, गुड़िया सैनी, सुशील पाल, पूजा राणा, शिवम् चौहान, मिथलेश आदि उपस्थित रहे।



लाभार्थियों को आवास की चाबी देतीं राज्य मंत्री गुलाब देवी। ● अमृत विचार

- कार्यक्रम के दौरान 140 लोगों को मिला आवास

### इस बार नहीं निकाली जाएगी परशुराम शोभायात्रा

**चंदौसी,अमृत विचारः** शहर में प्रतिवर्ष श्री ब्राह्मण सभा की ओर से परशुराम जयंती पर शोभायात्रा निकाली जाती थी, लेकिन इस बार शोभायात्रा नहीं निकाली जाएगी । श्री ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष गुरुदत्त शर्मा की अध्यक्षता में सत्यनारायण मन्दिर, स्टेशन रोड, पर कार्यकारिणी की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें कहा गया कि 6 अप्रैल को कुछ लोगों द्वारा संस्था के नाम से जो बैठक की गई थी, वह पूरी तरह से अवैध थी। संगठन ने ऐसी किसी भी बैठक का पूरी तरह से खंडन किया है। विभिन्न कारणों से इस वर्ष भगवान परशुराम की शोभा यात्रा नहीं निकालने का निर्णय लिया गया है। शोभा यात्रा के बदले 19 अप्रैल को परशुराम पार्क, सीता रोड, में हवन पूजन और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# बच्ची से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



गुन्नौर में पुलिस गिरफ्त में छेड़छाड़ का आरोपी। ● अमृत विचार

**बबराला, अमृत विचारः** कस्बे में छह वर्षीय बच्ची से घिनौनी हरकत करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 3 अप्रैल की शाम करीब 6:30 बजे गुन्नौर कस्बे में एक शादी समारोह चल रहा था। इसी दौरान बच्ची मोहल्ले के अन्य बच्चों के साथ पड़ोस के घर में खेल रही थी। आरोप है कि तभी शादी में खाना बनाने आया युवक बच्ची को बहला-फुसलाकर एक कोने में ले गया और चाकू दिखाकर उसके साथ घिनौनी हरकत की। बच्ची ने चाचा को घटना की जानकारी दी। शोर-शराबा होने पर आरोपी भाग गया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू। कोतवाली के निरीक्षक (अपराध) बलराम यादव ने बताया कि गुरूवार को आरोपी आदिल फारूकी निवासी ब्रह्मपुरी छर्रा अलीगढ़ को गिरफ्तार कर लिया।

# संक्रमण रोकने में मील का पत्थर साबित होगा टीकाकरण

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भारत सरकार के देशव्यापी अभियान के तहत जनपद संभल में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत कर दी गई है। मिशन शक्ति के अंतर्गत जिला संयुक्त चिकित्सालय संभल में आयोजित कार्यक्रम में पांच किशोरियों को जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की उपस्थिति में टीका लगाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। पहले दिन कुल 18 किशोरियों का टीकाकरण किया गया।

जिला अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि यह अभियान एचपीवी संक्रमण के प्रसार को रोकने और इससे होने वाली मृत्यु दर को कम करने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि अब तक दुनिया के लगभग 160 देशों में 50 करोड़ से अधिक लोगों को यह टीका लगाया जा चुका है। बाजार में इसकी कीमत करीब चार हजार रुपये है, लेकिन सरकार इसे निशुल्क उपलब्ध कराकर जनस्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखा रही है। उन्होंने आगे कहा कि यह पहल न केवल किशोरियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाएगी, बल्कि उनके भविष्य को भी सुरक्षित करेगी। टीकाकरण के उपरांत सभी किशोरियों को डिजिटल वैक्सीनेशन प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। जिलाधिकारी ने सरकारी व निजी विद्यालयों, मदरसों तथा स्कूल न जाने वाली 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को इस अभियान से जोड़ने की अपील की। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज विश्वकर्मा ने बताया कि जनपद संभल में 27 हजार किशोरियों को एचपीवी टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सीएमएस डॉ. राजेश सिंह ने एचपीवी संक्रमण के खतरों और टीकाकरण की उपयोगिता की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. अफजर कमाल वरिष्ठ परामर्शदाता सर्जन, डॉ. मनमोहन शर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजीव रस्तोगी, डॉ. सुनील त्यागी, शमशीर आलम रीजनल कोऑर्डिनेटर, सुरजीत कुमार मंडल कोऑर्डिनेटर, फैजान अली राज्य तकनीकी प्रबंधक, किरणपाल, पारुल गुप्ता आदि स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।



टीकाकरण कराने वाली किशोरियों को सम्मानित करते जिलाधिकारी।

- संभल में शुरू हुआ एचपीवी टीकाकरण अभियान, पहले दिन 18 किशोरियों को लगाया टीका
- बाजार में 4 हजार कीमत लेकिन सरकार करा रही है मुफ्त टीकाकरण

**सर्वाइकल कैंसर के हर साल 78 हजार मामलों में 42 हजार महिलाओं**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक ने राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम 2024 के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया गया कि देश में हर साल लगभग 78 हजार सर्वाइकल कैंसर के मामले सामने आते हैं, जिनमें 42 हजार से अधिक महिलाओं की मृत्यु हो जाती है। लगभग 99 प्रतिशत मामलों का प्रमुख कारण एचपीवी संक्रमण होता है।

# आरटीई के तहत चयनित बच्चों के दाखिले में बाधा

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

- 994 बच्चों के भविष्य पर लटकी तलवार

**अमृत विचारः** अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत जिले में आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों को निजी विद्यालयों में निशुल्क शिक्षा दिलाने की योजना पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में जिले के 994 बच्चों का चयन निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए किया गया है, लेकिन हकीकत में इन बच्चों के दाखिले में गंभीर बाधाएं सामने आ रही हैं।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा चयन सूची जारी होने के बाद अभिभावक अपने बच्चों के प्रवेश के लिए संबंधित विद्यालयों में पहुंच रहे हैं। बावजूद इसके, कई निजी विद्यालय इन बच्चों का प्रवेश लेने में रुचि नहीं दिखा रहे। अभिभावकों को लगातार इधर-उधर घुमाया जा रहा है। असमोली थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर बंद निवासी मोहम्मद कामिल ने बताया कि उनके बेटे अलफेज खान का नाम आरटीई के तहत चयनित सूची में आया था। वह बच्चे का दाखिला कराने निजी विद्यालय पहुंचे, जहां पहले उनसे सभी जरूरी दस्तावेज जमा कर लिए गए और कुछ दिन बाद आने को कहा गया। इस मामले से आहत अभिभावक मोहम्मद कामिल गुरुवार को बहजोई स्थित बीएसए कार्यालय पहुंचे और शिकायत पत्र देकर अपने बच्चे का दाखिला सुनिश्चित कराने की मांग की।

### छेड़छाड़ के आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

**चंदौसी, अमृत विचार :** थाना रजपुरा के एक गांव में रात के समय एक नाबालिग से छेडछाड़ के मामले में अपर जिला जज एवं विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट ने आरोपी को दोषी मानते हुए तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। थाना रजपुरा क्षेत्र के एक गांव में 9 सितंबर 2021 रात के लगभग 2 बजे महिला अपने घर के गेट पर चारपाई पर सो रही थी। इसी दौरान गांव का ही विनोद महिला की बेटी के पास पहुंचा और उसका हाथ पकड़कर खींचने लगा। इस मामले की सुनवाई अपर एवं सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट की अदालत में हो रही थी।


**उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड**
अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद पारेषण मण्डल-मुरादाबाद

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना 03/ECTC/MBD/2026-27**

पत्रांक : 470 दिनांक : 09.04.2026

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

कार्य का नाम : 132 के.वी. उपकेन्द्र हापुड़ बाईपास (वेदव्यासपुरी) मेरठ पर 33 के.वी. लखवाया 'बे' के जानपदीय निर्माण कार्य।

ई-निविदा प्रपत्र शुल्क : रू. 590 | धरोहर राशि : रू. 9,200

ई-निविदा की अन्तिम तिथि : 27 अप्रैल 2026, 14:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र https://etender.up.nic.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

**अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत जानपद पारेषण मण्डल,**
**उ.प्र.पा.ट्रां.का.लि., मुरादाबाद**

# आईवीएफ फेल हुआ तो होम्योपैथी ने दिया मां बनने का सुख

## विश्व होम्योपैथी दिवस पर विशेष : बांझपन के इलाज में होम्योपैथी बनी उम्मीद की किरण, आईवीएफ के महंगे विकल्प से राहत

पंकज द्विवेदी, लखनऊ

- **लखनऊ स्थित केंद्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान में संचालित हो रही विशेष इनफर्टिलिटी क्लीनिक, एक साल में 11 महिलाएं बनी मां**



प्रभारी निदेशक डॉ. लिपि पुष्पा व डॉ. दिव्या वर्मा

**अमृत विचार :** अनियमित जीवनशैली, बढ़ता मोटापा, देर से शादी और हार्मोनल असंतुलन जैसी समस्याओं के कारण आज की युवतियां शादी के कई वर्षों बाद भी सामान्य रूप से गर्भधारण नहीं कर पा रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में जहां एक ओर महंगा आईवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) कई दंपतियों की पहुंच से बाहर है, वहीं होम्योपैथी पद्धति अब एक सस्ती और प्रभावी विकल्प के रूप में उभर रही है।

लखनऊ के जानकीपुरम स्थित केंद्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान में हर शनिवार को विशेष इनफर्टिलिटी क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। संस्थान की प्रभारी निदेशक डॉ. लिपि पुष्पा की देखरेख में चल रही इस क्लीनिक में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. दिव्या वर्मा के अनुसार, प्रत्येक ओपीडी में करीब 50 महिलाएं गर्भधारण और अन्य समस्याओं को लेकर पहुंच रही हैं। पिछले एक वर्ष में यहां इलाज से 11 महिलाओं को मातृत्व का सुख मिल चुका है, जिससे लोगों का होम्योपैथी पर विश्वास भी बढ़ा है।

### केस-1
#### आठ साल बाद जगी उम्मीद, पांच महीने में मिली खुशखबरी

अलीगंज की एक युवती शादी के आठ साल बाद भी गर्भधारण नहीं कर सकी। आईवीएफ पर लाखों खर्च करने के बाद भी असफलता हाथ लगी, जिससे दंपति मानसिक रूप से टूट चुके थे। बाद में संस्थान में परामर्श लेने पर काउंसलिंग और होम्योपैथिक उपचार शुरू किया गया। महज पांच महीने में युवती गर्भवती हो गई। जांच में सामने आया कि उसके अंडाशय छोटे थे, जिसका सफल उपचार किया गया।

### केस-2
#### हार्मोनल असंतुलन दूर तीन महीने में गर्भधारण

एक अन्य मामले में बेटे की मृत्यु के बाद दंपति गहरे सदमे में चला गया। कई वर्षों तक गर्भधारण न होने पर उन्होंने संस्थान का रुख किया। जांच में हार्मोनल असंतुलन सामने आया। इलाज शुरू होने के मात्र तीन महीने के भीतर ही युवती ने गर्भधारण कर लिया।

### केस-3
#### बार-बार गर्भपात से मिली राहत

लखनऊ की ही एक महिला को शादी के सात साल बाद भी बार-बार गर्भपात की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। आर्थिक तंगी के कारण वह आईवीएफ नहीं करा सकी। होम्योपैथिक इलाज शुरू करने के कुछ ही समय में वह गर्भवती हुई और जांच में गर्भस्थ शिशु स्वस्थ पाया गया।

#### महिलाओं के साथ पुरुषों का भी होता है इलाज

प्रभारी निदेशक डॉ. लिपि पुष्पा बताती हैं कि बांझपन के मामलों में महिला और पुरुष दोनों की जांच बेहद जरूरी होती है। कई मामलों में समस्या पुरुषों में पाई जाती है, जिसके इलाज से महिला आसानी से गर्भधारण कर सकती है।

# शिक्षामित्रों-अनुदेशकों को मिलेगा बढ़ा मानदेय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **कैबिनेट के फैसले के बाद बेसिक शिक्षा विभाग से शासनादेश जारी**



**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा से जुड़े शिक्षामित्रों और अंशकालिक अनुदेशकों को बड़ा तोहफा दिया है। गुरुवार को जारी शासनादेश के अनुसार दोनों वर्गों के मानदेय में 8 हजार रुपये प्रति माह की बढ़ोतरी कर दी गई है। अब प्रदेश के 1,42,929 शिक्षामित्रों को 10 हजार रुपये के स्थान पर 18 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। इसी तरह, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत 24,717 अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय 9 हजार रुपये से बढ़ाकर 17 हजार रुपये प्रति माह कर दिया गया है। अंशकालिक अनुदेशकों को यह मानदेय वर्ष में 11 महीने दिया जाएगा। यह बढ़ा हुआ मानदेय इसी माह से लागू होगा, जिससे बड़ी संख्या में शिक्षाकर्मियों को राहत मिलेगी। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह निर्णय हाल ही में हुई कैबिनेट बैठक में स्वीकृत प्रस्ताव के अनुरूप लिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ



स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में निदेशक का कार्यभार ग्रहण करतीं गुंजन द्विवेदी।

### मिशन निदेशक गुंजन द्विवेदी ने संभाला कार्यभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में बुधवार को गुंजन द्विवेदी ने मिशन निदेशक का पदभार संभाल लिया। अलीगंज स्थित पंचायती राज निदेशालय में कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ पहली समीक्षा बैठक की। बैठक में ग्रामीण स्वच्छता अभियान, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, सामुदायिक शौचालय, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन और ग्राम पंचायतों में चल रहे स्वच्छता कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। मिशन निदेशक ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता को केवल अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा स्थायी व्यवहार परिवर्तन बनाया जाना चाहिए। गुंजन द्विवेदी ने अधिकारियों और कर्मचारियों से टीम भावना के साथ काम करने का आह्वान किया।

### इस्लामनगर के बीडीओ निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने बदायूं के इस्लामनगर विकास खंड के खंड विकास अधिकारी मुनब्बर खां को निलंबित कर दिया है। प्रथम दृष्टया अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही और शिथिलता बरतने के आरोप में गुरुवार को यह कार्रवाई की गई है। यह निर्णय उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर लिया गया है। साथ ही, उनके विरुद्ध उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक नियमावली के तहत विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही शुरू करने के भी आदेश दिए गए हैं। मालूम हो कि सरकार की इस कार्रवाई में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर रुख अपनाने के संकेत दिए गए हैं।

### लखनऊ में राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और उप्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 9 मई (शनिवार) को लखनऊ में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसका आयोजन जनपद न्यायालय, कलेक्ट्रेट परिसर और सभी तहसीलों में किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश मलखान सिंह के निर्देशन में होने वाली इस लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। सचिव जीवक कुमार सिंह ने बताया कि लोक अदालत वैकल्पिक विवाद निस्तारण का मंच है, जहां निर्णय सिविल कोर्ट की डिक्री के समान बाध्यकारी होता है और इसके खिलाफ अपील नहीं की जा सकती। प्राधिकरण ने आमजन से अपील की है कि वे लोक अदालत में पहुंचकर सुलभ, शीघ्र और कम खर्च में न्याय का लाभ उठाएं।

### रेतेश्वर महादेव धाम का कायाकल्प तेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के सरोजनी नगर क्षेत्र में सई नदी तट स्थित रेतेश्वर महादेव धाम का कायाकल्प तेजी से जारी है। पर्यटन विभाग की करीब 93.43 लाख रुपये की परियोजना के तहत अब तक लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। योजना का उद्देश्य मंदिर के पारंपरिक स्वरूप को संरक्षित रखते हुए श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'विकास भी, विरासत भी' की परिकल्पना को साकार किया जा रहा है।

# स्मार्ट मीटर शिकायतों की जांच करेगी विशेषज्ञ समिति

## मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश, बिना गलती न कटे कनेक्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- **ऊर्जा मंत्री और एमडी फील्ड में उतरें, करें समाधान**
- **गर्मी में बिजली आपूर्ति बाधित न हो, हेल्पलाइन रहे सक्रिय**

**अमृत विचारः** स्मार्ट मीटर को लेकर बढ़ती शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अपनाते हुए विशेषज्ञ समिति गठित कर जांच कराने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को ऊर्जा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में उन्होंने साफ कहा कि आम उपभोक्ता ईमानदार होता है और यदि बिल सही हो तो वह भुगतान से पीछे नहीं हटता। ऐसे में ओवरबिलिंग या तकनीकी खामियों की निष्पक्ष जांच जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को देर शाम उर्जा विभाग की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि किसी उपभोक्ता की गलती नहीं है तो उसका बिजली कनेक्शन किसी भी स्थिति में नहीं काटा जाए। उन्होंने ऊर्जा मंत्री और पावर कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक को खुद फील्ड में जाकर व्यवस्था देखने और शिकायतों का मौके पर निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी बिजली आपूर्ति सरकार की प्राथमिकता है। स्मार्ट मीटरिंग, बिलिंग प्रणाली और उपभोक्ता सेवाओं को भरोसेमंद बनाना होगा। सभी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर पूरी तरह सक्रिय रहें और शिकायतों का समयबद्ध समाधान किया जाए।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में उपभोक्ताओं की संख्या 2017 के 1.65 करोड़ से बढ़कर 2026 में 3.71 करोड़ हो गई है। इस दौरान बिजली भार में 80 प्रतिशत और ऊर्जा बिक्री में 63 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्तमान में कुल ऊर्जा बिक्री 1.27 लाख मिलियन यूनिट से अधिक है। मुख्यमंत्री ने ट्रांसफार्मर बदलने की प्रक्रिया को तेज करने, बिजली लाइनों के आधुनिकीकरण और भूमिगत केबलिंग को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कहीं भी उपभोक्ता को अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में भी विशेष ध्यान देने को कहा गया। न्यूनतम पांच घरों वाले मजरों तक विद्युतीकरण सुनिश्चित करने, कृषि फीडरों के पृथक्करण और ओवरलोडिंग की समस्या दूर करने पर जोर दिया गया।

# आपदा प्रभावित जिलों का किया हवाई सर्वे

## उप मुख्यमंत्री पाठक और कृषि मंत्री शाही ने किसानों को जल्द राहत के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

**अमृत विचार :** प्रदेश में हालिया असामयिक वर्षा, तेज हवाओं और चक्रवात से फसलों को हुए नुकसान के बीच सरकार ने राहत कार्य तेज कर दिए हैं। इसी क्रम में उप मुख्यमंत्री ब्जेरश पाठक और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गुरुवार को प्रभावित जिलों का हवाई सर्वेक्षण किया।

दोनों मंत्रियों ने बाराबंकी, अयोध्या, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, अमेठी, सुल्तानपुर, फतेहपुर, उन्नाव और लखनऊ सहित कई जनपदों का दौरा कर फसल क्षति का आकलन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वेक्षण कार्य तेजी से पूरा कर प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत राशि उपलब्ध कराई जाए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार किसानों के साथ खड़ी है और हर संभव आर्थिक सहायता दी जाएगी।

हवाई सर्वेक्षण के बाद आजमगढ़ और फतेहपुर में समीक्षा बैठकें भी आयोजित की गईं, जिनमें जिलाधिकारियों व कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि फसल नुकसान का सही आकलन कर जल्द रिपोर्ट शासन को भेजी जाए, ताकि राहत वितरण में देरी न हो।

### फसलों की सुरक्षा को लेकर एडवाइजरी जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में बेमौसम बारिश और कुछ जिलों में आगजनी की घटनाओं के बीच कृषि विभाग ने किसानों के लिए एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने खेत-खलिहानों में फसल की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने और विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। कृषि विभाग ने निर्देश दिया है कि खलिहानों में सिगरेट, बीड़ी या अन्य ज्वलनशील पदार्थों का उपयोग न करें, क्योंकि इससे आग लगने की घटनाएं बढ़ सकती हैं। विभाग ने जनपदों में तैनात कृषि अधिकारियों को भी किसानों से लगातार संपर्क में रहकर उन्हें जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि कटाई और मड़ाई के दौरान विशेष सतर्कता जरूरी है। किसानों को सलाह दी गई है कि यदि खड़ी फसल भीग गई है तो उसे एक-दो दिन सूखने दें। कटाई के बाद खेत में पड़ी फसल में पानी न ठहरने दें और बोझ बांधकर खड़ा करें। खलिहान में भीगी फसल को खोलकर धूप और हवा लगने दें, ताकि वह जल्दी सूख सके। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि अनाज के दाने भीग गए हैं तो उन्हें तभी भंडारित करें, जब उनमें नमी 10 प्रतिशत तक रह जाए। साथ ही भंडारण से पहले गोदाम, बखारी, बोरे और दीवारों का धूम्रीकरण (फ्यूमिगेशन) कर लेना चाहिए, ताकि अनाज सुरक्षित और कीटमुक्त रह सके।

# डॉ. केके सिंह प्रकरण की होगी हाई-लेवल जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में सर्जरी विभाग के प्रोफेसर और डीन फैकल्टी प्रवक्ता डॉ. केके सिंह को लेकर विवाद एक बार फिर गहरा गया है। उनके पूरे चिकित्सकीय कार्यकाल में नियुक्ति, बर्खास्तगी और पुनः बहाली मामलों की अब व्यापक जांच होगी। अतीत के पन्ने खुलेंगे। इस मामले में मौजूदा कुलपति की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है। राज्य सरकार ने केजीएमयू प्रशासन से विस्तृत आख्या तलब की है, जिससे यह स्पष्ट है कि मामला अब उच्च स्तर पर गंभीरता से लिया जा रहा है।

भाजपा विधायक रमा निरंजन ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि केजीएमयू में नियुक्तियां, खरीद और निर्माण जैसे बड़े फैसले डॉ. सिंह के प्रभाव में होते हैं। इससे राज्य सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इतना ही नहीं कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद के पति शरद मिश्र की भूमिका भी संदिग्ध बताई गई है। भाजपा विधायक रमा निरंजन ने केके हॉस्पिटल और डिग्री कॉलेज सहित अरबों की अकूत संपत्ति की जांच राष्ट्रीय एजेंसी से कराने की मांग की है और कहा है कि उन्हें सभी पदों से हटाया जाए।

# 12 आईपीएस और 35 पीपीएस अधिकारियों के तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **नोएडा कमिश्नरेट की ट्विंकल जैन लखनऊ की एडीसीपी बनीं**
- **लखनऊ के ऋषभ रुनवाल को एएसपी नक्सल सोनभद्र बनाया गया**

**अमृत विचारः** शासन ने गुरुवार देर शाम को 12 आईपीएस और 35 पीपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिये हैं। जारी सूची में नोएडा कमिश्नरेट में एडीसीपी रही ट्विंकल जैन को लखनऊ और लखनऊ उत्तरी में एडीसीपी रहे ऋषभ रुनवाल को एएसपी नक्सल सोनभद्र बनाया गया है।

जारी आदेश के अनुसार, सागर जैन एएसपी ग्रामीण सहारनपुर से एडीसीपी प्रयागराज, मनोज कुमार रावत एएसपी पूर्वी गोंडा को संभल दक्षिणी, आयुष विक्रम सिंह को एएसपी सिटी मेरठ से बहराइच, विनायक गोपाल भोंसले को सीतापुर से मेरठ, अंतरिक्ष जैन को मेरठ से बुलंदशहर, लिपि नागयाच को गाजियाबाद कमिश्नरेट से वाराणसी का एडीसीपी, राजकुमार मीणा को प्रयागराज से मीरजापुर नक्सल एएसपी, अलोक कुमार को संभल से प्रतापगढ़, एडीसीपी वाराणसी डॉ. ईशान सोनी को एएसपी जालौन और एएसपी अलीगढ़ मयंक पाठक को सहारनपुर का एएसपी ग्रामीण बनाया गया है।

वहीं 35 पीपीएस अधिकारियों में आलोक कुमार सिंह को बहराइच से एसडीआरएफ मुख्यालय लखनऊ का उपसेनानायक, संजीव कुमार सिन्हा एएसपी रायबरेली को पुलिस मुख्यालय, आलोक सिंह-3 को एसीपी प्रयागराज से एएसपी रायबरेली, अजीत कुमार रजक को जौनपुर से एएसपी गोंडा, डॉ. तेजवीर सिंह को बुलंदशहर से अंबेडकरनगर, श्याम देव को एएसपी अंबेडकरनगर से 12वीं वाहिनी पीएसी उपसेनानायक फतेहपुर, मनीष कुमार मिश्र को मीरजापुर से अलीगढ़, शैलेंद्र लाल को प्रतापगढ़ से उन्नाव, एडीसीपी लखनऊ जया शांडिल्य को एएसपी अभिसूचना मेरठ, कृष्ण कांत सरोज को एएसपी अभिसूचना मेरठ से एएसपी विशेष जांच शाखा लखनऊ, प्रदीप कुमार वर्मा को जालौन से उपसेनानायक 2वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर, राजेश कुमार पांडेय-2 को कानपुर देहात से एडीसीपी गाजियाबाद कमिश्नरेट, अवनीश कुमार मिश्र को मथुरा से पीएसी मुख्यालय लखनऊ, श्वेता कुमारी यादव को एडीसीपी गाजियाबाद से एएसपी मथुरा, कृपा शंकर को बलिया से एएसपी कानून-व्यवस्था शाखा डीजीपी मुख्यालय, स्नेहा तिवारी चंदौली से एएसपी बलिया, राघवेंद्र कुमार मिश्रा को मेरठ से उपसेनानायक 2वीं वाहिनी एसएसएफ गोरखपुर, राजेश कुमार श्रीवास्तव एएसपी केंद्रीय भंडारण सीतापुर से एएसपी यातायात मेरठ, विवेक त्रिपाठी एएसपी यातायात आजमगढ़ से केंद्रीय भंडारण सीतापुर, अभिषेक कुमार सिंह को एटीएस लखनऊ से एएसपी बदायूं, शंकर प्रसाद को बुलंदशहर से पुलिस अकादमी मुरादाबाद, पियूष कांत राय को एडीसीपी आगरा से एएसपी चित्रकूट, सत्यपाल सिंह को चित्रकूट से एएसपी पीटीसी मुरादाबाद, आलोक प्रसाद को एएसपी सीतापुर से कानपुर देहात, अरुण कुमार सिंह-2 को फतेहगढ़ से एएसपी यातायात निदेशालय लखनऊ, गिरीश कुमार सिंह को एडीसीपी आगरा से एएसपी फतेहगढ़, राहुल मिठास को मैनपुरी से एएसपी तकनीकी सेवाएं लखनऊ, अभिषेक तिवारी को मेरठ से एएसपी मैनपुरी, महेंद्र पाल सिंह को फतेहपुर से सीआईडी सेक्टर लखनऊ का सेक्टर ऑफिसर बनाया गया है। इसी तरह ज्ञान प्रकाश राय को एडीसीपी गाजियाबाद से एएसपी फतेहपुर, सतीश चंद्र शुक्ला एएसपी भदोही को एएसपी आपरेशन चंदौली, प्रेमचंद एएसपी उन्नाव को एएसपी राज्य मानवाधिकार आयोग लखनऊ और अभिषेक प्रताप अजेय को एएसपी कन्नौज से बुलंदशहर का एएसपी नगर बनाया गया है।

# कृषि विज्ञान कांग्रेस में नई चुनौतियों पर मंथन, आधुनिक, टिकाऊ और लाभकारी खेती पर जोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि वैज्ञानिकों ने गन्ना आधारित फसल प्रणाली में हल्दी, मूंग, काली मिर्च और अजवाइन जैसी अंतः फसलों को शामिल करने को लाभकारी बताया। मृदा स्वास्थ्य सुधार के लिए जैव-उर्वरक आधारित पोषक तत्व प्रबंधन और कार्बनिक कार्बन बढ़ाने पर बल दिया गया।

कृषि वैज्ञानिक, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित छठवीं उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान कांग्रेस के दूसरे दिन गुरुवार को सात तकनीकी सत्रों में खेती की नई चुनौतियों पर व्यापक मंथन कर रहे थे। "विकसित कृषि विकसित भारत @2047" विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने आधुनिक, टिकाऊ और लाभकारी खेती पर जोर दिया।

तकनीकी सत्रों में प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य, जलवायु सहिष्णु फसल किस्मों के विकास, जैविक तनाव प्रबंधन और फार्म मशीनीकरण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने कृषि को केवल उत्पादन तक सीमित न रखकर उसे व्यवसाय के रूप में विकसित करने, मार्केटिंग, वैल्यू एडीशन और पैकेजिंग पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। "खेत एक फसल अनेक" की अवधारणा को अपनाने की भी संस्तुति की गई। इसके साथ ही पोषण सुरक्षा पर जोर देते हुए बेबी फूड में गाजर, आम और अमरूद पाउडर के उपयोग तथा आंवला, जामुन जैसे उत्पादों के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने की सलाह दी गई। विशेषज्ञों ने जलवायु अनुकूल खेती और नई तकनीकों के जरिए कृषि को अधिक उत्पादक, सुरक्षित और लाभकारी बनाने पर बल दिया।

# विवाद के बाद यूपी लौटे आईएएस अनुराग यादव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव को भेजा पत्र, कार्रवाई संभव**
- **वर्चुअल बैठक में सीईसी से बहस के बाद पर्यवेक्षक पद से हटाए गए**



अनुराग यादव

**अमृत विचारः** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान विवादों में आए यूपी कैडर के वरिष्ठ आईएएस अनुराग यादव को चुनाव आयोग ने वापस बुला लिया है। वह लखनऊ लौट आए हैं और उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, चुनाव आयोग ने इस मामले में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र भेजा है, जिसमें आगे की कार्रवाई का संकेत दिया गया है। हालांकि, इस पर अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि अनुराग यादव को पश्चिम बंगाल के कूच बिहार दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में सामान्य पर्यवेक्षक के रूप में तैनात किया गया था। चुनाव तैयारियों को लेकर आयोजित एक उच्चस्तरीय वर्चुअल बैठक के दौरान उनसे क्षेत्र के पोलिंग बूथ की संख्या पूछी गई, जिसका वह तुरंत सटीक जवाब नहीं दे पाए।

इसी दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त से उनकी तीखी बहस हो गई। बताया जाता है कि उन्होंने बैठक में आपत्ति जताते हुए कहा कि "आप इस तरह बात नहीं कर सकते", जिसके बाद मामला और बढ़ गया। घटना के बाद चुनाव आयोग ने उन्हें पर्यवेक्षक पद से हटाते हुए तत्काल वापस लौटने के निर्देश दिए। अनुराग यादव प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी हैं और वर्तमान में उत्तर प्रदेश में अहम जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इस घटनाक्रम के बाद प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में इस मामले की व्यापक चर्चा है।

बढ़ते कदम

## 'सीएम युवा' योजना बनी गेमचेंजर

# नवाचार से प्रदेश के हजारों युवा बने उद्यमी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **10 हजार से अधिक स्टार्टअप नए सत्र में ढाई गुना लक्ष्य**
- **फूड, डिजिटल, ट्रेनिंग और सर्विस सेक्टर में युवाओं का रुझान**

**अमृत विचारः** योगी आदित्यनाथ सरकार की 'सीएम युवा' पहल ने प्रदेश में स्टार्टअप इकोसिस्टम को जमीनी स्तर पर मजबूत करते हुए इनोवेशन यानी नवाचार आधारित कारोबार को नई गति दी है। अब युवा नौकरी तलाशने के बजाय खुद रोजगार सृजित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

प्रदेश में अब तक 10 हजार से अधिक इनोवेटिव उद्यम स्थापित हो चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार, कुल स्थापित उद्यमों में करीब 10 प्रतिशत इनोवेटिव मॉडल पर आधारित हैं, जिसे चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में 25 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। 'सीएम युवा' योजना के तहत युवाओं को न केवल वित्तीय सहायता मिल रही है, बल्कि उन्हें बाजार, तकनीक और बिजनेस मॉडल की समझ भी दी जा रही है।

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ने 2133 इनोवेटिव उद्यमों को वित्तपोषित कर सबसे आगे स्थान बनाया है। इसके अलावा एसबीआई (1549), बीओबी (1170), पीएनबी (1018) समेत अन्य बैंकों ने भी बड़े पैमाने पर ऋण देकर युवाओं के सपनों को हकीकत में बदलने में मदद की है।

### नए सेक्टरों में बढ़ा भरोसा, बदल रही सोच

प्रदेश में स्टार्टअप का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। फूड और रेस्टोरेंट सेक्टर में सर्वाधिक 763 उद्यम स्थापित होना इस बदलाव का बड़ा संकेत है। इसके अलावा कंप्यूटर ट्रेनिंग (370), पैथोलॉजी सैंपलिंग (260), फास्ट फूड (253), फ्रेंचाइजी मॉडल (253) और ऑनलाइन टीचिंग (189) में भी तेजी देखी जा रही है। जिम, मोबाइल आईटी प्लेटफॉर्म, ट्रैवल एंड टूरिज्म और क्लाउड किचन जैसे उभरते क्षेत्रों में भी युवाओं की सक्रियता बढ़ी है।

### जिलों में प्रतिस्पर्धा, लखनऊ सबसे आगे

जनपदवार आंकड़ों में राजधानी लखनऊ 287 इनोवेटिव उद्यमों के साथ शीर्ष पर है। इसके बाद आजमगढ़ (286) और हरदोई (262) दूसरे व तीसरे स्थान पर हैं। जौनपुर, अंबेडकर नगर, कानपुर, वाराणसी और रायबरेली जैसे जिले भी तेजी से इस दौड़ में आगे बढ़ रहे हैं।

# सेवानिवृत्त इंजीनियरों को समयबद्ध पेंशन देने की नई व्यवस्था

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने सेवानिवृत्त इंजीनियरों को समय पर पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने के लिए नई व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं। शासन स्तर पर स्पष्ट किया गया है कि पेंशन मामलों में देरी या त्रुटि किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं होगी और सभी लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। सरकार का फोकस इस बात पर है कि रिटायरमेंट के बाद कर्मचारियों को अपने ही हक के लिए भटकना न पड़े। इसके लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि पेंशन स्वीकृति, भुगतान और अन्य देयकों की प्रक्रिया को समयबद्ध और पारदर्शी बनाया जाए।



अगर आप किसी से प्यार करते हैं, तो उसे जाने दें।
–खलील जिब्रान, दार्शनिक



# महज रणनीतिक विराम

पश्चिम एशिया में ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच घोषित दो सप्ताह का युद्ध विराम पहली नजर में राहत देता है, परंतु इसके भीतर अस्थिरता की गहरी परतें छिपी हैं। सवाल यह नहीं कि युद्ध रुका है, बल्कि यह है कि क्या वास्तव में शांति की कोई ठोस जमीन तैयार हुई है। सबसे पहली बाधा भरोसे की है। डोनाल्ड ट्रंप के लगातार बदलते बयानों ने वार्ता की विश्वसनीयता को कमजोर किया है। जब एक पक्ष 'पूर्ण विनाश' की भाषा बोलता है और साथ ही वार्ता की भी बात करता है, तो कूटनीतिक प्रक्रिया पर स्वाभाविक रूप से संदेह पैदा होता है। ऐसे में यह मान लेना कठिन है कि अमेरिका ईरान की सभी शर्तों को स्वीकार करेगा—विशेषकर सैन्य उपस्थिति, प्रतिबंधों और परमाणु कार्यक्रम जैसे संवेदनशील मुद्दों पर। जमीनी स्थिति भी शांति के अनुकूल नहीं है।

संयुक्त अरब अमीरात द्वारा ईरान के अस्फहान और लबान द्वीप पर हमले इस संघर्ष के विस्तार का संकेत हैं। यदि क्षेत्रीय देश सीधे युद्ध में शामिल होते हैं, तो यह संघर्ष बहु-ध्रुवीय हो जाएगा, जिससे किसी भी युद्धविराम की प्रासंगिकता कम हो जाती है। इसी तरह इजराइल द्वारा लेबनान में कार्रवाई और उसके जवाब में ईरान की नाराजगी तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने जैसे कदम स्थिति को और जटिल बनाते हैं। इस परिदृश्य में चीन की भूमिका निर्णायक बनती दिख रही है। ईरान द्वारा उसके कहने पर युद्धविराम स्वीकार करना इस बात का साफ संकेत है कि वैश्विक शक्ति संतुलन बदल रहा है। अमेरिका के लिए यह स्वीकार करना आसान नहीं होगा कि उसका पारंपरिक प्रभाव क्षेत्र अब किसी अन्य शक्ति के हस्तक्षेप से संचालित हो। सैन्य दृष्टि से भी स्थिति अस्थिर है। ईरान के पास अभी भी पर्याप्त मिसाइल क्षमता और लांचर मौजूद हैं, जिससे वह वार्ता की मेज पर आत्मविश्वास के साथ बैठ सकता है। दूसरी ओर, अमेरिका द्वारा 14 दिनों के बाद और भीषण हमलों की संभावित योजना का संकेत इस युद्धविराम को 'सशर्त विराम' बना देता है, जहां शांति असफल होते ही संघर्ष और तीव्र हो सकता है। जब तक गाजा और लेबनान में हमले जारी हैं, तब तक पूरे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति की कल्पना अधूरी है। क्षेत्रीय संघर्ष एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं; एक मोर्चे पर शांति और दूसरे पर युद्ध लंबे समय तक साथ नहीं चल सकते। कूटनीतिक स्तर पर भी समाधान कठिन है। न तो ईरान होर्मुज पर नियंत्रण छोड़ेगा न अमेरिका अपने सैन्य ठिकानों को हटाएगा। ईरान द्वारा परमाणु कार्यक्रम रोकना और इजराइल द्वारा स्थायी युद्ध बंदी की सहमति भी कठिन है।

भारत के लिए यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील है। ऊर्जा आपूर्ति, व्यापार और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा सीधे इस क्षेत्र की स्थिरता से जुड़ी है, इसलिए भारत को संतुलित कूटनीति के साथ-साथ शांति प्रयासों का समर्थन करना होगा। कुल मिलाकर यह दो सप्ताह का युद्धविराम ज्यादा से ज्यादा 'रणनीतिक विराम' प्रतीत होता है, न कि स्थायी समाधान की दिशा में निर्णायक कदम। यदि मूल मुद्दों—सुरक्षा, प्रभुत्व और विश्वास का समाधान नहीं हुआ, तो यह शांति अस्थायी ही साबित होगी और क्षेत्र एक बार फिर संघर्ष की आग में झुलस सकता है।

## प्रसंगवश

# विकास और भीड़ के शोर में गुम मानवता



पवन साहू
विधि छात्र

आदिमानव भोजन और आश्रय की तलाश में जंगलों की खाक छानते और कंदराओं में शरण लेते थे। समय बदला और भटकते हुए वही कदम आज आधुनिक महानगरों की कंक्रीट की गगनचुंबी इमारतों की दहलीज तक पहुंच चुके हैं। यदि विकास की इस लंबी और थका देने वाली यात्रा का हम संजीदगी से विश्लेषण करें, तो यह केवल प्रगति का पथ नहीं दिखता। यह मनुष्य की एक ऐसी बौद्धिक 'शरारत' भी प्रतीत होती है, जिसने अपनी अंतहीन आवश्यकताओं की आड़ में पूरी प्रकृति और दुनिया का मौलिक स्वरूप ही बदल डाला है।

प्रारंभिक दौर में मनुष्य की बुद्धि में जो इज़ाफ़ा हुआ, उसने उसे अस्तित्व की लड़ाई जीतने और प्रकृति की प्रतिकूलताओं से लड़ने की प्रेरणा दी। पहिए के आविष्कार से लेकर आग के नियंत्रण तक, सब कुछ मनुष्य की जिजीविषा का प्रमाण था, किंतु जैसे-जैसे विकास का पहिया तेज घूमा, मनुष्य को सुविधा और सत्ता का एक ऐसा घातक चस्का लग गया, जिसे छोड़ना अब उसके वश में नहीं रहा। परिवर्तन की यह प्रक्रिया इतनी सूक्ष्म और मंथर थी कि हमें यह बिल्कुल सामान्य लगने लगी। एक पीढ़ी ने अपनी बुद्धि से सुख-सुविधाओं के जो आलीशान तामझाम खड़े किए, अगली पीढ़ी के लिए वही 'अनिवार्य परंपरा' बन गए।

इसी अंधानुकरण ने गांवों को कस्बों में और शहरों को उन मशीनी महानगरों में तब्दील कर दिया, जहां आज मानवता भीड़ के शोर में कहीं खो गई है। विकास का प्रकाश तो चारों ओर फैला, लेकिन इसी चकाचौंध के पीछे इंसानियत धर्मों, जातियों, संकीर्ण भाषाओं और कृत्रिम सीमाओं के अंधेरे में बंट गई। आदिमानव से आधुनिक मानव बनने के इस सफर में एक बहुत ही सूक्ष्म और खतरनाक मनोवैज्ञानिक 'शरारत' ने जन्म लिया सुरक्षा का भय। यहां एक बुनियादी सवाल खड़ा होता है कि आखिर मनुष्य को यह सुरक्षा किससे चाहिए? इसका जो कड़वा सत्य उभर कर आया, वह यह था कि मनुष्य को सबसे बड़ा खतरा स्वयं मनुष्य से ही है।

यही वह निर्णायक मोड़ था, जहां से सुरक्षा की आड़ में किए गए आविष्कारों का रुख सृजन से हटकर सर्वनाश की ओर मुड़ गया। सुरक्षा की मृगतृष्णा में भटकते मनुष्य ने पहले आत्मरक्षा के नाम पर पत्थर के औजार बनाए, फिर गोले-बारूद और अंततः घातक बंदूकें व विशाल तोपें ईजाद कीं। जब इतने से भी असुरक्षा का बोध कम नहीं हुआ, तो उसने मिसाइलें, रासायनिक हथियार और परमाणु ऊर्जा जैसी प्रलयंकारी शक्तियां हासिल कर लीं। विडंबना देखिए कि आज विश्व के तमाम राष्ट्र अपनी गाढ़ी कमाई और प्राकृतिक संसाधनों का एक बड़ा हिस्सा केवल इन्हीं विनाशकारी हथियारों के निर्माण और रखरखाव पर स्वाहा कर रहे हैं। जिस धन से गरीबी और बीमारी मिट सकती थी, उससे मौत का सामान खरीदा जा रहा है।

आज वैश्विक स्थिति यह है कि विकास का जो चमकीला मुखौटा हमने पहन रखा है, वह असल में पूरी मानव जाति के लिए अस्तित्व का संकट बन चुका है। विडंबना यह है कि जिसके पास जितने ज्यादा घातक हथियार हैं, वह सुरक्षित होने के बजाय एक 'विनाशकारी अहंकार' से भर गया है। यह अहंकार मनुष्य को मनुष्य के खिलाफ युद्ध के मैदान में खड़ा कर देता है। राष्ट्रवाद की संकीर्ण परिभाषाओं और सीमाओं के जटिल जाल में हम इस कदर उलझ गए हैं कि हमें सामने वाला व्यक्ति 'इंसान' नहीं, बल्कि केवल एक नंबर या 'दुश्मन' नजर आता है। यदि सुरक्षा के नाम पर हम अपनों का ही रक्त बहाने को तत्पर हैं, तो ऐसी सुरक्षा व्यवस्था को जड़ से उखाड़ फेंकना ही उचित है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# पुलिसकर्मियों को सजाए मौत तंत्र के लिए बड़ी चेतावनी





विवेक सक्सेना
अयोध्या

तमिलनाडु के सथानकुलम कस्टोडियल किलिंग मामले में मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच द्वारा नौ पुलिसकर्मियों को सुनाई गई मौत की सजा न केवल एक ऐतिहासिक फैसला है, बल्कि यह देश के कानून प्रवर्तन तंत्र के लिए एक कड़ी चेतावनी भी है। यह फैसला तब आया है, जब हिरासत में होने वाली मौतों को लेकर लंबे समय से पुलिस सुधार की मांग उठ रही है। दोनों के साथ पुलिस स्टेशन के भीतर जो बर्बरता की गई थी, उसने मानवता को शर्मसार कर दिया। रिपोर्ट्स के अनुसार कोविड काल के दौरान तमिलनाडु के तूतीकोरिन जिले के सथानकुलम में 19 जून 2020 को पुलिस ने लॉकडाउन के दौरान दुकान खुली रखने के आरोप में व्यापारी पी जयराज और उनके बेटे बेनिक्स को निर्धारित समय से अधिक समय तक मोबाइल फोन की दुकान खुली रखने के आरोप में हिरासत में लिया था।

बाद में यह आरोप झूठा साबित हुआ। दोनों को थाने ले जाया गया, जहां परिजनों के मुताबिक उनके साथ पूरी रात बुरी तरह मारपीट की गई। बाद में उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया, लेकिन 22 जून की रात बेनिक्स की और अगले दिन सुबह जयराज की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे देश में आक्रोश फैल गया। मद्रास हाईकोर्ट ने मामले का संज्ञान लिया और जांच पहले राज्य की सीबी-सीआईडी को और बाद में सीबीआई को सौंप दी गई। जांच में पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगे और कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

करीब छह साल बाद मदुरै की अदालत (मद्रास हाईकोर्ट) ने इसे 'रेयरेस्ट ऑफ द रेयर' (दुर्लभतम) मामला मानते हुए छह अप्रैल 2026 को नौ पुलिसकर्मियों को फांसी की सजा दी है। कोर्ट ने माना कि दोनों को हिरासत में सुनियोजित (सोच-समझकर) तरीके से टॉर्चर किया गया था, इसलिए सख्त सजा जरूरी है। जांच के दौरान एक महिला कांस्टेबल की गवाही अहम रही, जिसने बताया कि थाने में रातभर पिटाई हुई थी और वहां खून के निशान भी थे, हालांकि थाने का सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित नहीं रखा गया, जिससे कुछ सबूत नहीं मिल सके।

अदालत ने यह भी कहा कि यह मामला सत्ता के गलत इस्तेमाल का गंभीर उदाहरण है, लेकिन इससे पूरी पुलिस व्यवस्था पर सवाल नहीं उठाया जाना चाहिए। अदालत ने इसे ऐसा मामला बताया, जिसने एक पूरे परिवार को तबाह कर दिया और साफ तौर पर सत्ता के गलत इस्तेमाल को दिखाता है। कोर्ट ने यह भी माना कि राज्य में कई ईमानदार पुलिसकर्मी भी हैं, लेकिन ऐसे गंभीर मामलों में सिर्फ उम्रकैद जैसी सजा से पुलिस के भीतर जरूरी डर नहीं बनेगा।

अदालत ने इस मामले में इंस्पेक्टर श्रीधर समेत नौ दोषियों को बेहद सख्त सजा सुनाई है। सभी को 'डबल डेथ सेंटेंस' यानी दो बार फांसी की सजा दी गई है। इसके साथ ही अलग-अलग धाराओं में एक साल से लेकर सात साल तक की जेल और कुल मिलाकर करीब 76.38 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जी मुथुकुमारन ने इसे दुर्लभतम मामला बताया। उन्होंने सजा सुनाते हुए कहा कि जनता की रक्षा का जिम्मा संभालने वालों ने ऐसा अपराध किया है, जिसने समाज की सामूहिक अंतरात्मा को झकझोर दिया है।

जज मुथुकुमारन ने कहा, यदि आम नागरिक ने यह अपराध किया होता, तो सामान्य सजा दी जा सकती थी, लेकिन अपराध पुलिस ने किया है, इसलिए साधारण सजा नहीं दी जा सकती। अदालत ने कहा कि यह हिरासत में हिंसा का स्पष्ट उदाहरण है।

यह फैसला एक गहरी व्यवस्थागत समस्या को रेखांकित करता है। भारत में हिरासत में होने वाली मौतें कोई नई बात नहीं हैं; प्रतिवर्ष सैकड़ों मौतें होती हैं। सुप्रीम कोर्ट के बार-बार के निर्देशों के बावजूद पुलिस बर्बरता जारी है, जो दर्शाता है कि पुलिस सुधार केवल कागजों पर हो रहे हैं। यह फैसला पुलिस प्रणाली में जवाबदेही और पारदर्शिता की तत्काल आवश्यकता पर जोर देता है। जो कानून के रक्षकों द्वारा भक्षक बनने पर कड़ी प्रतिक्रिया है। यह फैसला स्पष्ट करता है कि वर्दी का मतलब कानून से ऊपर होना नहीं है। जब कानून के रखवाले ही कानून को तोड़ते हैं, तो यह सीधे तौर पर संवैधानिक मूल्यों और मानवाधिकारों पर हमला है।

यह फैसला पुलिस विभाग के लिए एक चेतावनी है। सवाल यह है कि क्या पुलिस का काम लोगों की रक्षा करना है या उन्हें प्रताड़ित करना? कोविड नियमों के उल्लंघन के झूठे आरोप में निर्दोष लोगों को हिरासत में लेकर बेरहमी से पीटकर मार डालना, वर्दी के अहंकार की पराकाष्ठा है। इस तरह की घटनाएं जनता और पुलिस के बीच भरोसे को खत्म करती हैं, हालांकि कुछ लोग मौत की सजा के खिलाफ हैं और इसे 'मानवीय' नहीं मानते, लेकिन जब पुलिस की बर्बरता की सीमा पार हो जाती है, तो ऐसे मामलों में सख्त सजा ही एकमात्र रास्ता बचती है। जैसा कि पीड़ित परिवारों ने कहा, 'हमारे जैसा दर्द कोई दूसरा न झेले'। यह फैसला निश्चित रूप से पुलिस की मनमानी पर अंकुश लगाएगा और भविष्य में कस्टोडियल टॉर्चर को कम करने में मदद करेगा।

सथानकुलम मामला एक काले अध्याय की तरह याद रखा जाएगा, लेकिन इसका फैसला न्यायपालिका की सर्वोच्चता और कानून के शासन में जनता के भरोसे को बहाल करने का काम करता है। अब समय आ गया है कि पुलिस को एक 'बल' से 'सेवा' में बदलने की प्रक्रिया तेज की जाए, ताकि दोबारा किसी 'जयराज' या 'बेनिक्स' को अपनी जान न गंवानी पड़े। सजा-ए-मौत से डर तो पैदा होगा, लेकिन असली न्याय तभी होगा जब पुलिस हिरासत में किसी की मौत की कल्पना भी न की जा सके। यह ऐतिहासिक फैसला न्याय की जीत है। अब जिम्मेदारी है कि निचली अदालत के इस फैसले को उच्च न्यायालयों में भी कायम रखा जाए और मामले को जल्द से जल्द तार्किक अंत तक पहुंचाया जाए।

> मदुरै बेंच द्वारा नौ पुलिसकर्मियों को सुनाई मौत की सजा ऐतिहासिक फैसला है। यह फैसला तब आया है, जब हिरासत में होने वाली मौतों को लेकर लंबे समय से पुलिस सुधार की मांग उठ रही है।

## आमने सामने



ईरान अब शांति चाहता है और बाकी दुनिया भी यही चाहती है। अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़े दबाव को संभालने में मदद करेगा और क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। अमेरिका अपने ज्यादातर सैन्य लक्ष्य हासिल कर चुका है और अब स्थायी शांति के लिए बातचीत आगे बढ़ाई जाएगी।
–डोनाल्ड ट्रंप
अमेरिकी राष्ट्रपति

ईरान पर हमले बंद रहते हैं, तो हमारी सेना भी कार्रवाई रोक देगी। अगले दो हफ्तों तक होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही सुरक्षित तरीके से जारी रहेगी। यह युद्ध विराम बातचीत का रास्ता खोलने के लिए है और आने वाले समय में इसे स्थायी समझौते में बदला जा सकता है।
–अब्बास अराघची
विदेश मंत्री, ईरान



# नल में जल बनाम कागजों पर राहत



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

भारत दुनिया की लगभग 18% आबादी का घर है, लेकिन हमारे पास वैश्विक मीठे पानी का केवल 4% हिस्सा ही उपलब्ध है। यह असंतुलन ही देश में जल संकट की बुनियादी जड़ है। नीति आयोग की हालिया रिपोर्टों के अनुसार, लगभग 60 करोड़ भारतीय उच्च से अत्यधिक जल तनाव का सामना कर रहे हैं। भारत जब आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का दावा कर रहा है, तब एक बुनियादी सवाल देश के विकास के दावों को चुनौती दे रहा है- क्या हम अपने नागरिकों को एक गिलास शुद्ध पानी देने में सक्षम हैं?

इस साल के एक फरवरी 2026 को पेश किए गए केंद्रीय बजट में जल शक्ति मंत्रालय के लिए 67,600 करोड़ का आवंटन कर सरकार ने अपनी मंशा तो साफ कर दी है, लेकिन धरातल की हकीकत बजट के इन चमकदार आंकड़ों से कहीं अधिक भयावह है। जल जीवन मिशन और 'अमृत' जैसे प्रोजेक्ट्स के पिछले सात वर्षों के सफर को देखें, तो यह स्पष्ट होता है कि व्यवस्था ने केवल पाइप बिछाने की गति को ही सफलता मान लिया, जबकि पानी की शुद्धता और उसकी निरंतरता को हाशिए पर धकेल दिया गया। 2025-26 के बीच भारत के शहरी और ग्रामीण इलाकों में दूषित पानी ने जो तांडव मचाया है, वह किसी भी आधुनिक राष्ट्र के लिए शर्मसार करने वाला है। दिसंबर 25 से जनवरी 26 के पहले सप्ताह के बीच ही देश के 26 प्रमुख शहरों में सीवेज मिश्रित पानी पीने से 5,500 से अधिक लोग बीमार हुए और कम से कम 34 की मौत हो गई।

इंदौर, जिसे भारत का सबसे स्वच्छ शहर होने का गौरव प्राप्त है, वहां की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। दिसंबर 2025 के अंतिम सप्ताह में इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में पाइपलाइन में सीवेज का पानी मिलने से 37 लोगों की मौत हो गई और 1,400 से अधिक लोग अस्पताल पहुंच गए। इसी तरह, जनवरी 2026 की शुरुआत में बेंगलुरु के पॉश इलाकों और गांधीनगर (गुजरात) में सैकड़ों बच्चे दूषित पानी के कारण टाइफाइड और डायरिया का शिकार हुए। ये घटनाएं केवल मानसून की समस्या नहीं हैं, बल्कि यह एक 'सदाबहार शहरी संकट' बन चुका है।

अगस्त 2019 में जब 'जल जीवन मिशन' शुरू हुआ, तब लक्ष्य था 2024 तक हर घर को नल से जोड़ना। सरकारी पोर्टल के अनुसार, जनवरी 2026 तक देश के लगभग 81.5% ग्रामीण घरों (करीब 15.8 करोड़ घर) में नल लग चुके हैं, लेकिन इस 'संख्यात्मक सफलता' के पीछे एक बड़ा ढांचागत दोष है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 79वें दौर के आंकड़ों के अनुसार, पाइपलाइन कवरेज के बावजूद केवल 39% ग्रामीण घर ही नल के पानी को अपने प्राथमिक स्रोत के रूप में उपयोग कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में यह उपयोग दर 10% से 30% के बीच है।

इस विफलता के कारणों की सूची लंबी है, लेकिन देश में सर्वाधिक देखा गया कि हजारों गांवों में पाइप और नल तो लगे हैं, लेकिन पानी का दबाव इतना कम है कि वह अंतिम घर तक नहीं पहुंचता। कई स्थानों पर तो नल केवल 'शोपीस' बनकर रह गए हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पहाड़ी क्षेत्रों के 60% जल स्रोत सूख चुके हैं। मैदानी इलाकों में भूजल का स्तर इतनी तेजी से गिर रहा है कि नलों के लिए पानी का कोई स्थायी स्रोत ही नहीं बचा है। ठेकेदारी प्रथा और जवाबदेही की कमी के कारण पाइप लाइनें बिछाने के कुछ महीनों बाद ही फटने लगी हैं। सबसे भयानक है कि भारत दुनिया में भूजल का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है।

पंजाब, हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों में भूजल का स्तर खतरनाक रूप से नीचे गिर गया है। कृषि में 'वाटर गज़लर' फसलों (जैसे धान और गन्ना) के लिए अंधाधुंध पंपिंग ने जलभृतों (एक्वाफर्स) को सुखा दिया है। इन कारणों से पानी की गुणवत्ता में गिरावट आ रही है । केवल पानी की कमी नहीं है, बल्कि उपलब्ध पानी की गुणवत्ता भी गिर रही है। लगभग 70% सतही जल प्रदूषित है। भूजल में आर्सेनिक, फ्लोराइड और यूरेनियम की बढ़ती मात्रा 'कैंसर बेल्ट' जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे रही है।

गांवों से पलायन व शहरों का अनियोजित विकास, सरकार द्वारा तैयार मूलभूत संरचना पर आवश्यकता से अधिक बोझ ने महानगरों को पानी के लिए कंगाल बना दिया है। दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई जैसे महानगरों में पाइपलाइन लीकेज और सीवेज मिक्सिंग एक आम समस्या बन गई है। 2026 की शुरुआत में ही कई शहरों में दूषित पानी के कारण बीमारियां और मौतें दर्ज की गई हैं। सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों के लिए शुरू की गई 'अमृत 2.0' का लक्ष्य शहरों को 'वॉटर सिक्योर' बनाना था, लेकिन संसदीय स्थायी समिति की दिसंबर 25 की रिपोर्ट के अनुसार, शहरी भारत में अभी भी 30-70% पानी 'नॉन-रेवेन्यू वॉटर' के रूप में बर्बाद हो जाता है, जो मुख्य रूप से पाइपलाइनों के रिसाव के कारण होता है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> बजट में जल शक्ति मंत्रालय के लिए 67,600 करोड़ देकर सरकार ने अपनी मंशा साफ कर दी है, लेकिन धरातल की हकीकत बजट के इन चमकदार आंकड़ों से कहीं अधिक भयावह है।

## सोशल फोरम

# हीरोइन के कत्ल की दास्तां



पंकज शुक्ला
फिल्म ब्लॉगर

मौजूदा पीढ़ी के लोगों को इस बात पर हैरानी हो सकती है कि फिल्म अभिनेत्री प्रिया राजवंश का क़त्ल हुए कोई 26 साल बीत चुके हैं। मुंबई पुलिस इस मामले में अपनी तफ़्तीश पूरी कर चुकी है। निचली अदालत मुक़दमे की सुनवाई पूरी करके दोषियों को सज़ा भी सुना चुकी है, लेकिन मामला अब ऊपरी अदालत में है, और वहां पड़ रही हैं, तारीख़ पर तारीख़...!

ये क़िस्सा ऐसा है कि जब पहली बार ये सामने आया तो इसने पूरी फ़िल्म इंडस्ट्री को ही नहीं बल्कि देश-दुनिया को हिलाकर रख दिया। अपने ज़माने की एक बेहद ख़ूबसूरत हसीना अपने बंगले में बेजान पाई गई। पुलिस ने जांचा परखा तो मामला मर्डर का निकला। तफ्तीश हुई, मुक़दमा चला, जिरह हुई और फिर हुई उम्रक़ैद ऐसे चार लोगों को, जिनमें दो पर इन मोहतरमा की देखरेख की जिम्मेदारी थी और दो थे, इनके पार्टनर के बेटे।

'हीर रांझा', 'हंसते ज़ख़्म' जैसी सुपर-डुपर हिट फ़िल्मों की हीरोइन रहीं प्रिया राजवंश का करियर भले ही छोटा रहा हो, लेकिन प्रिया राजवंश की ज़िंदगी यूं लगता है कि जैसे किसी जासूसी उपन्यास का क़िस्सा है। उनका जन्म आज के पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के झेलम में हुआ। घर वालों ने नाम रखा वीरा सुंदर सिंह। वीरा सुंदर सिंह को प्रिया राजवंश नाम दिया मशहूर निर्माता-निर्देशक चेतन आनंद ने। अभिनेता देव आनंद के भाई चेतन आनंद को अपनी फ़िल्म के लिए एक नई हीरोइन की तलाश थी। उन्होंने वीरा को अपनी फ़िल्म 'हक़ीक़त' के लिए साइन कर लिया।

चेतन का प्रिया के साथ बहुत गहरा रिश्ता रहा। प्रिया ने अपनी सभी फ़िल्में चेतन आनंद के निर्देशन में ही कीं। प्रिया राजवंश और चेतन आनंद ने कभी शादी तो नहीं की, लेकिन ये दोनों साथ ही रहते थे। चेतन अपनी पत्नी उमा से अलग हो गए थे। चेतन, प्रिया से लगभग 20 साल बड़े थे। 1997 में चेतन के गुज़र जाने के बाद प्रिया पूरी तरह टूट चुकी थीं। 27 मार्च 2000 को चेतन के जुहू बंगले में प्रिया का शव पाया गया। मुंबई पुलिस के मुताबिक़, उनकी हत्या की गई थी। पुलिस ने उनकी हत्या के जुर्म में चेतन के बेटे केतन और विवेक आनंद को दो नौकरों माला चौधरी और अशोक चिन्नास्वामी के साथ गिरफ्तार भी किया। प्रिया की हत्या की वजह चेतन की वसीयत बताई गई। प्रिया के लिखे नोट्स और पत्रों को अदालत में सबूत के तौर पर पेश किया गया। इसके बाद चारों दोषियों को उम्र कैद की सजा सुनाई गई। बाद में सभी हत्याभियुक्तों को ज़मानत मिल गई और मामला फिर से वहीं का वहीं रह गया। **-फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

# भेदभावपूर्ण समाज को जन्म देता है दोहरा दृष्टिकोण



डॉ. सत्यवान सौरभ
शिक्षक

भारत के शहरों में अतिक्रमण कोई नई समस्या नहीं है, लेकिन जिस तरह से इस पर कार्रवाई की जाती है, वह एक बड़े सामाजिक और प्रशासनिक असंतुलन की ओर इशारा करती है। हर कुछ दिनों में खबरें आती है कि कहीं झुग्गियां तोड़ी गईं, कहीं रेहड़ी-पटरी वालों को हटाया गया, कहीं फुटपाथ खाली कराए गए। यह सब कानून के दायरे में उचित भी हो सकता है, क्योंकि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जा किसी भी शहर के सुव्यवस्थित विकास में बाधा बनता है, लेकिन असली सवाल यह है कि क्या अतिक्रमण केवल उन्हीं तक सीमित है, जिनकी आवाज़ सबसे कमजोर है?

हम ईमानदारी से अपने शहरों को देखें, तो पाएंगे कि अतिक्रमण का दायरा कहीं अधिक व्यापक है। बड़े-बड़े मॉल और कॉम्प्लेक्स अपने पार्किंग क्षेत्र से बाहर सड़कों तक वाहनों की कतारें फैला देते हैं। अस्पतालों के बाहर एंबुलेंस और निजी वाहनों का ऐसा जमावड़ा होता है कि सड़कें संकरी पड़ जाती हैं। दुकानों का सामान सड़क तक फैल जाता है, जिससे पैदल चलने वालों के लिए जगह ही नहीं बचती, लेकिन इन पर कार्रवाई या तो बहुत कम होती है या फिर केवल दिखावे के लिए की जाती है। जब बात रेहड़ी-पटरी वालों या झोपड़ियों की आती है, तो कार्रवाई तेज, सख्त और अक्सर निर्दयी हो जाती है।

यह स्थिति केवल प्रशासनिक अक्षमता का परिणाम नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज के भीतर मौजूद वर्गीय असमानता को भी उजागर करती है। कानून का उद्देश्य सभी के लिए समान होना चाहिए, लेकिन व्यवहार में यह अक्सर कमजोरों पर ही अधिक कठोरता से लागू होता है। जब गरीब की झोपड़ी तोड़ी जाती है, तो वह केवल एक ढांचा नहीं टूटता, बल्कि उसके जीवनयापन का आधार भी छिन जाता है। वहीं, जब किसी बड़े प्रतिष्ठान द्वारा सड़क पर अतिक्रमण किया जाता है, तो उसे 'व्यवसायिक आवश्यकता' या 'सुविधा' के नाम पर नजरअंदाज कर दिया जाता है।

अतिक्रमण के इस असमान दृष्टिकोण का एक और पहलू प्रशासनिक लापरवाही भी है। शहरों की सड़कों के बीचोंबीच खड़े बिजली के खंभे और ट्रांसफॉर्मर अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। ये न केवल यातायात को बाधित करते हैं, बल्कि कई बार जानलेवा भी साबित होते हैं। इसके बावजूद इन्हें हटाने या व्यवस्थित करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जाते। यह एक ऐसा अतिक्रमण है, जो स्वयं व्यवस्था द्वारा किया गया है, लेकिन इसकी जिम्मेदारी तय करने से बचा जाता है।

शहरों के सेक्टरों और कॉलोनियों में लोगों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करना भी आम है। जाली और फेंसिंग लगाकर पार्कों, गलियों और खाली स्थानों को निजी संपत्ति की तरह उपयोग किया जाता है। यह धीरे-धीरे एक सामान्य प्रथा बन जाती है, क्योंकि इस पर समय रहते कोई कार्रवाई नहीं होती। परिणामस्वरूप, शहरों का नियोजित ढांचा बिगड़ता जाता है और सार्वजनिक स्थान सिमटते जाते हैं।

शहरी यातायात की समस्या को देखते हुए यह भी स्पष्ट है कि केवल अतिक्रमण हटाने से समाधान नहीं निकलेगा। बुनियादी ढांचे में सुधार भी उतना ही आवश्यक है। दिल्ली रोड जैसे व्यस्त मार्गों पर यदि हर चौराहे पर लेफ्ट टर्न के लिए स्लिप रोड बनाई जाए, तो यातायात का दबाव काफी हद तक कम हो सकता है। इसी तरह, उचित पार्किंग व्यवस्था, फुटपाथों का विकास और ट्रैफिक प्रबंधन के आधुनिक उपाय भी जरूरी हैं, लेकिन इन दीर्घकालिक समाधानों पर ध्यान देने के बजाय अक्सर तात्कालिक और दृश्यात्मक कार्रवाइयों को प्राथमिकता दी जाती है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



# ऐसे हुआ रिवाल्वर का आविष्कार

रिवाल्वर के आविष्कार की कहानी आधुनिक हथियारों के विकास में एक महत्वपूर्ण मोड़ मानी जाती है। 19 वीं सदी से पहले आग्नेयास्त्रों में एक बड़ी समस्या यह थी कि हर बार गोली चलाने के बाद उन्हें फिर से लोड करना पड़ता था, जिससे समय लगता था और युद्ध के दौरान यह असुविधाजनक होता था।

इस समस्या का समाधान सैमुएल कोल्ट ने निकाला। उन्होंने 1830 के दशक में रिवाल्वर का डिजाइन तैयार किया, जिसमें एक घूर्णनशील सिलेंडर (cylinder) होता था। इस सिलेंडर में कई गोलियां एक साथ भरी जा सकती थीं, जिससे बिना बार-बार लोड किए लगातार फायर करना संभव हो गया। 1836 में उन्हें अपने इस आविष्कार का पेटेंट मिला और यही आधुनिक रिवाल्वर की शुरुआत थी। कहा जाता है कि सैमुअल कोल्ट को यह विचार एक जहाज यात्रा के दौरान आया, जब उन्होंने जहाज के पहिए (wheel) की घूर्णन प्रणाली को देखा। उसी सिद्धांत को उन्होंने हथियार में लागू किया। उनका बनाया रिवाल्वर जल्द ही लोकप्रिय हो गया, खासकर सेना और कानून-व्यवस्था से जुड़े लोगों के बीच।

समय के साथ रिवाल्वर में कई सुधार हुए, जैसे बेहतर मैकेनिज्म, अधिक सुरक्षित डिजाइन और शक्तिशाली कारतूस। यह हथियार अमेरिका के "वाइल्ड वेस्ट" दौर का प्रतीक भी बन गया और कई ऐतिहासिक घटनाओं में इसका उपयोग हुआ। इस प्रकार, रिवाल्वर का आविष्कार न केवल तकनीकी नवाचार था, बल्कि इसने युद्ध और सुरक्षा के तरीकों को भी पूरी तरह बदल दिया।

## वैज्ञानिक के बारे में



सैमुअल कोल्ट का जन्म 19 जुलाई 1814 को हार्टफोर्ड में हुआ था। बचपन से ही उनमें आविष्कार की गहरी रुचि थी और वे रसायन तथा यांत्रिकी के प्रयोगों में लगे रहते थे। कोल्ट का निजी जीवन उतार-चढ़ाव से भरा रहा। शुरुआती असफलताओं और आर्थिक संकटों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। 1856 में उन्होंने Elizabeth Jarvis Colt से विवाह किया, जो उनके जीवन में स्थिरता लेकर आईं। दंपति के कई बच्चे हुए, हालांकि अधिकांश शैशव अवस्था में ही गुजर गए, जो उनके जीवन का दुखद पक्ष था। अपने जीवनकाल में कोल्ट एक सफल उद्योगपति बने और उन्होंने समाजसेवा में भी योगदान दिया। 1862 में मात्र 47 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया, लेकिन वे अपने आविष्कारों के कारण आज भी याद किए जाते हैं।



# निकोबारी मैगापोड
## विकास में विलुप्त होती विरासत



प्रकृति की प्रयोगशाला का वह बेजोड़ पक्षी, जो अपनी चोंच से घोंसले की तपिश मापता है और अंडों को सेने के लिए देह की गर्मी नहीं, बल्कि वनस्पतियों की जैविक ऊर्जा का उपयोग करता है। कभी सुनामी के संकट से तो कभी 'विकास' की दौड़ से, कैसे अपनी ही जमीन पर बेगाना-सा हो रहा है निकोबारी मेगापोड? 2026 के नवीनतम शोध में मात्र 4 .5 प्रतिशत रह गए पर्यावास में अस्तित्व की आखिरी जंग लड़ती इस दुर्लभ विरासत की विशेष पड़ताल।



डॉ. कैलाश चन्द सैनी
वन्यजीव लेखक, जयपुर

कल्पना कीजिए एक ऐसे पक्षी की जिसे किसी द्वीप के तटवर्ती जिले ने अपनी लोकतांत्रिक पहचान चुनाव शुभंकर के रूप में चुना हो, ताकि मतदाता जागरूक हों और मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके, लेकिन विडंबना यह है कि जिस जीव को हमने लोकतंत्र का प्रतीक बनाया उसका अपना अस्तित्व ही आज विकास और विनाश के बीच झूल रहा है। यह कहानी है अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के एक अनोखे, शर्मीले लेकिन अद्भुत इंजीनियर निकोबारी मेगापोड की इसे 2024 के लोकसभा चुनावों में निकोबार के लिए चुनावी शुभंकर बनाया गया था।

### प्राकृतिक हीटर और मिट्टी के महल

'मेगापोड' का अर्थ है – बड़े पैरों वाला, लेकिन इसकी असली पहचान इसके पैर नहीं, बल्कि असाधारण इंजीनियरिंग क्षमता है। यह पक्षी अन्य पक्षियों की तरह अंडों को सेने के लिए उन पर नहीं बैठता। एक जोड़ा मिलकर लगभग 4 से 5 मीटर व्यास और 2 मीटर तक ऊंचे टीले का निर्माण करता है, जो रेत, मिट्टी और सूखी पत्तियों का एक विशाल टीला होता है। सूखी पत्तियों के अपघटन (सड़ने) से उत्पन्न ऊष्मा ही इसके अंडों को सेने का काम करती है। यह व्यवहार इसे दुनिया के अन्य पक्षियों से बिल्कुल अलग और विशेष बनाता है। निकोबार के आदिवासी इसे 'कुआउ' के नाम से भी पुकारते हैं। इसका टीलेनुमा घोंसला ही एक तरह का प्राकृतिक इनक्यूबेटर है। अंडों के विकास के लिए टीले के अंदर का तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस के बीच होना आवश्यक है। जरा-सी भी ऊंच-नीच अंडों को नष्ट कर सकती है। यहां नर मेगापोड दिन में कई बार अपनी चोंच को टीले की गहराई में डालकर तापमान की जांच करता है। उसकी चोंच में मौजूद तंत्रिकाएं एक डिजिटल थर्मामीटर से भी अधिक सटीक होती हैं। तापमान बढ़ने पर वह टीले की ऊपरी परत हटाकर गर्मी बाहर निकाल देता है। तापमान कम होने पर अधिक गीली पत्तियां और मिट्टी ऊपर चढ़ा देता है। तापमान का यह संतुलन बनाए रखना किसी चमत्कार से कम नहीं है।

### 2026 का वैज्ञानिक सच

- वन्यजीव संस्थान के 2026 के नवीनतम शोध इस पक्षी के भविष्य को लेकर गंभीर चेतावनी देते हैं:
- **सीमित आवास:** निकोबार द्वीप समूह के कुल क्षेत्रफल का मात्र 4.5 प्रतिशत (लगभग 79.30 वर्ग किमी) क्षेत्र ही इसके पर्यावास के लिए उपयुक्त बचा है।
- **समुद्र पर निर्भरता:** इसके 97 प्रतिशत घोंसले (टीले) समुद्र तट से मात्र 100 मीटर के भीतर पाए जाते हैं।
- **मुख्य आश्रय:** ग्रेट निकोबार द्वीप इसका सबसे बड़ा गढ़ है, जहां लगभग 31.39 वर्ग किमी उपयुक्त क्षेत्र मौजूद है। ये आंकड़े इस ओर संकेत देते हैं कि इसका अस्तित्व एक बेहद संकीर्ण भौगोलिक दायरे में सिमट चुका है।

### सुनामी की मार और विकास का दबाव



2004 की विनाशकारी सुनामी ने इस पक्षी प्रजाति को गहरा आघात पहुंचाया, जिससे इसकी आबादी में 71 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई। हालांकि प्रकृति के इस प्रहार से उबरने की कोशिशें जारी थीं, लेकिन अब मानव-निर्मित विकास परियोजनाएं ही इसके लिए एक नए संकट के रूप में सामने आई हैं। पत्रिका फ्रंटलाइन की एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रस्तावित निर्माण कार्यों के चलते इस पक्षी के लगभग 80 प्रतिशत प्रजनन स्थल खतरे में हैं। इसके अलावा, द्वीपों पर मनुष्यों द्वारा पाले गए कुत्तों, बिल्लियों और सूअरों ने इनके अंडों और चूजों को भारी नुकसान पहुंचाया है। सड़क निर्माण और तटीय विकास के कारण इनके प्राकृतिक आवास सिमटते जा रहे हैं। मानवीय हस्तक्षेप का इतना व्यापक असर हो रहा है कि यह पक्षी कार निकोबार और चौरा द्वीप जैसे क्षेत्रों से लगभग विलुप्त हो चुका है।

### सुपर-कमांडो चूजों की अद्भुत आत्मनिर्भरता

मेगापोड के चूजे पक्षी जगत में जिजीविषा के अनोखे जीव माने जाते हैं। अंडे से निकलने के बाद वे टीले की गहराई में दबे होते हैं और उन्हें बाहर निकलने के लिए स्वयं ही रास्ता खोदना पड़ता है। ये 'सुपर-प्रिकॉशियल' होते हैं अर्थात जन्म के तुरंत बाद पूरी तरह आत्मनिर्भर। इन्हें न तो माता-पिता की देखरेख की जरूरत होती है और न ही ही किसी शिक्षण-प्रशिक्षण की। ये चूजे 24 घंटे के भीतर उड़ने और भोजन खोजने में सक्षम हो जाते हैं।

### नीति के साथ ही नीयत भी

यह पक्षी हमें सिखाता है कि प्रकृति में ऊर्जा के कैसे-कैसे स्रोत छिपे हैं। निकोबारी मेगापोड केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि एक चलता-फिरता इकोसिस्टम है। इसके द्वारा बनाए गए टीलों का उपयोग अक्सर अन्य जीव भी अपने लाभ के लिए करते हैं। इसे बचाना केवल एक प्रजाति को बचाना नहीं, बल्कि निकोबार की प्राचीन प्राकृतिक विरासत को बचाना है। निकोबारी मेगापोड केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि द्वीपों की पारिस्थितिकी और सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है। सरकार ने इसे वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत उच्चतम सुरक्षा प्रदान की है, लेकिन इसकी संकटग्रस्त स्थिति को देखते हुए इसकी कागजी सुरक्षा पर्याप्त नहीं है। इसका वास्तविक संरक्षण तभी संभव है, जब विकास योजनाओं में पारिस्थितिक संवेदनशीलता को केंद्र में रखा जाए और स्थानीय जैव-विविधता को प्राथमिकता दी जाए।

### लोकतंत्र की असली परीक्षा

आज विकास का एक ऐसा मॉडल चुना जाना चाहिए, जिसमें प्रकृति और प्रगति साथ-साथ चल सकें। यदि हम इस 'चुनावी शुभंकर' को बचाने में सफल होते हैं, तो यह केवल एक प्रजाति का संरक्षण नहीं, बल्कि यह हमारी वैज्ञानिक समझ, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक परिपक्वता की सच्ची और सार्थक जीत होगी।

वाइल्ड लाइफ



# तराई की समृद्ध जैव विविधता: एक उभरता वैश्विक केंद्र

उत्तर भारत का तराई क्षेत्र देश के सबसे जीवंत वन्यजीव परिदृश्यों में से एक के रूप में तेजी से उभर रहा है। अपने घने जंगलों, विशाल घास के मैदानों और समृद्ध नदी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए मशहूर पीलीभीत टाइगर रिजर्व और दुधवा नेशनल पार्क जैसे गंतव्य अब दुनियाभर के वन्यजीव प्रेमियों को आकर्षित कर रहे हैं। इस बढ़ती पहचान का एक बड़ा श्रेय वन्यजीव फोटोग्राफर अनूप रोहेरा द्वारा उनके प्लेटफॉर्म @ UnWildIndia के माध्यम से की जा रही जमीनी स्तर की निरंतर 'स्टोरीटेलिंग' (किस्सागोई) को जाता है। वर्षों से उनके काम ने तराई की प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता को उजागर किया है, जिससे स्विट्जरलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम जैसे देशों के अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को इन परिदृश्यों को देखने के लिए आने में मदद मिली है। उनके दृश्यात्मक वृत्तांतों ने तराई को वैश्विक वन्यजीव मानचित्र पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



अनूप रोहेरा
वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर

भारत के भीतर भी इस क्षेत्र के प्रति रुचि में भारी उछाल देखा गया है। देशभर के वन्यजीव फोटोग्राफर और प्रकृति प्रेमी यहां की यात्राओं की योजना बना रहे हैं। प्रामाणिक और सूचनात्मक डिजिटल कंटेंट के प्रभाव ने जिम्मेदार पर्यटन और प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव को प्रोत्साहित किया है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व, दुधवा टाइगर रिजर्व, किशनपुर वन्यजीव अभयारण्य और कतरनियाघाट वन्यजीव अभयारण्य से 'अनवाइल्ड इंडिया' (UnWild India) द्वारा बनाई गई वन्यजीव फिल्मों और दृश्यात्मक कहानियों को व्यापक लोकप्रियता मिल रही है। ये परिदृश्य, जो कभी कम जाने जाते थे, अब अपनी अविश्वसनीय जैव विविधता के लिए पहचाने जाते हैं, जिनमें बाघ, तेंदुए, गैंडे, सुस्त भालू (स्लॉथ बीयर), हाथी और सैकड़ों प्रवासी पक्षी शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश पर्यटन द्वारा ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के प्रयासों और उत्तर प्रदेश वन विभाग के संरक्षण के निरंतर कार्यों ने इस विकास को और मजबूती दी है। इन साझा प्रयासों ने बाघों की आबादी बढ़ाने और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में योगदान दिया है। आज, तराई इस बात का एक सशक्त उदाहरण है कि कैसे कहानी सुनाने की कला (स्टोरीटेलिंग), संरक्षण और जिम्मेदार पर्यटन मिलकर किसी क्षेत्र की पहचान को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर बदल सकते हैं।

# इंसान के भीतर छिपे दूसरे जीवों के जीन का रहस्य

रोचक फैक्ट



मनुष्य स्वयं को पृथ्वी की सबसे विकसित और श्रेष्ठ प्रजाति मानता है, लेकिन आधुनिक आनुवंशिक विज्ञान इस धारणा को एक नए दृष्टिकोण से देखने के लिए प्रेरित कर रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार, मानव जीनोम पूरी तरह "शुद्ध" नहीं है, बल्कि इसमें लगभग 145 ऐसे जीन पाए गए हैं, जो बैक्टीरिया, कवक, अन्य एककोशिकीय जीवों और यहां तक कि वायरस से आए हैं। यह रोचक तथ्य जीनोम बायोलॉजी पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में सामने आया है, जिसने विकासवाद की पारंपरिक समझ को चुनौती दी है।

इन जीनों का आदान-प्रदान "क्षैतिज जीन स्थानांतरण" (Horizontal Gene Transfer) नामक प्रक्रिया के माध्यम से हुआ है। सामान्यतः हम यह मानते हैं कि जीन माता-पिता से संतानों में ही स्थानांतरित होते हैं, जिसे "ऊर्ध्वाधर जीन स्थानांतरण" कहा जाता है, लेकिन क्षैतिज जीन स्थानांतरण में जीन एक जीव से दूसरे, पूरी तरह भिन्न प्रजाति में भी पहुंच सकते हैं। यह प्रक्रिया विशेष रूप से सूक्ष्मजीवों में सामान्य है, परंतु अब इसके प्रमाण मनुष्यों और अन्य जटिल जीवों में भी मिल रहे हैं।

नए शोधों के अनुसार, ये "विदेशी" जीन मानव शरीर के कई महत्वपूर्ण कार्यों में भूमिका निभाते हैं। उदाहरण के लिए कुछ जीन प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत बनाने, संक्रमणों से लड़ने और पाचन क्रिया को सुचारु रखने में सहायक होते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि प्राचीन काल में जब हमारे पूर्वज लगातार विभिन्न सूक्ष्मजीवों के संपर्क में आए, तब यह जीन स्थानांतरण संभव हुआ होगा, जिसने उन्हें नए वातावरण के अनुरूप ढलने में मदद की।

हाल के अध्ययनों में यह भी सामने आया है कि मानव शरीर में मौजूद माइक्रोबायोम यानी अरबों सूक्ष्मजीवों का समूह इस जीन आदान-प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आंतों में रहने वाले बैक्टीरिया न केवल पाचन में मदद करते हैं, बल्कि वे जीन के आदान-प्रदान के माध्यम से हमारे स्वास्थ्य और रोग-प्रतिरोधक क्षमता को भी प्रभावित कर सकते हैं।

इसके अलावा, वायरस भी इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण "वाहक" के रूप में कार्य करते हैं। वे अपने जीन को मानव कोशिकाओं में सम्मिलित कर सकते हैं, जिससे कभी-कभी नई आनुवंशिक विशेषताएं विकसित हो जाती हैं। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि मानव जीनोम का एक छोटा हिस्सा प्राचीन वायरसों के अवशेषों से भी बना है, जिन्हें "एंडोजीनस रेट्रोवायरस" कहा जाता है।

इस प्रकार, यह स्पष्ट होता है कि मानव विकास एक सीधी रेखा में नहीं, बल्कि जटिल और परस्पर जुड़े हुए जैविक आदान-प्रदान का परिणाम है। क्षैतिज जीन स्थानांतरण की यह अवधारणा न केवल विकासवाद की हमारी समझ को विस्तृत करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि जीवन के विभिन्न रूप एक-दूसरे से कितने गहरे जुड़े हुए हैं। मनुष्य की "श्रेष्ठता" का विचार अब एक नई वैज्ञानिक विनम्रता में बदलता दिखाई देता है, जहां हम खुद को प्रकृति की विशाल जैविक श्रृंखला का एक हिस्सा मानने लगते हैं।

# लाल ग्रह की रेत में दफन प्राचीन तूफान का रहस्य

लगभग तीन अरब वर्ष पहले का मंगल आज के निर्जन, ठंडे और शुष्क ग्रह से बिल्कुल अलग रहा होगा। वैज्ञानिकों को मिले ताजा प्रमाण इस ओर इशारा करते हैं कि उस समय वहां का वातावरण कहीं अधिक सक्रिय और गतिशील था। एक शक्तिशाली रेत-तूफान के निशान अब भी मंगल की चट्टानों में सुरक्षित हैं, जिन्हें हाल ही में नासा के क्यूरियोसिटी रोवर ने खोजा है। ये खोज न केवल मंगल के भूगर्भीय इतिहास को समझने में मदद करती है, बल्कि यह भी संकेत देती है कि कभी वहां जीवन के अनुकूल परिस्थितियां मौजूद रही होंगी।

इंपीरियल कॉलेज लंदन के सेडीमेंटोलोजी (तलछट विज्ञानी) स्टीवन बैनहम के नेतृत्व में किए गए इस अध्ययन ने मंगल की सतह पर मौजूद विशेष प्रकार की लहरदार संरचनाओं, जिन्हें "सुपरक्रिटिकल क्लाइंबिंग रिपल्स" कहा जाता है की पहचान की है। ये संरचनाएं तब बनती हैं, जब तेज गति से बहने वाली हवा या कोई तरल पदार्थ बड़ी मात्रा में रेत या तलछट को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाता है। खास बात यह है कि इन लहरों की परतें एक-दूसरे के ऊपर तीव्र कोण पर चढ़ती हुई दिखाई देती हैं, जो उनके बनने की तीव्रता और निरंतरता को दर्शाती हैं।

क्यूरियोसिटी रोवर ने 2024 के अंत में मंगल के गेल क्रेटर के एक नए क्षेत्र में पहुंचकर इन चट्टानों का अध्ययन किया। हाई-डेफिनिशन कैमरों की मदद से ली गई तस्वीरों में लगभग 3.6 अरब वर्ष पुरानी चट्टानों में ये लहरदार पैटर्न स्पष्ट रूप से दिखाई दिए। वैज्ञानिकों का मानना है कि ये लहरें उस समय के एक बड़े और लंबे समय तक चले रेत-तूफान का परिणाम हैं, जो संभवतः कई घंटों तक चला होगा और कमर तक ऊंची रेत को उड़ाकर ले गया होगा।



स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ मैथ्यू लैपोत्रे के अनुसार, इस प्रकार की संरचनाओं का मिलना बेहद दुर्लभ है, खासकर मंगल जैसे ग्रह पर। पृथ्वी पर भी ऐसी संरचनाएं बहुत कम स्थानों पर ही देखने को मिलती हैं, जहां वातावरण और सतही परिस्थितियां विशेष रूप से अनुकूल होती हैं। यही कारण है कि यह खोज वैज्ञानिकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

आज के मंगल की स्थिति इससे बिल्कुल भिन्न है। वहां का वायुमंडल पृथ्वी की तुलना में लगभग 200 गुना पतला है, जिसके कारण रेत के भारी कण हवा में आसानी से नहीं उठ पाते। हालांकि धूल भरी आंधियां आज भी मंगल पर आती हैं, लेकिन वे इतनी शक्तिशाली नहीं होतीं कि इस प्रकार की जटिल संरचनाएं बना सकें। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि अतीत में मंगल का वायुमंडल कहीं अधिक घना रहा होगा, जो तेज हवाओं और बड़े पैमाने पर तलछट के परिवहन के लिए उपयुक्त था।

नई वैज्ञानिक जानकारियों के अनुसार, मंगल के प्राचीन वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा अधिक रही होगी, जिससे ग्रीनहाउस प्रभाव उत्पन्न होकर सतह का तापमान अपेक्षाकृत गर्म बना रहता था। इससे वहां तरल पानी के अस्तित्व की संभावना भी बढ़ जाती है। वास्तव में, गेल क्रेटर में पहले भी प्राचीन झीलों और नदी-नालों के प्रमाण मिल चुके हैं, जो इस सिद्धांत को और मजबूत करते हैं कि मंगल कभी "गीला और गर्म" ग्रह रहा होगा।

इसके अलावा, नासा के पर्सिवरेंस रोवर और ऑर्बिटर मिशनों से भी यह संकेत मिले हैं कि मंगल पर जैविक अणुओं के अवशेष मौजूद हो सकते हैं। हालांकि अभी तक जीवन के प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं मिले हैं, लेकिन इस तरह की खोजें यह दर्शाती हैं कि वहां जीवन के लिए आवश्यक परिस्थितियां कभी मौजूद रही होंगी।

इस प्रकार, क्यूरियोसिटी रोवर द्वारा खोजी गई ये प्राचीन रेत-लहरें केवल एक भूगर्भीय घटना का प्रमाण नहीं हैं, बल्कि वे मंगल के अतीत की एक जीवंत झलक प्रस्तुत करती हैं। ये हमें यह समझने में मदद करती हैं कि कैसे समय के साथ एक संभावित रूप से रहने योग्य ग्रह आज एक ठंडे और बंजर रेगिस्तान में बदल गया। साथ ही, यह खोज भविष्य में मंगल पर जीवन की संभावनाओं की तलाश के लिए एक महत्वपूर्ण दिशा भी प्रदान करती है।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 76,631.65 | 23,775.10 |
| गिरावट | 931.25 | 222.25 |
| प्रतिशत में | 1.20 | 0.93 |

सोना 1,54,900 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,43,200 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### रिलायंस रिटेल बनी दुनिया की सातवीं सबसे बड़ी स्टार्टअप कंपनी

**नयी दिल्ली।** रिलायंस रिटेल दुनिया की सबसे मूल्यवान निजी स्टार्टअप कंपनियों की वैश्विक सूची में सातवें स्थान पर पहुंच गयी है। स्टैनफर्ड ग्रैजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस की रिपोर्ट के अनुसार, 100 अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन के साथ कंपनी ने यह उपलब्धि हासिल की है। पहली 100 मूल्यवान स्टार्टअप कंपनियों की सूची में तीन भारतीय कंपनियां शामिल हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज 24 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ 27वें और टाटा ईवी मोबिलिटी नौ अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ 93वें स्थान पर है। रिपोर्ट के मुताबिक, सबसे ताजा निवेश को शामिल करते हुए रिलायंस रिटेल हेक्टाकॉर्न बन गयी है जिसका अर्थ है कि उसका मूल्यांकन 100 अरब डॉलर से अधिक हो गया है।

### Q4 में टीसीएस का शुद्ध लाभ 13,718 करोड़ रुपये

**मुंबई।** देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 12.22 प्रतिशत बढ़कर 13,718 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इससे गत वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में कंपनी ने 12,224 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का शुद्ध लाभ 1.35 प्रतिशत बढ़कर 49,210 करोड़ रुपये हो गया।

### सैमसंग गैलेक्सी ए57 ए37 पर कई ऑफर

**नयी दिल्ली।** प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने नये गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी स्मार्टफोन की बिक्री शुक्रवार 10 अप्रैल से शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि नयी ए सीरीज विशेषकर युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार की गयी है। गैलेक्सी ए57 5जी तीन रंगों में उपलब्ध होगा। इसकी कीमत 8जीबी/256जीबी वेरिएंट के लिए 56,999 रुपये और गैलेक्सी ए37 5जी की शुरुआती कीमत 8जीबी/128जीबी के लिए 41,999 रुपये रखी गयी है।

### मर्सिडीज-बेंज ने तीन माह में बेचे 5,131 वाहन

**नयी दिल्ली।** जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज-बेंज की कुल बिक्री जनवरी-मार्च तिमाही में सात प्रतिशत बढ़कर 5,131 इकाई रही। पिछले साल की इसी तिमाही में कंपनी ने 4,775 वाहन बेचे थे। वित्त वर्ष 2025-26 मर्सिडीज-बेंज इंडिया के लिए सबसे शानदार साल रहा, जिसमें कंपनी ने रिकॉर्ड 19,363 गाड़ियां बेचीं। कंपनी की कुल बिक्री में 27 प्रतिशत हिस्सा सर्वाधिक महंगे मॉडल का रहा, जिनकी कीमत 1.5 करोड़ रुपये से अधिक है।

# युद्धविराम को लेकर संशय, सेंसेक्स 931 अंक लुढ़का, निफ्टी भी गिरा

## बैंक और आईटी शेयरों में बिकवाली से नुकसान में बाजार, ब्रेंट क्रूड हुआ महंगा

**मुंबई, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में युद्धविराम या जारी है संग्राम, के असमंजस के बीच भारी बिकवाली से स्थानीय शेयर बाजारों में पांच दिन से जारी तेजी बृहस्पतिवार को थम गयी। गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 931 अंक लुढ़क गया। एनएसई निफ्टी भी 222 अंक के नुकसान में रहा।

युद्धविराम को लेकर अनिश्चितता के बीच वित्तीय, बैंक और आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। एशिया और यूरोप के अन्य बाजारों में कमजोर रुख, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर निकासी ने भी घरेलू बाजार में निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है।

बाजार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 931.25 अंक यानी 1.20 प्रतिशत टूटकर 76,631.65 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,215 अंक की गिरावट के साथ 76,347.90 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 222.25 अंक यानी 0.93 प्रतिशत टूटकर 23,775.10 अंक पर बंद हुआ।




लेबनान पर इजराइल के हमलों के जवाब में ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से बंद करने के बाद युद्धविराम समझौते को लेकर अनिश्चितता बढ़ गयी है।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि युद्धविराम से जो उम्मीद बंधी थी, वह अब फीकी पड़ गयी है क्योंकि अमेरिका-ईरान तनाव के फिर से बढ़ने और होर्मुज जलडमरूमध्य पर जारी प्रतिबंधों के कारण कच्चे तेल की कीमत फिर से बढ़ गई। इससे भारत में मुद्रास्फीति को लेकर चिंता भी बढ़ गई है।

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से इंटरग्लोब एविएशन, लार्सन एंड टुब्रो, इटर्नल, आईसीआईसीआई बैंक एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, पावर ग्रिड, एनटीपीसी और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में तेजी रही। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.26 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप 0.15% के लाभ में रहा।

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा कि पिछले कारोबारी सत्र में तेज उछाल के बाद आज की गिरावट मुख्य रूप से मुनाफावसूली के कारण हुई है। अनिश्चित माहौल में नए जोखिम उठाने के बजाय निवेशकों ने मुनाफा वसूली को तरजीह दी।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.27 प्रतिशत बढ़कर 97.85 डॉलर प्रति बैरल हो गया। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार में बुधवार को उल्लेखनीय तेजी रही थी।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,811.97 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 4,168.17 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स बुधवार को 2,946.32 अंक चढ़कर 77,562.90 अंक पर रहा था जबकि निफ्टी 873.70 अंक के लाभ के साथ 23,997.35 अंक पर बंद हुआ था।

# पश्चिम एशिया से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने में भारत सक्षम :विश्व बैंक

## वर्ल्ड बैंक ने जारी की दक्षिण एशिया आर्थिक अद्यतन रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- वित्तीय वर्ष 2026-27 में 6.6 प्रतिशत रहेगी भारत की वृद्धि दर

भारत मौजूदा वैश्विक ऊर्जा संकट का सामना करने के लिए अच्छी स्थिति में है, क्योंकि उसके पास पर्याप्त सुरक्षा उपाय हैं जिनमें उच्च विदेशी मुद्रा भंडार, राजकोषीय गुंजाइश और कम मुद्रास्फीति शामिल हैं। ये सभी चीजें वैश्विक चुनौतियों के बावजूद वृद्धि को समर्थन देंगी।

मौजूदा वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत करने के एक दिन बाद दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक (समृद्धि) सेबेस्टियन एकार्ट ने कहा कि भारत ने गत वित्त वर्ष 2025-26 में व्यापारिक उथल-पुथल का अच्छी तरह सामना किया और कच्चे तेल बाजारों में अस्थिरता उत्पन्न करने वाले मौजूदा पश्चिम एशिया संकट में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से डटी है।

एकार्ट ने कहा कि भारत के पास मजबूत नीतिगत उपाय, उच्च विदेशी मुद्रा भंडार, राजकोषीय क्षमता है जिससे जरूरत पड़ने पर सहायता प्रदान की जा सकती है। साथ ही यहां मुद्रास्फीति का स्तर कम है और मौजूदा संकट से निपटने के लिए मजबूत लक्ष्य हैं। इस मजबूत वृद्धि गति को यूरोपीय संघ के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और नई श्रम नीति जैसी सकारात्मक नीतियों का समर्थन प्राप्त है। ये सभी चीजें निश्चित रूप से मजबूत वृद्धि गति को सुदृढ़ करती हैं एवं समर्थन देती हैं जो अच्छी बात है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद हम भारत और इस क्षेत्र को दुनिया के अन्य उभरते बाजारों की तुलना में एक बहुत मजबूत एवं बेहतर प्रदर्शन करने वाला क्षेत्र बने रहने की उम्मीद करते हैं। विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान मामूली बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है।

## काम की बात

# एआई टूल्स से बनाएं बजट

**कारोबार डेस्क**




आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तेजी से लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनता जा रहा है। अब इसका उपयोग पर्सनल फाइनेंस मैनेजमेंट में भी होने लगा है। खासतौर से युवा एआई आधारित बजटिंग टूल्स का जमकर उपयोग कर रहे हैं। दरअसल ये टूल आपकी कमाई, खर्च और बचत को ट्रैक करके आपको बेहतर तरीके से पैसे संभालने में मदद करते हैं। यदि आप भी बजट बनाने में उलझना नहीं चाहते तो यह जानकारी आपके काम की हो सकती है। हालांकि ये टूल्स काफी उपयोगी होते हैं, लेकिन यह याद रखना जरूरी है कि आपके वित्तीय फैसलों की अंतिम जिम्मेदारी आपकी ही होती है।

### मुख्य बातें

- **स्मार्ट ट्रैकिंग और सलाह**
  एआई टूल्स आपके खर्च करने के पैटर्न को समझते हैं और उसी आधार पर आपको पर्सनलाइज्ड सुझाव देते हैं, जिससे आप अपने पैसे को बेहतर तरीके से मैनेज कर सकें।
- **ऑटोमेटिड कैटेगरी और अनुमान**
  ये टूल्स अपने आप आपके खर्चों को अलग-अलग कैटेगरी में बांट देते हैं और भविष्य के खर्च का अनुमान भी लगाते हैं, जिससे वित्तीय लक्ष्य हासिल करना आसान हो जाता है।
- **हर आय वर्ग को उपयोगी**
  चाहे आपकी आय कम हो या ज्यादा, AI बजटिंग टूल्स हर किसी के लिए मददगार हैं और बेहतर वित्तीय अनुशासन सिखाते हैं।
- **लोकप्रिय एप्स का करें उपयोग**
  आज कई ऐप्स जैसे Rocket Money, Copilot Money, YNAB, Cleo, Buddy और AI की मदद से बजटिंग को आसान बना रहे हैं।
- **सुरक्षा बेहद जरूरी**
  इन टूल्स का इस्तेमाल करते समय अपनी वित्तीय जानकारी की सुरक्षा का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (MFA) का उपयोग करना एक सुरक्षित विकल्प है।

### कैसे काम करते हैं एआई बजटिंग टूल्स

- एआई बजटिंग टूल्स आपके बैंक अकाउंट और कार्ड से जुड़कर आपके लेन-देन को ट्रैक करते हैं। ये आपके पिछले खर्चों का विश्लेषण करके बताते हैं कि भविष्य में खर्च कैसा रह सकता है। साथ ही, ये आपको यह भी बताते हैं कि आप अपने जैसे अन्य लोगों की तुलना में कितना खर्च कर रहे हैं।

### मुख्य फायदे

- **रियल टाइम ट्रैकिंग :** हर खर्च पर नजर
- **ऑटोमेटेड कैटेगरी :** खर्चों का वर्गीकरण
- **पर्सनलाइज्ड इनसाइट्स :** खर्च कम करने और बचत बढ़ाने के सुझाव
- **प्रेडिक्टिव एनालिसिस :** भविष्य के खर्च का अनुमान और चेतावनी

- **काम की बात**–एआई टूल्स का उपयोग करते समय अपनी निजी जानकारी साझा करनी पड़ती है। इसलिए किसी भी ऐप का उपयोग करने से पहले उसकी प्राइवेसी पॉलिसी और शर्तों को जरूर पढ़ें। भरोसेमंद प्लेटफॉर्म ही चुनें और सुरक्षा फीचर्स को सक्रिय रखें।
- **चेतावनी**–एल्गोरिदम गलतियां कर सकते हैं या संदर्भ को समझने में चूक कर सकते हैं। सुझावों का अंधाधुंध पालन करना हानिकारक हो सकता है।

# 30 करोड़ आबादी के लिए तैयार हो रहा विकसित यूपी-2047 का रोडमैप

## विजन डाक्यूमेंट में जनसंख्या को केंद्र में रखकर तय हो रहे लक्ष्य

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- छह ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था और बेहतर जीवन स्तर का लक्ष्य

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश सरकार विकसित यूपी-2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए करीब 30 करोड़ की आबादी के लिए व्यापक रोडमैप तैयार कर रही है। आजादी के 100 वर्ष पूरे होने तक प्रदेश की जनसंख्या में लगभग पांच करोड़ की वृद्धि होने का अनुमान है, जिसे ध्यान में रखते हुए विकास की रणनीति बनाई जा रही है।

आर्थिक समीक्षा के अनुसार, वर्ष 2026 में प्रदेश की जनसंख्या 25.19 करोड़ रहने का अनुमान है, जो 2031 में बढ़कर 26.65 करोड़, 2046 में 29.84 करोड़ और 2051 में 30.72 करोड़ तक पहुंच सकती है। इसी आधार पर विजन डाक्यूमेंट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य 2047 तक उत्तर प्रदेश को 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करना है। इसके साथ ही प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि, 100 प्रतिशत साक्षरता, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, 60 प्रतिशत शहरीकरण और सालाना 100 करोड़ पर्यटकों को आकर्षित करने जैसे बड़े लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में जनसंख्या वृद्धि दर में भी लगातार गिरावट दर्ज हो रही है। 2011 में जहां वृद्धि दर 1.85% थी, वहीं 2021 में यह घटकर 1.70 प्रतिशत हो गई।

2026 से 2051 के बीच इसके और घटकर 0.58% प्रतिवर्ष रहने का अनुमान है। सरकार का मानना है कि प्रदेश की युवा आबादी ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है, जिसे कौशल, रोजगार और बेहतर सुविधाओं से जोड़कर विकसित उत्तर प्रदेश का लक्ष्य हासिल किया जाएगा।

### सीएम देंगे रोडमैप को अंतिम रूप: प्रमुख सचिव

नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार के अनुसार, सभी लक्ष्यों को भविष्य की जनसंख्या के अनुरूप तैयार किया जा रहा है, ताकि विकास का लाभ हर नागरिक तक पहुंच सके। मुख्यमंत्री स्तर पर समीक्षा के बाद इस रोडमैप को अंतिम रूप दिया जाएगा।

# रुपये में तीन पैसे की तेजी, 92.51 प्रति डॉलर पर हुआ बंद

**मुंबई, एजेंसी।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया तीन पैसे की मामूली तेजी के साथ 92.51 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि डॉलर के कमजोर होने के साथ पश्चिम एशिया के हालात एवं होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अनिश्चितता के कारण निवेशकों के सतर्क रूख के बीच रुपये में गिरावट आई।

इजराइल के लेबनान पर हमले जारी रखने को लेकर ईरान के वार्ता से बाहर निकलने की धमकी के बीच अनिश्चितता बढ़ गयी है और बाजार 'देखो और इंतजार करो' की स्थिति में आ गया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.63 के भाव पर खुला। रुपये ने कारोबार के दौरान 92.92 के निचले स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में यह 92.51 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# निर्मम तृणमूल कांग्रेस सरकार को बंगाल से हटायें, छह गारंटी का वादा

## देश आगे बढ़ रहा, लेकिन इसने बंगाल को पीछे धकेला : मोदी

हल्दिया (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि अगर भाजपा विधानसभा चुनाव जीतती है तो पश्चिम बंगाल की जनता को छह गारंटी दी जाएंगी। साथ ही उन्होंने 'निर्मम' तृणमूल कांग्रेस सरकार को हटाने की अपील की जो विकास की राह में 'राज्य को पीछे धकेल रही है'।

पूर्वी मेदिनीपुर के हल्दिया में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने वादा किया कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर तृणमूल कांग्रेस के भय के शासन को भरोसे के शासन में बदला जायेगा, जबकि सभी लोक सेवकों को जनता के प्रति जवाबदेह बनाया जायेगा।



विकास के मुद्दे पर तृणमूल सरकार पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है, जबकि तृणमूल कांग्रेस की 'निर्मम सरकार' बंगाल को पीछे धकेल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित बंगाल बनाने के लिए जरूरी है कि इस निर्मम सरकार को सत्ता से हटाया जाए।

मोदी ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस की सरकार राज्य में मछली की उच्च मांग के अनुरूप मछली उत्पादन करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल में मछली की मांग बहुत अधिक है, फिर भी यह अन्य राज्यों से मछली आयात करता है। पिछले 15 वर्षों में, तृणमूल कांग्रेस की सरकार ने मछली की आपूर्ति बढ़ाने और मछली उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

### मोदी की छह गारंटी

**पहली गारंटी :** भय नहीं भरोसा देंगे।

**दूसरी गारंटी :** लोकसेवकों को कार्यों, नागरिकों के प्रति बनाएंगे जवाबदेह।

**तीसरी गारंटी :** भ्रष्टाचार और महिलाओं के प्रति अपराधों की बंद की गयी फाइलें खोलेंगे।

**चाथी गारंटी :** भ्रष्टाचारी और तृणमूल के गुंडों को भेजेंगे जेल।

**पांचवी गारंटी :** कानूनी शरण लेने वालों को सुविधाएं देंगे और घुसपैठियों को निकालेंगे बाहर।

**छठी गारंटी :** 7वां वेतन आयोग लागू करेंगे।

# मोदी नारी शक्ति पर उपदेश देते हैं, भाजपा बलात्कारियों को माला पहनाती है : सागरिका

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस नेता सागरिका घोष ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर महिलाओं के अधिकारों के मामले में केवल बयानबाजी करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नारी-शक्ति की बात करते हैं, जबकि उनकी पार्टी लात्कारियों को माला पहनाती है। राज्यसभा में तृणमूल की उपनेता घोष ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में मोदी की पिछली टिप्पणियों की भी आलोचना की, जिसमें 2021 के विधानसभा चुनावों के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी पर की गई उनकी 'दीदी-ओ-दीदी' वाली टिप्पणी भी शामिल है। घोष ने कहा कि मोदी अब नारी शक्ति पर उपदेश दे रहे हैं।

# भाजपा ने सत्ता हथियाने को हटाए 91 लाख नाम : ममता

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर राज्य में सत्ता हथियाने के लिए मतदाता सूचियों से 90 लाख से अधिक लोगों के नाम हटाने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को दावा किया कि उनकी पार्टी आगामी चुनाव जीतेगी। उत्तर 24 परगना जिले के मीनाखान में जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी मतदाता सूचियों से हटाए गए लोगों के नाम शामिल कराने के लिए अदालत का रुख करेगी। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आपने बंगाल में सत्ता हथियाने के लिए 90 लाख से अधिक लोगों के नाम हटा दिए, लेकिन चुनाव हम ही जीतेंगे। उनकी यह टिप्पणी राज्य में एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के बाद लगभग 91 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों से हटाए जाने के संदर्भ में आई। तृणमूल प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। बांग्ला भाषियों को विदेशी बताया जा रहा है और उन्हें घुसपैठिया कहा जा रहा है। उन्होंने चुनाव को जनता के अस्तित्व और बंगाल की पहचान की लड़ाई करार दिया।





## कैमरे की नजर में तीन राज्यों के चुनाव

गुरुवार को असम, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान सम्पन्न हो गया। देखिए कुछ झलकियां।



असम : गुवाहाटी के एक पोलिंग बूथ पर वोट डालने के बाद पत्नी रिंकी भुईयां और बच्चों के साथ मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा।



असम : गुवाहाटी के एक पोलिंग बूथ पर वोट डालने के लिए उमड़े लोग।



पुडुचेरी : उपराज्यपाल कुनियिल कैलाशनाथन बूथ पर वोट डालने के बाद उंगली दिखाते हुए।



पुडुचेरी : राज्य में पोलिंग के दिन आदर्श मतदान केन्द्र पर वोटरों का स्वागत रोबोट ने किया। रोबोट संचालित करता एक युवक।



केरल : विधानसभा चुनाव में तिरुवनन्तपुरम में एक मतदान केन्द्र पर वोट डालने पहुंचे कांग्रेस नेता शशि थरूर।



केरल : राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, पोलिंग बूथ पर वोट डालने के बाद उंगली पर निशान दिखाते हुए।

# निष्पक्ष चुनाव के लिए मुख्य सचिव और डीजीपी का तबादला: पलानीस्वामी

**चेन्नई, एजेंसी**

ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) प्रमुख एडप्पाडी. के. पलानीस्वामी ने गुरुवार को तमिलनाडु के मुख्य सचिव और डीजीपी के तबादले के निर्वाचन आयोग के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि यह कदम राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया था। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन द्वारा आठ अप्रैल को किए गए तबादलों के विरोध पर सवाल उठाते हुए उन्होंने पूछा कि अधिकारियों के तबादलों से उन्हें क्या समस्या है? उन्होंने कहा कि ये अधिकारी इतने लंबे समय से द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार के साथ हैं और चुनाव के दौरान उनका तबादला करने में कुछ भी गलत नहीं था। पलानीस्वामी ने कहा-द्रमुक को लगता है कि वह अधिकारियों पर निर्भर है, लेकिन हम जीत के लिए जनता पर निर्भर हैं। अगर किसी और को नियुक्त किया जाता है तो उन्हें क्या परेशानी है? यह टिप्पणी उन्होंने उस समय की, जब पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के उस बयान का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि चुनाव के दौरान भाजपा शासित राज्यों में इस तरह के तबादले नहीं किए गए। पलानीस्वामी ने शहर में अपने चुनाव प्रचार के दौरान पत्रकारों से कहा-निर्वाचन आयोग चाहता है कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हों। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को तमिलनाडु के मुख्य सचिव एन मुरुगनंदम के तबादले किया और उनकी जगह वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एम साई कुमार को तत्काल प्रभाव से नियुक्त किया। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव के तबादले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए निर्वाचन आयोग के इस कदम को एकतरफा और राजनीतिक हस्तक्षेप करार दिया।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### जरूरत के वक्त साथ नहीं दिया, नाटो पर फिर बरसे ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो महासचिव मार्क रुटे के साथ बंद कमरे में हुई बैठक के बाद सैन्य गठबंधन की पुनः आलोचना करते हुए दोहराया कि जरूरत के समय नाटो अमेरिका के साथ नहीं था। बैठक के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर कैपिटल अक्षरों में लिखा, नाटो हमारे साथ नहीं था जब हमें उसकी जरूरत थी और आगे जरूरत पड़ने पर भी नहीं होगा। व्हाइट हाउस ने इस पर तत्काल कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि ट्रंप नाटो से अलग होने के मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं। ट्रंप और रुटे के बीच यह बैठक अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम पर सहमति के ऐन बाद हुई।

### पाकिस्तानी नागरिक यहूदी केंद्र पर हमले की साजिश का दोषी करार

**न्यूयॉर्क।** एक पाकिस्तानी नागरिक ने 2024 में न्यूयॉर्क के एक यहूदी केंद्र पर आईएसआईएस से प्रेरित हमले की साजिश रचने के मामले में जुर्म स्वीकार किया है। मुहम्मद शाहजेब खान नाम के 21 वर्षीय इस शख्स ने अमेरिका में घुसने और ब्रुकलिन स्थित एक प्रमुख यहूदी धार्मिक केंद्र पर स्वचालित हथियारों से गोलीबारी करने की साजिश रची थी। शाहजेब ने बुधवार को अमेरिकी जिला न्यायाधीश पॉल गार्डेफे के समक्ष अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद से जुड़े अपराध के आरोप में दोष स्वीकार किया, जिसके लिए अधिकतम सजा आजीवन कारावास है। सजा अगस्त में सुनाई जाएगी। शाहजेब कनाडा में रह रहा था।

### दिल्ली विधानसभा समेत कई इमारतों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा समेत कई सरकारी कार्यालयों को बृहस्पतिवार को बम से उड़ाने की धमकी संबंधी ईमेल मिले जिसके बाद राष्ट्रीय राजधानी में प्रमुख सरकारी प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक सुरक्षा जांच शुरू की गई है। यह ईमेल सुबह 8.14 बजे विधानसभा और दिल्ली सरकार के कार्यालयों से जुड़ी ईमेल आईडी सहित कई आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजे गए। इसमें अलग-अलग समय पर विधानसभा, सचिवालय, स्कूलों और मेट्रो स्टेशन पर विस्फोटों की धमकी दी गई थी। दिल्ली पुलिस ने बम निरोधक दस्तों के साथ इन स्थानों की जांच शुरू की।

# ईरान युद्ध के कारण वैश्विक खाद्य कीमतों में वृद्धि का खतरा

## आईएमएफ, विश्व बैंक और डब्ल्यूएफपी ने जारी की चेतावनी, कहा- दुनिया में कमजोर लोगों पर पड़ेगा इसका सबसे ज्यादा असर

वाशिंगटन, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), विश्व बैंक और विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने चेतावनी जारी की है कि पश्चिम एशिया में युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों में जो सबसे बड़ा व्यवधान पैदा किया है, उससे खाद्य कीमतों और खाद्य सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ेगा। तीनों संस्थाओं के प्रमुखों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि बढ़ती खाद्य कीमतों का सबसे अधिक भार दुनिया की कमजोर आबादी पर पड़ेगा।

संस्थाओं ने कहा, तेल, गैस और उर्वरक की कीमतों में तेज वृद्धि, साथ ही परिवहन बाधाओं के कारण खाद्य कीमतों और खाद्य असुरक्षा में वृद्धि अवश्य होगी। उन्होंने कहा कि वे इस स्थिति की गहन निगरानी करेंगे और संकट से प्रभावित लोगों का समर्थन करने के लिए उपलब्ध सभी संसाधनों का समन्वय करेंगे। बयान में यह भी कहा गया कि विशेष रूप से कम आय वाले और आयात निर्भर देशों में, ईंधन और खाद्य कीमतों में वृद्धि सरकारों की सीमित वित्तीय क्षमता के कारण कमजोर घरों पर सबसे अधिक प्रभाव डालेगी। तीनों संस्थाओं ने आश्वासन दिया कि वे जीवन और आजीविका की रक्षा, और स्थिरता, विकास और रोजगार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दीर्घकालिक पुनर्प्राप्ति के लिए समर्थन जारी रखेंगी। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका और ईरान दो सप्ताह का युद्धविराम समझौता किया है। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया था क्योंकि उसने अपने परमाणु ईंधन के भंडार छोड़ने से इन्कार कर दिया था।



न्यूयॉर्क में बृहस्पतिवार को सैकड़ों लोगों ने ईरान और लेबनान के खिलाफ युद्ध के विरोध में प्रदर्शन किया।

### यूनान के प्रधानमंत्री ने ने कहा- होर्मुज पार करने को ईरान को पैसे देना स्वीकार नहीं करेगी दुनिया



**वाशिंगटन।** यूनान के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के गुजरने के लिए ईरान को भुगतान करना स्वीकार नहीं करेगा। मित्सोताकिस ने जोर दिया कि होर्मुज को पार करने के लिए भुगतान संबंधी अमेरिका-ईरान समझौता नौवहन की स्वतंत्रता के लिए खतरनाक मिसाल साबित होगा। उन्होंने कहा कि लेबनान में संघर्ष विराम, ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच शांति समझौते का एक हिस्सा बनना चाहिए। गौरतलब है कि ट्रंप ने मंगलवार रात ईरान के साथ दो सप्ताह के संघर्ष विराम की घोषणा करते हुए आश्वासन दिया था कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने पर सहमत हो गया है।

### होर्मुज में ट्रांजिट टोल लगने की संभावना से तेल कंपनियां भी नाराज

**वाशिंगटन।** तेल कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों ने व्हाइट हाउस से संपर्क कर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए ईरान की ओर से संभावित शुल्क (ट्रांजिट टोल) लगाए जाने की चर्चाओं पर चिंता जताई है। रिपोर्टों के अनुसार तेल कंपनियों के अधिकारियों ने व्हाइट हाउस, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से अपील की है कि वे शांति वार्ता की शर्त के रूप में ईरान को इस रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हॉर्मुज से गुजरने के लिए शुल्क लेने की अनुमति देने का विरोध करें। तेल उद्योग के प्रतिनिधियों ने बुधवार सुबह अमेरिकी विदेश विभाग में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें अपनी चिंताओं से अवगत कराया।

### हिजबुल्ला ने खाई इजराइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की कसम

**मास्को।** लेबनान पर इजराइली हवाई हमलों में 254 लोगों के मारे जाने और 1,165 घायल होने के बाद लेबनानी आंदोलन हिजबुल्ला ने कहा कि इजराइल की लेबनान पर बमबारी उसे जवाबी कार्रवाई का अधिकार देती है। तुर्किये के विदेश मंत्रालय ने कहा, हम लेबनान पर इजराइल के बढ़ते हमलों की कड़ी निंदा करते हैं जिनके परिणामस्वरूप भारी जानमाल का नुकसान हुआ है। ये हमले देश में मानवीय स्थिति को और बदतर बना रहे हैं। मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र में घोषित युद्धविराम के बावजूद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू शांति एवं स्थिरता स्थापित करने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों को लगातार कमजोर कर रहे हैं।

### पाकिस्तान में वार्ता पर अभी संदेह के बादल

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच युद्धविराम वार्ता में नया संकट पैदा हो गया है। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमिरी मोघम ने गुरुवार को इस्लामाबाद में होने वाली शांति वार्ता के संदर्भ में की गई अपनी सोशल मीडिया पोस्ट हटा दी है। मोघम ने पहले पोस्ट किया था कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल गुरुवार रात इस्लामाबाद पहुंचेगा। पोस्ट में यह भी कहा गया था कि यह दौरा ईरानी जनता के बीच व्याप्त संदेह के बावजूद हो रहा है, क्योंकि इजराइल द्वारा लगातार युद्धविराम का उल्लंघन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य कूटनीतिक पहल को विफल करना है।

### अमेरिका-इजराइल पर युद्धविराम के बाद भी जारी रहेंगे साइबर हमले

- अमेरिकी विशेषज्ञों ने दी ईरानी हैकर्स की इस धमकी को गंभीरता से लेने की चेतावनी

**वाशिंगटन।** ईरान से संबद्ध हैकर समूहों ने संकेत दिया है कि ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच अस्थिर युद्धविराम लंबे समय तक उनके जवाबी साइबर हमलों को नहीं रोक पाएगा। अमेरिकी साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों ने इस चेतावनी को गंभीरता से लेने की सलाह दी है।

हंदाला नामक एक प्रमुख हैकर समूह ने युद्धविराम की घोषणा के बाद कहा कि वह अमेरिका पर हमलों को अस्थायी रूप से टाल रहा है, लेकिन इजराइल को निशाना बनाना जारी रखेगा। समूह ने यह भी कहा कि उचित समय आने पर वह अमेरिका के खिलाफ अपनी गतिविधियां फिर शुरू करेगा। फिलिस्तीन और ईरान समर्थक हंदाला नेटवर्क ने अमेरिकी चिकित्सा उपकरण विनिर्माता स्ट्राइकर के कामकाज में बाधा डालने और एफबीआई निदेशक काश पटेल के निजी ईमेल खाते में सेंध लगाने सहित कई साइबर हमलों की जिम्मेदारी ली है। यह समूह ईरान से जुड़े कई प्रॉक्सी हैकर नेटवर्क में से एक है और तेहरान से स्वतंत्र रूप से काम करता है।

#### काश पटेल का ईमेल खाता कर चुके हैं हैक

फिलिस्तीन और ईरान समर्थक हंदाला नेटवर्क ने अमेरिकी चिकित्सा उपकरण विनिर्माता स्ट्राइकर के कामकाज में बाधा डालने और एफबीआई निदेशक काश पटेल के निजी ईमेल खाते में सेंध लगाने सहित कई साइबर हमलों की जिम्मेदारी ली है। यह समूह ईरान से जुड़े कई प्रॉक्सी हैकर नेटवर्क में से एक है और तेहरान से स्वतंत्र रूप से काम करता है। समूह ने एक्स पर लिखा, हमने यह युद्ध शुरू नहीं किया, लेकिन इसे खत्म हम ही करेंगे।

### बब्बर खालसा के गुर्गों से हैंड ग्रेनेड और आईईडी बरामद

**अमृतसर/ गुरदासपुर।** पंजाब में पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ संयुक्त अभियान में आईएसआई प्रायोजित बब्बर खालसा इंटरनेशनल आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है।इस मामले में गिरफ्तार किए गए दो गुर्गों से जिसमें पांच हैंड ग्रेनेड, दो डेटोनेटर, कोडर और डिकोडर के साथ पीटीटी टाइमर, आईईडी विस्फोटक और वॉकी-टॉकी बरामद किया गया है।

डीजीपी गौरव यादव के मुताबिक गिरफ्तार किए गए गुर्गों की पहचान आकाश मसीह और जब्लौन के रूप में हुई है, दोनों गुरदासपुर जिले के थाना घुमान कलां के अंतर्गत गांव दुल्ला नंगल के निवासी हैं और उनका आपराधिक इतिहास रहा है। यादव ने बताया कि इन दोनों गुर्गों से महत्वपूर्ण बरामदगी हुई है। इससे पता चलता है कि यह मॉड्यूल राज्य में बड़े आतंकी हमलों को अंजाम देने की तैयारी कर रहा था।

### मालदा में न्यायिक अधिकारियों के घेराव के मामले में 12 केस दर्ज

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एसआईआर से संबंधित कार्य के लिए तैनात न्यायिक अधिकारियों के घेराव के मामले में राज्य में चल रही चुनाव प्रक्रिया के बीच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की कार्रवाई जारी है। एनआईए ने इस मामले में 12 मामले दर्ज किए हैं। यह कार्रवाई उच्चतम न्यायालय की ओर से जारी निर्देशों के बाद की गई है।

बुधवार देर रात एजेंसी ने कहा कि उसने मालदा जिले के मोथाबारी पुलिस स्टेशन से सात और कालीचक पुलिस स्टेशन से पांच एफआईआर

#### एनआईए की कार्रवाई

अपने पास लेकर पुनः मामला दर्ज किया है। ये मामले सुप्रीम कोर्ट के छह अप्रैल के आदेश के अनुरूप न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा संबंधी घटनाओं से जुड़े हैं। एनआईए की टीमें पहले ही मालदा पहुंच चुकी हैं और विस्तृत जांच शुरू कर चुकी हैं। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने केंद्रीय एजेंसी को न्यायिक अधिकारियों के घेराव की जांच करने का निर्देश दिया और चिंता जताई थी कि ऐसी घटनाएं संस्थागत विश्वसनीयता को कम कर रही हैं।

## अमेरिका के साथ रक्षा उद्योग, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला संबंध गहरा करने के प्रयास

वाशिंगटन, एजेंसी

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारियों से यहां मुलाकात की तथा रक्षा एवं व्यापार संबंधों को और गहरा करने को लेकर उनके साथ चर्चा की। इस दौरान उन्होंने हिंद-प्रशांत और पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

अमेरिका की तीन दिन की यात्रा पर आए मिसरी ने अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के अवर सचिवों माइकल डफी और एल्ब्रिज कोल्बी तथा वाणिज्य मंत्रालय के अवर सचिवों जेफरी केसलर और विलियम किमिट से मुलाकात की। अमेरिका में भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, रक्षा क्षेत्र में भारत-अमेरिका के बीच आदान-प्रदान



- वाशिंगटन में वरिष्ठ अधिकारियों से मिले विदेश सचिव विक्रम मिसरी

की गति को बनाए रखते हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने युद्ध नीति मामलों के लिए अवर सचिव एल्ब्रिज कोल्बी के साथ पेंटागन में व्यापक बातचीत की जिसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र और पश्चिम एशिया में जारी घटनाक्रम पर चर्चा हुई। कोल्बी ने पिछले महीने भारत का दौरा किया था और नयी दिल्ली में भारत-अमेरिका रक्षा नीति समूह की बैठक के इतर मिसरी से मुलाकात की थी। मिसरी की रक्षा मंत्रालय में अधिग्रहण और अनुरक्षण के लिए अवर सचिव डफी के साथ भी पेंटागन में सार्थक बातचीत हुई।

भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा, विदेश सचिव विक्रम मिसरी की पेंटागन में अधिग्रहण और अनुरक्षण के लिए युद्ध विभाग के अवर सचिव माइक डफी के साथ सार्थक बातचीत हुई। दोनों पक्षों ने पिछले वर्ष हस्ताक्षरित द्विपक्षीय प्रमुख रक्षा साझेदारी के ढांचे में तय महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के अनुरूप भारत और अमेरिका के बीच रक्षा उद्योग, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला संबंधों को और गहरा करने के उपायों पर चर्चा की।

## मंदिर में वर्ग के आधार पर प्रवेश रोके जाने से हिंदू धर्म बुरी तरह प्रभावित होगा: शीर्ष कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को कहा कि यदि मंदिर और मठ पंथ तथा धर्म के भीतर के वर्गों के आधार पर प्रवेश पर रोक लगाते हैं तो इससे हिंदू धर्म बुरी तरह से प्रभावित होगा और समाज बंट जाएगा। नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने वरिष्ठ वकील सी एस वैद्यनाथन की दलीलों का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की।

वैद्यनाथन ने दलील दी थी कि संविधान का अनुच्छेद 26(बी) किसी धार्मिक संप्रदाय को अपने कामकाज का प्रबंधन करने का अधिकार देता है और इसे अनुच्छेद 25(2)(बी) पर वरीयता मिलेगी, जो सरकार को सभी सार्वजनिक हिंदू धार्मिक संस्थानों को आम लोगों के लिए खोलने का अधिकार देता है। वैद्यनाथन केरल के शबरिमला मंदिर के भगवान अयप्पा के भक्तों की ओर से शीर्ष अदालत में उपस्थित हुए। शीर्ष कोर्ट की



- शबरिमला मंदिर में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव पर सुनवाई

नौ सदस्यीय पीठ शबरिमला मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई तथा विभिन्न आस्थाओं के लोगों की धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे और विस्तार पर भी विचार कर रही थी।

वैद्यनाथन ने दलील दी कि किसी वर्ग विशेष का मंदिर अन्य व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति दे सकता है और उन्हें पूजा-अर्चना में शामिल कर सकता है या फिर वह इसे केवल अपने वर्ग तक ही सीमित रख सकता है। इस पर, न्यायमूर्ति नागरत्ना ने टिप्पणी की, एक आशंका है। अगर आप प्रवेश के अधिकार की बात करते हैं, खासकर वेंकटरमण देवरू मामले के संदर्भ में, जिसमें कहा गया था कि गौड़ सारस्वत ब्राह्मणों के अलावा किसी और को प्रवेश नहीं मिलेगा, तो इसका हिंदू धर्म पर नकारात्मक असर पड़ेगा।

उन्होंने कहा, प्रत्येक व्यक्ति को हर मंदिर और मठ में प्रवेश का अधिकार होना चाहिए। शबरिमला फैसले (2018) से जुड़े विवाद को एक तरफ रख दें। लेकिन अगर आप यह कहते हैं कि यह एक परंपरा है और यह धर्म का मामला है कि मैं दूसरों को बाहर रखूंगा और केवल मेरे वर्ग, मेरे संप्रदाय के लोग ही मंदिर में प्रवेश कर सकते हैं, कोई और नहीं, तो यह हिंदू धर्म के लिए अच्छा नहीं है। धर्म पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। यह उसके लिए नुकसानदायक ही साबित होगा। न्यायमूर्ति कुमार ने इस पर सहमति जताई।

### केंद्र की दलील... शबरिमला संबंधी फैसला पुरुषों के श्रेष्ठ होने की धारणा पर आधारित

**नई दिल्ली।** केंद्र ने केरल के शबरिमला मंदिर में विशेष आयुवर्ग की महिलाओं के प्रवेश पर पाबंदी का समर्थन करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट का 2018 का फैसला इस धारणा पर आधारित है कि पुरुष श्रेष्ठ हैं और महिलाओं का स्थान उनसे नीचे है। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ से कहा कि उन्होंने लिखित अभ्यावेदन दिया है और ऐसे उदाहरण पेश किए हैं जिनमें पुरुषों को मंदिरों में प्रवेश की अनुमति नहीं है। मेहता ने पीठ से कहा, यह देवी भगवती का मंदिर है, उससे कुछ आस्थाएं और मान्यताएं जुड़ी हैं। केरल में एक मंदिर है, मैंने उसके बारे में पढ़ा है, जहां पुरुष महिलाओं के वेश में जाते हैं। वे ब्यूटी पार्लर जाते हैं और परिवार की महिलाएं उन्हें साड़ी पहनने में मदद करती हैं। उन्होंने कहा, इसलिए यह पुरुष केंद्रित या महिला केंद्रित धार्मिक मान्यताओं का सवाल नहीं है। मौजूदा मामले में, यह महिला केंद्रित है।

### प्रीति सरन यूएन की अहम संस्था में नए कार्यकाल के लिए चुनी गईं

**न्यूयॉर्क।** वरिष्ठ राजनयिक प्रीति सरन को संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार समिति (सीईएससीआर) के लिए फिर से चुना गया है। उनका नया कार्यकाल 2027 से शुरू होगा और यह तीन साल का होगा।



जटिल वैश्विक सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों के बीच, इस वैश्विक संस्था का कुशल नेतृत्व करने में उनकी विशेषज्ञता को ध्यान में रखते हुए उन्हें समिति के लिए फिर से चुना गया है। राजदूत सरन वर्तमान में समिति की अध्यक्ष हैं। यह समिति आर्थिक और सामाजिक अधिकारों से जुड़े अंतरराष्ट्रीय समझौतों को सदस्य देशों द्वारा लागू किए जाने के तरीकों की निगरानी करती है।

समिति संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग के तहत संचालित होती है। भारतीय विदेश सेवा में अपने 36 वर्षों के शानदार करियर के दौरान, राजदूत सरन ने भारत में और एशिया, अफ्रीका, यूरोप तथा अमेरिका स्थित भारतीय मिशन में विभिन्न उच्च-स्तरीय पदों पर सेवा दी है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज का दिन उत्साह व निर्णय क्षमता से भरा रहेगा। धन संबंधी स्थितियां संतुलित रहेंगी। कार्यक्षेत्र में अटके हुए मामलों में गति आएगी।

**वृष** — आज का दिन मानसिक स्थिरता की मांग करता है। स्वास्थ्य पर थोड़ा ध्यान दें। किसी पुराने परिचित से लाभ का संकेत है।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। परिवार में कोई छोटा उत्सव हो सकता है। अचानक धन लाभ का भी संकेत है।

**कर्क** — आज भावनात्मक संतुलन बनाए रखें। किसी पुराने मित्र से चर्चा मन हल्का करेगी। नए अवसर मिलने के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — आज नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। व्यापार में विस्तार की संभावना है। सरकारी कार्यों में प्रगति होगी। अनावश्यक खर्च बढ़ सकता है।

**कन्या** — आज आप दक्षता व धैर्य के साथ कार्य करेंगे। कार्यालय में आपके सुझावों की सराहना होगी। किसी यात्रा के योग बन रहे हैं।

**तुला** — आज चंद्रमा के प्रभाव से दिन सकारात्मक रहेगा। मन प्रसन्न रहेगा और मित्रों से सहयोग मिलेगा। आय के नए अवसर मिलने के संकेत हैं।

**वृश्चिक** — आज कर्मठता बढ़ेगी और किसी बड़े निर्णय का समय निकट है। पारिवारिक स्तर पर कोई महत्वपूर्ण बात सामने आ सकती है।

**धनु** — आज भाग्य प्रबल रहेगा। चंद्रमा आपकी राशि में स्थित होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यापार में वृद्धि या नई जिम्मेदारी का योग है।


**मकर** — आज ऑफिस में आपके प्रयासों की प्रशंसा होगी। धन की बचत पर विशेष ध्यान दें। संध्या समय मन प्रसन्न होगा।

**कुंभ** — आज का दिन आपकी योजनाओं को गति देगा। नए लोगों से संपर्क लाभदायक सिद्ध हो सकता है। प्रेम संबंधों में सकारात्मकता आएगी।

**मीन** — आज आपको निवेश से लाभ होगा। नया काम शुरू करने का शुभ समय है। पुराने विवाद भी समाप्त हो सकते हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 10 अप्रैल, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी 23.15 तक तत्पश्चात नवमी।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- पूर्वाषाढ़ा 11.28 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

### सुडोकू - 114 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 8 | 7 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 |
| 5 | 3 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 9 | 1 | 7 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 8 | 2 | 3 | 9 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 7 | 4 | 2 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |

### सुडोकू -115

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | | 9 | | 2 |
| 8 | | 2 | | 1 | 5 | | | |
| | | | | 2 | | 8 | | 5 |
| | | 8 | | | 3 | | | |
| | | 1 | | | | 6 | | |
| 9 | | | 8 | | | 7 | | |
| | | 5 | | 9 | | | | |
| 3 | | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 2 | | 6 | | | | | 5 | |




# डिजिटल किडनैपिंग

## टेक कंपनियों में तैयार किया ऐसा नशा जो आपके दिमाग को मुक्त ही नहीं होने देता

**अक्सर ऐसा होता है कि आप बस एक जरूरी मैसेज चेक करने के लिए फोन उठाते हैं, लेकिन अचानक आधे घंटे बाद आपको एहसास होता है कि आप इंस्टाग्राम पर रील देख रहे थे या यूट्यूब पर अनजान वीडियो। यह कोई इत्तफाक नहीं है। दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनियां अरबों डॉलर खर्च करके ऐसे एल्गोरिदम बना रही हैं जो आपके दिमाग के डोपामाइन सिस्टम को कंट्रोल करते हैं।**

### असली खेल क्या है

**कंपनियां स्क्रीन पर बिताए आपके हर सेकंड से पैसा कमाती हैं, इसलिए उनका लक्ष्य आपको फोन से चिपकाए रखना है।**

**डोपामाइन लूप :** जब आप फोन पर कोई नोटिफिकेशन देखते हैं या लाइक मिलता है तो आपके दिमाग में डोपामाइन रिलीज होता है, जो खुशी महसूस कराता है। एआई जान जाता है कि आपको क्या कंटेंट दिखाकर यह नशा दिया जा सकता है।

**इनफिनिट स्क्रॉल :** फेसबुक या इंस्टाग्राम पर नीचे की तरफ खत्म न होने वाला पेज इसलिए बनाया गया है ताकि आपके दिमाग को रुकने और सोचने का मौका ही न मिले। यह ठीक वैसा ही है जैसे जुए की मशीन काम करती है।

**अटेंशन इकोनॉमी :** आज की दुनिया में आपका ध्यान सबसे महंगी मुद्रा है। इसे भुनाने के लिए एआई आपकी हर कमजोरी को ट्रैक करता है, चाहे वह गुस्सा दिलाने वाली खबरें हों या मनोरंजन ताकि आप स्क्रीन छोड़कर न जाएं।



### फैक्ट

क्या आप जानते हैं कि सिलिकॉन वैली के कई बड़े इंजीनियर, जिन्होंने लाइक बटन और स्क्रॉल फीचर बनाया, आज खुद अपने बच्चों को स्मार्टफोन से दूर रखते हैं। एक स्टडी के अनुसार, औसतन एक व्यक्ति दिन में 2,617 बार अपने फोन को टच करता है। डिजिटल डिटॉक्स करने वाले लोगों में फोकस करने की क्षमता सामान्य लोगों से 40% ज्यादा पाई गई है।

### आपके लिए जरूरी बातें

**डार्क पैटर्न्स :** वेबसाइट्स और एप्स ऐसे डिजाइन तैयार करते हैं जो आपको न चाहते हुए भी क्लिक करने पर मजबूर करते हैं। जैसे कि किसी सब्सक्रिप्शन को कैंसिल करने का बटन बहुत छोटा और गहरे रंग में छिपा देना, ताकि आप हार मानकर पैसे देते रहें।

**घोस्ट नोटिफिकेशन :** क्या कभी आपको महसूस हुआ कि आपकी जेब में फोन वाइब्रेट हुआ, लेकिन चेक करने पर कोई मैसेज नहीं था? इसे 'फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम' कहते हैं। कंपनियों के एल्गोरिदम ने हमारे दिमाग को इस कदर ट्रेन कर दिया है कि हम हर वक्त फोन की तरफ भागने के लिए बेचैन रहते हैं।

**चॉइस आर्किटेक्चर :** एआई आपको यह महसूस कराता है कि आप अपनी पसंद का वीडियो देख रहे हैं, लेकिन असल में वह आपको वही दिखा रहा होता है जो वह चाहता है। यूपी नेक्स्ट और ऑटो प्ले फीचर्स आपके निर्णय लेने की क्षमता को खत्म कर देते हैं।

#### स्लीप डिस्टर्बेंस और ब्लू लाइट

रात के समय फोन का इस्तेमाल न केवल आपकी आंखों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि एआई एल्गोरिदम रात 11 बजे के बाद आपको ज्यादा उत्तेजक कंटेंट दिखाते हैं क्योंकि उन्हें पता है कि इस समय आपका सेल्फ कंट्रोल सबसे कम होता है।

### एक्सपर्ट टिप्स

**ग्रे-स्केल मोड**
अपने फोन की सेटिंग्स में जाकर स्क्रीन को ब्लैक एंड व्हाइट कर दें। रंगीन-चमकीले आइकन दिमाग को ज्यादा आकर्षित करते हैं, ब्लैक एंड व्हाइट स्क्रीन फोन को नीरस बना देती है जिससे आप कम इस्तेमाल करेंगे।

**नोटिफिकेशन फिल्टर**
केवल जरूरी एप्स जैसे कॉल या वर्क मैसेज के नोटिफिकेशन ऑन रखें। सोशल मीडिया के लाइक-कमेंट के नोटिफिकेशन बंद करें।

**बेडरूम को नो फोन जोन बनाएं**
रात को सोते समय फोन को सिरहाने रखने के बजाय दूसरे कमरे में चार्ज करें। अलार्म के लिए फोन नहीं, साधारण घड़ी का उपयोग करें।

**20 मिनट का नियम**
जब भी एप खोलने की तीव्र इच्छा हो, खुद को कहें कि मैं इसे 20 मिनट बाद देखूंगा। अक्सर वह इच्छा तब तक खत्म हो जाती है।

- भारत में एक औसत व्यक्ति दिन भर में लगभग 4.5 से 5 घंटे मोबाइल फोन पर बिताता है। भारतीय यूजर हर महीने औसतन 31 जीबी डेटा खर्च कर रहे हैं।
- किशोरों-युवाओं के मामले में यह समय 7 से 8 घंटे तक पहुंच जाता है। दुनिया भर में मोबाइल इस्तेमाल के मामले में भारत शीर्ष देशों की सूची में शामिल है।

**ये हैं स्वास्थ्य को नुकसान**

- लगातार मोबाइल का इस्तेमाल शरीर की बनावट और कार्यक्षमता को प्रभावित करता है।
- गर्दन झुकाकर लंबे समय फोन चलाने से रीढ़ व गर्दन की मांसपेशियों पर दबाव पड़ता है।
- नीली रोशनी के कारण आंखों में सूखापन, जलन, धुंधली दृष्टि और सिरदर्द की समस्या।



> मैं इंपैक्ट सब नियम को युवा खिलाड़ियों के लिए मौके के रूप में देखता हूं। कइयों को यह नियम पसंद नहीं है लेकिन अगर एक बल्लेबाज या गेंदबाज टीम में जुड़ता है तो अधिक जोखिम वाले फैसले लिये जा सकते हैं।
> –प्रभसिमरन सिंह


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

मुरादाबाद, शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

राजस्थान रॉयल्स
बनाम
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**समय** - शाम 7:30 बजे

# लखनऊ सुपर जाएंट्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 181 रनों पर रोका

## आईपीएल-2026 : बीच के ओवरों में विकेट गवांना मेजबानों को महंगा पड़ा

**कोलकाता, एजेंसी**

लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) ने बीच के ओवरों में अनुशासित गेंदबाजी करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मुकाबले में बृहस्पतिवार को चार विकेट पर 181 रन पर रोक दिया।

मौजूदा सत्र में पहली जीत की तलाश कर रही केकेआर की टीम शुरुआती 10 ओवर में एक विकेट पर 98 रन बनाकर मजबूत स्थिति में थी। कप्तान अजिंक्य रहाणे और शानदार लय में चल रहे अंगकृष रघुवंशी ने 52 गेंदों में 84 रन की साझेदारी की। सलामी बल्लेबाज फिन एलेन (नौ) के सस्ते में आउट होने के बाद भी टीम 200 के पार जाती दिख रही थी, लेकिन एलएसजी के गेंदबाजों ने स्पिन और सधी हुई तेज गेंदबाजी के मिश्रण से 11वें से 14वें ओवर के बीच पारी का रुख बदल दिया।

रहाणे (24 गेंदों पर चार चौके और दो छक्कों की मदद से 41 रन) को स्पिनर दिग्वेश राठी ने आउट किया। मोहम्मद शमी ने उनका शानदार कैच लपका। अगले ही ओवर में रघुवंशी (33 गेंदों पर पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 45 रन) को बाएं हाथ के स्पिनर मणिमारण सिद्धार्थ ने लॉन्ग-ऑन पर कैच कराया। इसके बाद आवेश खान ने दूसरे स्पैल में शानदार वापसी करते हुए रिंकू सिंह (चार) को आउट किया, जिससे केकेआर के बल्लेबाज 30 गेंदों तक बाउंड्री नहीं लगा सके और 15 ओवर में स्कोर चार विकेट पर सिर्फ 115 रन तक ही पहुंच सका।

रोवमैन पॉवेल (24 गेंदों पर चार चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 39 रन) और कैमरून ग्रीन (24 गेंदों पर तीन चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 32 रन) ने उपयोगी पारियां खेलकर टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। एलएसजी के गेंदबाजों में शमी सबसे प्रभावी रहे, जिन्होंने चार ओवर में नौ डॉट गेंदें डालीं और 27 रन खर्च किए। राठी (25 रन देकर एक विकेट) और सिद्धार्थ (34 रन पर एक विकेट) ने भी कसी हुई गेंदबाजी की। इससे पहले रहाणे ने आक्रामक शुरुआत की, जबकि रघुवंशी ने शानदार लय और संयम के साथ उनका अच्छा साथ निभाया। धीमी शुरुआत के बावजूद टीम पावरप्ले में एक विकेट पर 56 रन बनाने में सफल रही। शमी ने नई गेंद से केकेआर के बल्लेबाजों को परेशान किया, जिससे एलएसजी ने शुरुआती पांच ओवर में 18 डॉट गेंदें फेंकीं।



शॉट लगाते कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी। एजेंसी

**केकेआर**

**181/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का शमी बो राठी | 41 |
| फिन ऐलन का राठी बो प्रिंस | 09 |
| अंगकृष रघुवंशी का मारक्रम बो सिद्धार्थ | 45 |
| कैमरुन ग्रीन नाबाद | 32 |
| रिंकू सिंह बो आवेश | 04 |
| रोवमैन पोवेल नाबाद | 39 |

**अतिरिक्त :** 11, गेंदबाजी : शमी 4-0-27-0, प्रिंस 4-0-47-1, सिद्धार्थ 3-0-34-1, राठी 4-0-25-1, आवेश 4-0-44-1

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 2.403 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 3 | 2 | 0 | 1 | 5 | 0.637 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.501 |
| 4. | दिल्ली कैपिटल्स | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 0.811 |
| 5. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | 0.275 |
| 6. | गुजरात टाएटंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.270 |
| 7. | लखनऊ सुपर जाइटंस | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.542 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.715 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 3 | 0 | 2 | 1 | 1 | -1.964 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -2.517 |

**ऑरेंज कैप**



यशस्वी जायसवाल
राजस्थान-170 रन
समीर रिजवी
दिल्ली - 160 रन
हेनरिच क्लासेन
हैदराबाद - 145 रन

**पर्पल कैप**



रवि विश्नोई
राजस्थान- 7 विकेट
प्रसिद्ध कृष्णा
गुजरात - 6 विकेट
राशिद खान
गुजरात- 5 विकेट

**हाईलाइट**

### भारत के सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर गोपीनाथ का निधन

**चेन्नई।** टेस्ट में भारत की पहली जीत दर्ज करने वाली टीम के सदस्य रहे देश के सबसे उम्रदराज अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर सीडी गोपीनाथ का 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया। गोपीनाथ ऑस्ट्रेलिया के महान नील हार्वी (97) के बाद दुनिया के दूसरे सबसे उम्रदराज क्रिकेटर थे। उनके निधन के बाद मुंबई के 95 वर्षीय चंद्रकांत पाटणकर अब देश के सबसे उम्रदराज क्रिकेटर बन गए हैं। पाटणकर ने 1955 में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक टेस्ट खेला था।

### आयुष क्वार्टर फाइनल में, सिंधु और प्रणय हारे



**निंगबो।** भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप में पुरूष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए लेकिन पी वी सिंधू महिला एकल में हारकर बाहर हो गई। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज आयुष ने 20वीं रैंकिंग वाले चीनी ताइपै के चि यू जेन को 21.6, 21.12 से हराया। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से होगा। भारत के बाकी खिलाड़ियों के लिये बृहस्पतिवार का दिन निराशाजनक रहा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की वांग झियि ने 46 मिनट तक चले मुकाबले में 21.18, 21.8 से हराया। कंधे की चोट से उबरकर वापसी करने वाले एच एस प्रणय को चीन के वेंग होंग यांग ने 21.12, 21.19 से मात दी।

### वैष्णवी व सहजा की हार, इंडोनेशिया का अजेय बढ़त

**नई दिल्ली।** वैष्णवी अडकर और सहजा यमलापल्ली की एकल मुकाबलों में हार से बिली जीन किंग कप के एशिया-ओशियाना ग्रुप-एक मुकाबले में बृहस्पतिवार को यहां इंडोनेशिया ने भारत पर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। वैष्णवी ने प्रिस्का मेडेलिन नुग्रोहो को कड़ी चुनौती दी, लेकिन उन्हें दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा, जबकि सहजा विश्व रैंकिंग में 41वें स्थान पर काबिज जेनिस ट्येन के सामने सहज नहीं दिखी। विश्व रैंकिंग में 391वें पायदान पर काबिज पुणे की 21 वर्षीय वैष्णवी ने मुकाबले में पूरा दमखम दिखाया, लेकिन 419वीं रैंकिंग वाली प्रिस्का की चुनौती से पार नहीं पा सकीं। वह डीएलटीए स्टेडियम में तीन घंटे छह मिनट तक चले मुकाबले में 7-6 (3), 6-7 (3), 3-6 से हार गईं।

### वानखेड़े में शास्त्री स्टैंड का अनावरण, इडुल्जी व सरदेसाई सम्मानित

**मुंबई।** भारत के पूर्व ऑलराउंडर रवि शास्त्री के नाम पर वानखेड़े स्टेडियम में बृहस्पतिवार को यहां एक स्टैंड का अनावरण किया गया। इस मौके पर मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने डायना इडुल्जी, एकनाथ सोलकर और दिलीप सरदेसाई जैसे अपने अन्य दिग्गज खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। 'शास्त्री स्टैंड' का अनावरण एक समारोह में किया गया जिसमें सुनील गावस्कर मौजूद थे। वानखेड़े स्टेडियम के गेट का नाम भारत की पूर्व कप्तान इडुल्जी, भारत के पूर्व ऑलराउंडर सोलकर और सरदेसाई के नाम पर रखा गया। भारत के पूर्व मुख्य कोच शास्त्री वानखेड़े में अपने भाषण के दौरान काफी भावुक नजर आए। शास्त्री ने कहा मेरी पत्नी यहां है, मेरी बेटी यहां है, उसने मुझे कभी खेलते हुए नहीं देखा... मेरी बहन वहां है, मेरा भतीजा वहां है, हर कोई मौजूद है। मुझे खुशी है, बस एक ही बात का दुख है - मेरे पिता। वह मेरे हीरो थे लेकिन आज वह यहां मौजूद नहीं हैं।

## कोनोली को टाइमिंग और लय पर भरोसा

- पावर हिटिंग के दौर में पंजाब किंग्स के बल्लेबाज ने संयमित पारी खेल सभी को किया प्रभावित

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

टी20 क्रिकेट में पावर हिटिंग (ताकत वाले शॉट) के इस दौर में पंजाब किंग्स के बल्लेबाज कूपर कोनोली सफलता के लिए टाइमिंग, लय और आत्मविश्वास पर भरोसा करते हैं। ऑस्ट्रेलिया के इस 22 साल के खिलाड़ी ने अपने आईपीएल पदार्पण पर 44 गेंदों पर नाबाद 72 रन की संयमित पारी खेलकर प्रभावित किया।

उनकी इस पारी से पंजाब किंग्स को गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुरुआती मैच में तीन विकेट से जीत मिली। इस पारी ने उनके इस विश्वास को मजबूत किया कि क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में दबदबा बनाने के लिए सिर्फ पावर हिटिंग ही जरूरी नहीं है। हर खिलाड़ी की अपनी ताकत होती है और मैं अपनी उन्हीं खूबियों पर कायम रहना चाहता हूं, जिन्होंने अब तक मुझे सफलता दिलाई है। कोनोली ने में कहा बेशक, टी20 क्रिकेट में ताकत (पावर) एक बड़ा हिस्सा बनती जा रही है, लेकिन इसके अलावा भी कई तरीके हैं और मैं उन्हें समझने और सीखने की कोशिश करूंगा। अपनी मौजूदा शैली में सहज कोनोली मानते हैं कि लय पर आधारित उनका खेल उन्हें टीम के लिए सबसे प्रभावी योगदान देने में मदद करता है।

## टी-20 में नौ विकेट लेकर कार्डोसा ने रचा इतिहास

**ब्रासीलिया, एजेंसी**





ब्राजील की तेज गेंदबाज लॉरा कारडोसो ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया जब वह पुरुषों या महिलाओं के टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक ही पारी में नौ विकेट लेने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं।

कारडोसो ने लेसोथो के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए चार रन देकर नौ विकेट चटकाए जो टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े है। उन्होंने गैबोरोन में बोत्सवाना क्रिकेट संघ ओवल दो मैदान पर बीसीए कालाहारी महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में यह उपलब्धि हासिल की। पिछला रिकॉर्ड भूटान की सोनम येशे के नाम था जिन्होंने 2025 में पुरुषों के टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में म्यांमार के खिलाफ सात रन देकर आठ विकेट लिए थे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार महिलाओं के टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में कारडोसो ने इंडोनेशिया की रोहमालिया के 2024 में मंगोलिया के खिलाफ बिना रन के सात विकेट चटकाने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। बृहस्पतिवार को हुए मैच में ब्राजील ने रॉबर्टा एवरी (35 गेंद पर 48 रन) और मोनिके मचाडो (41 गेंद पर नाबाद 69 रन) की शानदार पारियों की मदद से 202 रन का बड़ा स्कोर बनाया। इसके जवाब में लेसोथो की टीम 6.2 ओवर में सिर्फ 13 रन पर सिमट गई।


# आरसीबी-रॉयल्स मैच में नजरें शीर्षक्रम के बल्लेबाजों पर

**गुवाहाटी, एजेंसी**

यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी से मिल रही आक्रामक शुरुआत के साथ राजस्थान रॉयल्स शुक्रवार को यहां गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आईपीएल के मैच में अपना दबदबा कायम रखना चाहेगी जबकि आरसीबी की उम्मीदें फॉर्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल पर टिकी होंगी।

दो साल पहले टी20 क्रिकेट से विदा लेने के बावजूद आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के प्रदर्शन में कमी नहीं आई है। उनके मार्गदर्शन में आरसीबी ने संतुलित शीर्षक्रम तैयार कर लिया है और पिछले मैच में फिल साल्ट ने भी उम्दा पारी खेली थी। तीसरे नंबर पर उतर रहे पडिक्कल ने घरेलू क्रिकेट का अपना फॉर्म कायम रखते हुए संतुलित आक्रामकता के साथ बल्लेबाजी की है।

आईपीएल में अपने पदार्पण सत्र में आरसीबी के लिए 473 रन बनाने वाले पडिक्कल बाद में राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के साथ उस सफलता को दोहरा नहीं सके थे। पिछले सत्र में वह आरसीबी में लौटे और पहली बार उसे आईपीएल खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस सत्र में भी उन्होंने पहले चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 29 गेंद में 50 और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 26 गेंद में 61 रन बनाए। कप्तान रजत पाटीदार और आस्ट्रेलिया के टिम डेविड मध्यक्रम को मजबूती देते हैं। आरसीबी के गेंदबाजों ने भी इस सत्र में प्रभावित किया है। जैकब डफी ने जोश हेजलवुड की कमी पूरी की है तो बीच के ओवरों में कृणाल पंड्या और सुयश शर्मा ने रन रोके हैं।



अभ्यास सत्र के दौरान राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी। एजेंसी

**टीम**

**राजस्थान रॉयल्स :** रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रवींद्र जड़ेजा, एडम मिल्ने, ब्रिजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), अभिनंदन सिंह, भुवनेश्वर कुमार, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, विराट कोहली, वेंकटेश अय्यर, मंगेश यादव, कनिष्क चौहान, विहान मल्होत्रा, विक्की ओस्तवाल, सात्विक देसवाल।

### सूर्यवंशी असली सुपरस्टार बन सकते हैं : स्मिथ

**नई दिल्ली :** बेहद प्रतिभावान वैभव सूर्यवंशी के प्रशंसकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और अब दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ग्रीम स्मिथ ने आईपीएल 2026 में उनके प्रदर्शन के बाद 15 साल के इस भारतीय खिलाड़ी को 'असली सुपरस्टार' बताया है। सूर्यवंशी ने मंगलवार को बारिश से बाधित मैच में राजस्थान रॉयल्स की मुंबई इंडियंस पर 27 रन की जीत के दौरान दुनिया के सबसे अच्छे टी20 गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की पहली ही गेंद पर छक्का लगाया। इस युवा खिलाड़ी ने 14 गेंद में 39 रन की पारी के दौरान बुमराह के ओवर में दो छक्के जड़े। स्मिथ ने अपने ब्लॉग में लिखा आईपीएल ठीक वैसे ही शुरू हुआ है जैसा मैंने सोचा था, सपाट पिचों और बड़े स्कोर वाले मुकाबलों के साथ। हमेशा की तरह यह देखना दिलचस्प होगा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे पुराने सुपरस्टार कैसा प्रदर्शन करते हैं लेकिन मुझे लगता है कि राजस्थान रॉयल्स के युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी पर शुरुआती कुछ हफ्तों में नजर रखनी होगी।

**लिया पक्ष**

**गुजरात टाइटंस के खिलाफ एक रन न लेने की हो रही आलोचना, मुकाबले में दिल्ली ने गंवा दिया था मैच**

# डेविड मिलर की मंशा में खोट नहीं निकाल सकते : गावस्कर

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के रोमांचक मैच में एक रन लेने से इनकार करने वाले दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज डेविड मिलर का बचाव करते हुए कहा कि उनकी मंशा में कमी नहीं निकाल सकते।


जीत के लिए 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली को दो गेंद में दो रन की जरूरत थी लेकिन आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर मिलर ने एक रन लेने से इनकार कर दिया। वह आखिरी गेंद पर चूके लेकिन एक रन के लिये भागे लेकिन जोस बटलर के थ्रो पर कुलदीप यादव रन आउट हो गए। गावस्कर ने ''जियो हाटस्टार'' से कहा डेविड मिलर बहुत अच्छा खेल रहा था और उसे खुद पर भरोसा था कि वह मैच फिनिश करेगा। उसकी मंशा में कमी नहीं निकाल सकते।

प्रसिद्ध कृष्णा ने एक शानदार धीमा बाउंसर डाला जिसे वह खेल नहीं सका। दबाव के हालात में ऐसा हो जाता है। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने गावस्कर ने कहा कि दबाव के हालात में मैच की स्थिति को लेकर चौकस रहना काफी अहम है जो भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 1986 में टाई रहे मैच में दिखाई थी। चेन्नई में उस मैच में भारत 348 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहा था। शास्त्री ने नाबाद 48 रन बनाये और सही समय पर एक रन लेकर भारत को 347 रन तक पहुंचाया जबकि आखिरी गेंद पर मनिंदर सिंह आउट हो गए। वह मैच ड्रॉ रहा। गावस्कर ने कहा इसी समय पर मैच के हालात को लेकर जागरूक रहना जरूरी है। मुझे इससे रवि शास्त्री का वह एक रन याद आता है जो 1986 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसने सही समय पर लेकर स्कोर बराबर कर दिया था।

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान की तारीफ की जिन्होंने गुजरात के लिये चार ओवर में 17 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने कहा राशिद खान ने जबर्दस्त गेंदबाजी की। लेकिन एक ईकाई के रूप में गुजरात की गेंदबाजी उतनी अच्छी नहीं थी लेकिन खेल में ऐसा होता है।

### अक्षर ने शांति बनाए रखने का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने गुजरात टाइटंस के हाथों एक रन की दिल तोड़ने वाली हार के बाद अपनी टीम से शांत रहने और अपना हौसला बनाए रखने की अपील की। अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को मैच के बाद फ्रेंचाइजी द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में, अक्षर ने ड्रेसिंग रूम में अपने साथियों को संबोधित करते हुए, इस करीबी हार के बावजूद सकारात्मक बने रहने का आग्रह किया। अक्षर ने साथियों से कहा सीजन की शुरुआत में, मैंने कहा था, आप जानते हैं, अपनी भावनाओं पर काबू रखें और किसी भी स्थिति में शांत रहें। सभी, आप जानते हैं, दुखी हैं, बुरा महसूस कर रहे हैं। हम फिर भी मुस्कुरा सकते हैं, यह ठीक है। यह एक लंबा टूर्नामेंट है। मुझे लगता है कि अगर उसने वे छक्के नहीं मारे होते, तो मुझे नहीं लगता कि हम, आप जानते हैं, खेल में बने रहते। हम चेन्नई जाएंगे और फिर से शुरुआत करेंगे।





# प्रीति, मीनाक्षी, प्रिया और अरुंधति ने जीते स्वर्ण पदक

**एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप**

**उलानबटोर (मंगोलिया), एजेंसी**

मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा और प्रीति पवार की अगुवाई में भारत की चार महिला मुक्केबाजों ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में जीत के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

मीनाक्षी (48 किलोग्राम) और एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति (54 किलोग्राम) के साथ प्रिया घंघास (60 किलोग्राम) और विश्व मुक्केबाजी कप की स्वर्ण पदक विजेता अरुंधति चौधरी (70 किलोग्राम) ने शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत को हालांकि सबसे बड़ा झटका 57 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में लगा, जहां मौजूदा विश्व चैंपियन जैस्मीन लंबोरिया को थाईलैंड की दो बार की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता पुनरावी रुएनरोस से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की अल्फिया पठान (80 किलोग्राम से अधिक) ने भी रजत पदक हासिल किया। चैंपियनशिप में अपने एकमात्र मुकाबले में उन्हें कजाकिस्तान की दीना इस्लम्बेकोवा से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदकों के साथ कुल 10 पदक जीते।



पदकों के साथ भारतीय मुक्केबाज। एजेंसी